सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-285 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
11 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



मोदी सरकार ने पंजाब-हरियाणा समेत आंध्र-तमिलनाडु को दी बड़ी सौगात

# जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी

- तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण को भी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाईपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है। इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने जीरकपुर बाईपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है।

वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है। वर्तमान प्रस्ताव का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना और NH-7, NH-5 और NH-152 के भीड़भाड़ वाले शहरी खंड में परेशानी मुक्त यातायात सुनिश्चित करना है। दक्षिण भारत से जुड़ी विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए, वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है।

### कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन के सुधार के लिए कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए 1600 करोड़ रुपये का आरंभिक बजट रखा गया है, जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना है।

गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

# वक्फ बिल संविधान पर हमला : राहुल



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन चल रहा है। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। राहुल ने कहा है कि वक्फ बिल संविधान पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत में महात्मा गांधी और सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, 100 साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। 150 साल पहले सरदार पटेल का जन्म हुआ था। गांधीजी, सरदार पटेल ये कांग्रेस पार्टी की नींव हैं। अभी अजय लल्लू ने कहा कि मैं पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों के लिए काम कर रहा हूं। राहुल गांधी ने अपने बचपन का किस्सा सुनाते हुए बताया कि मैंने एक बार अपनी दादी इंदिरा गांधी से एक बार एक सवाल पूछा कि दादी मरने के बाद आपके बारे में लोगों को क्या कहना चाहिए? इंदिरा गांधी ने जवाब दिया कि राहुल, मैं अपना काम करती हूं। मरने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचें, क्या न सोचें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ अपने काम में दिलचस्पी रखती हूं। अगर पूरी दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर है। यही मेरी भी सोच है। राहुल गांधी ने कहा कि, तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए... मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी मिलती है।

# तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत भेजा गया

- पाक का नापाक चेहरा होगा उजागर
- 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की वापसी से होंगे खुलासे



**नई दिल्ली।** मुंबई में हुए 26/11 आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को जल्द ही अमेरिका से भारत लाया जा सकता है। भारतीय जांच एजेंसियों का मानना है कि उसकी वापसी से इस भयावह आतंकी हमले में पाकिस्तान के सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का पर्दाफाश हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, राणा अमेरिका में अपनी सभी कानूनी अपीलें हार चुका है और अब उसकी भारत को प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भारत की एक मल्टी-एजेंसी टीम पहले ही अमेरिका पहुंच चुकी है ताकि उसे भारत लाया जा सके। आरोपी तहव्वुर राणा ने अमेरिका की अदालतों में अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई बार अपील की। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उसकी अंतिम अपील खारिज कर दी। जस्टिस एलेना केगन और फिर चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स की अदालत में उसकी अर्जी अस्वीकार कर दी। इसका मतलब है कि अब राणा को भारत लाने में कोई कानूनी अड़चन नहीं बची है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तहव्वुर राणा को 26/11 हमलों के सह-साजिशकर्ता के रूप में चार्जशीट किया है। आरोप है कि उसने डेविड हेडली को भारत में ठहरने और घूमने के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया। मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, आगरा, हापुड़ और अहमदाबाद में उसके साथ यात्रा की। चाबड़ हाउस और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज जैसे ठिकानों की रेकी में मदद की। आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी-इस्लामी (एचयूजेआई) से संबंध बनाए रखे।

लखनऊ में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' का आयोजन

# यूपी जैन तीर्थकरों की पवित्र भूमि : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थकरों की पावन भूमि रही है। अयोध्या में भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ, जो अयोध्या के राजा थे। अयोध्या में ही 5 तीर्थंकरों ने जन्म लिया। वहीं, काशी की धरती पर भी तीर्थंकर का जन्म हुआ है। हमारे तीर्थंकरों ने यहीं से धर्म और साधना की परंपरा को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। शांति, ऊर्जा, सकारात्मकता और विश्व कल्याण के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (JITO) की तरफ से किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए गए प्रेरणादायक संदेश का भी उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक जीवन में नमोकार महामंत्र को उतारने के लिए 9 संकल्प बताए हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं और जैन धर्म की अहिंसा और परोपकार की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने नमोकार महामंत्र के महत्व को बताते हुए कहा कि यह महामंत्र भौतिक, दैवीय और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के दुखों से मुक्ति दिलाने का साधन है। साधना, आत्मशुद्धि और लोक कल्याण की भावना से जुड़कर व्यक्ति न केवल स्वयं का कल्याण करता है, बल्कि समाज और दुनिया के लिए भी प्रेरणा बनता है।

### 24 तीर्थंकरों का जीवन बना प्रेरणा का मार्ग

सीएम योगी ने कहा कि सभी 24 तीर्थंकरों का जीवन लोककल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने अपने उपदेशों और साधना के माध्यम से जीवन जीने की एक उच्च परंपरा स्थापित की। जैन धर्म की ये शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। हर भारतीय को उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### दुनिया भर में पहली बार एक साथ हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री योगी ने विश्व नमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहली बार पूरी दुनिया में विश्व नमोकार महामंत्र दिवस का एक साथ आयोजन कर जैन धर्म की शिक्षाओं को वैश्विक मंच पर स्थापित किया गया है। यह सभी के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी से जैन धर्म के उपदेशों को आत्मसात करने की अपील की।

### तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी समेत तीन को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर की अदालत ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री और वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, और उनके भाई संतोष सहनी के खिलाफ नोटिस जारी किया है। मुजफ्फरपुर की एडीजे प्रथम की अदालत ने इन तीनों नेताओं के खिलाफ सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है और सभी को 6 मई 2025 को सुबह 10.30 बजे व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया है। इस मामले की जानकारी भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दी है। यह मामला भारतीय सार्थक पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए चुनाव चिह्न नाव के कथित दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है। भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने 18 अप्रैल 2024 को मुजफ्फरपुर की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद दायर किया था।

# बैंकों से मिलने वाला कर्ज हो सकता है सस्ता

## आरबीआई ने दूसरी बार रेपो रेट घटाकर 6 प्रतिशत किया, लोन सस्ते होने से ईएमआई कम होगी



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। पहले ये 6.25 प्रतिशत थी। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। वहीं आपकी ईएमआई भी घटेगी। नए वित्त वर्ष में आरबीआई की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे दी। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। कमेटी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत करने के पक्ष में वोट किया। कमेटी ने अपना रुख न्यूट्रल से बदलकर अकोमोडेटिव करने का फैसला किया। ट्रेड फ्रिक्शन के कारण ग्लोबल ग्रोथ पर असर पड़ने से डोमेस्टिक ग्रोथ भी बाधित होगी। हायर टैरिफ का एक्सपोर्ट पर प्रभाव पड़ेगा। मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी में सुधार के संकेत हैं। क्रूड की कीमतों में गिरावट से महंगाई को कंट्रोल में रखने में मदद मिलेगी। कंज्यूमर से मर्चेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन की लिमिट पर फैसला करने का अधिकार एनपीसीआई को देंगे। मौजूदा समय में पर्सन-टु-मर्चेंट पेमेंट की लिमिट 2 लाख रुपए है। गोल्ड लोन को लेकर नए गाइडलाइंस जारी की जाएंगी। मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का संजय नहीं हूं भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसलों की घोषणा के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे महाभारत के संजय नहीं हैं जो भविष्य में ब्याज दरों पर होने वाली कार्रवाई का पूर्वानुमान लगा सके और यह भी बता सके कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में नरमी किस स्तर पर रुकेगी। मल्होत्रा की यह टिप्पणी एक मीडिया ब्रीफिंग में आई, जब उनसे पूछा गया कि क्या ब्याज दरों में और कटौती की संभावना है, क्योंकि उन्होंने आरबीआई गवर्नर का पद संभालने के बाद से लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। महाभारत के अनुसार, संजय को दिव्य दृष्टि प्राप्त थी और उन्होंने अपनी शक्ति का प्रयोग कर कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में हो रही घटनाओं का विवरण देकर राजा धृतराष्ट्र को उनके महल में अंधा कर दिया था।

उन्होंने आगे कहा कि मौद्रिक नीति और राजकोषीय नीति जीडीपी-महंगाई के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

# 'कन्नप्पा' की टीम ने सीएम योगी से की मुलाकात, 27 को रिलीज होगी फिल्म



**लखनऊ।** एक्टर विष्णु मांचू इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। वह अपनी टीम के साथ जगह-जगह जाकर इसका प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच हाल ही में एक्टर ने अपनी टीम संग योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और उन्हें ने शिष्टाचार भेंट की।

योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान 'कन्नप्पा' के निर्माता डॉ एम मोहन बाबू, एक्टर विष्णु मांचू, प्रभु देवा और कार्यकारी निर्माता विनय महेश्वरी मौजूद रहे। टीम ने इस दौरान मुख्यमंत्री को फिल्म निर्माण की एक झलक भी दिखाई गई। इस पर योगी ने टीम के प्रयासों की सराहना की और भारतीय पौराणिक कथाओं, संस्कृति और भक्ति में निहित कहानियों को बताने के महत्व पर जोर दिया। कन्नप्पा टीम ने योगी को फिल्म तैयार होने पर देखने और तिरुपति आने का निमंत्रण दिया। इस मुलाकात के बारे में विष्णु मांचू ने कहा सीएम योगी आदित्यनाथ जी से मिलना हम सभी के लिए बेहद सम्मान की बात थी। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने अपने जीवन का एक दशक कन्नप्पा में लगाया है, उन्हें हमारी फिल्म की आत्मा के साथ जुड़ते देखना अविश्वसनीय रूप से भावुक करने वाला था। उन्होंने समझा कि कन्नप्पा केवल एक कहानी नहीं है बल्कि एक सांस्कृतिक पुनरुत्थान है। उन्होंने इस तरह की और फ़िल्में बनाने और देखने का आह्वान किया, जो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति की पुष्टि करता है। उनके शब्द हमें याद दिलाते हैं कि हमारी पौराणिक कथाओं, हमारे इतिहास, हमारे नायकों को बड़े पर्दे पर अपनी आवाज़ ढूँढ़नी चाहिए और पीढ़ियों तक पहुँचाना चाहिए। बता दें, 27 जून को रिलीज़ होने वाली कन्नप्पा एक ऐतिहासिक महाकाव्य है जो भगवान शिव के महान भक्त की कहानी बयां करती है। विष्णु मांचू कन्नप्पा की भूमिका में हैं, उनके साथ प्रीति मुखुंधन, मोहनलाल, अक्षय कुमार, प्रभास और काजल अग्रवाल ने भी दमदार अभिनय किया है।


# बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। आप संदेश देते हैं कि सभी को एक साथ रहना है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने लोगों से अपील की कि वे उन लोगों की बातों पर ध्यान न दें जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं। मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर हुई हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, बांग्लादेश के सीमावर्ती इलाकों में स्थिति देखिए। इसे (वक्फ विधेयक) अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। बंगाल में 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। मैं उनके साथ क्या करूंगी? वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल को पारित किया था, और संसद के दोनों सदनों में मैराथन बहस के बाद अगले दिन तड़के राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया।

# नौसेना को बड़ी ताकत, हिंद महासागर में बढ़ेगी क्षमता

- 64 हजार करोड़ में फ्रांस से 26 मरीन राफेल खरीदेगा भारत, भारत ने खरीद को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान (राफेल विमान का समुद्री संस्करण) खरीदने के लिए 63,000 करोड़ रुपये से अधिक की मेगा डील को मंजूरी दे दी है। इससे नौसेना को लड़ाकू विमान का बड़ा बेड़ा मिलेगा। इस खरीद पर पहली बार जुलाई 2023 में विचार किया गया था, जब रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस सरकार से संपर्क किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस सौदे में बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और ऑफसेट जिम्मेदारियों के तहत कल-पुर्जों के स्वदेशी निर्माण के लिए एक बड़ा पैकेज भी शामिल होगा। इस महीने के अंत में समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जब फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू भारत के दौरे पर आएंगे। सूत्रों ने कहा कि रक्षा सौदे के लिए समझौता होने के पांच साल बाद विमानों की डिलीवरी की उम्मीद है। 2031 के बाद राफेल एम विमानों का यह बेड़ा नौसेना में शामिल हो सकता है। राफेल एम को दुनिया के सबसे उन्नत नौसैनिक लड़ाकू जेट विमानों में से एक माना जाता है। यह सफ्रान ग्रुप के रीइन्फोर्स्ड लैंडिंग गियर से लैस है - जिसे युद्धपोत से उड़ान भरने वाले विमानों के लिए सबसे अच्छा माना जाता है और इसमें फोल्डिंग विंग्स, और कठोर परिस्थितियों, डेक लैंडिंग और टेलहुक का सामना करने के लिए एक रीइन्फोर्स्ड अंडरकैरिज भी है। रिपोर्ट के मुताबि, इन जेट विमानों में 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर वेरिएंट शामिल हैं और इन्हें मुख्य रूप से स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

### कपिल मिश्रा ने लोवर कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 में हुए दंगों के सिलसिले में अपने खिलाफ आगे की जांच के आदेश को बुधवार को दिल्ली की एक अदालत में चुनौती दी। यह आवेदन विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो शीघ्र ही मामले की सुनवाई कर सकती हैं। अदालत आगे की जांच के आदेश के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आवेदन पर भी सुनवाई कर सकती है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया ने एक अप्रैल को कहा था कि प्रथम दृष्टया यह एक संज्ञेय अपराध है जिसकी जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट है कि मिश्रा कथित अपराध के समय इलाके में ही थे। आगे की जांच की आवश्यकता है।' एसीजेएम यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

# सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

वक्फ एक्ट



**श्रीनगर।** वक्फ एक्ट के खिलाफ नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीम कोर्ट में जाएगी। इस बात की जानकारी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दी। उन्होंने कहा कि देश का एक बड़ा वर्ग इस बिल से नाराज़ है और उन्हें लगता है कि सरकार उनके धार्मिक मामलों में दखल दे रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम की कोई ज़रूरत नहीं थी। एक धर्म को निशाना बनाया जा रहा है। गैर-मुस्लिमों को वक्फ गतिविधियों की समीक्षा करने की अनुमति दी जा रही है। उमर अब्दुल्ला ने सवाल किया कि क्या आप गैर-हिंदुओं को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड या श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की गतिविधियों पर नज़र रखने की अनुमति देते हैं? क्या वे किसी गैर-सिख को एसजीपीसी की गतिविधियों पर नज़र रखने की अनुमति दे सकते हैं? उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने शायद यह तय कर लिया है कि वे वक्फ संशोधन अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। वहीं, उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। विपक्षी दलों ने इस मुलाकात की कड़ी आलोचना की और इसे वक्फ कानून के प्रति सौहार्दपूर्ण रवैया करार दिया।

# निगम परिसर का सौंदर्यीकरण किया जायेगा: नगरायुक्त

## निगम परिसर में स्वच्छता और सलीका दिखायी देना चाहिए

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** अगले एक पखवाड़े में नगर निगम की शकल कुछ बदली बदली नजर आयेगी।

नगरायुक्त संजय चौहान ने नगर निगम में और अधिक व्यवस्था सुधार और उसके सौंदर्यीकरण के साथ उसकी काया पलट की शुरुआत की है। नगरायुक्त ने नगर निगम परिसर में सड़कों, दीवारों, विद्युत तारों आदि में व्यापक सुधार के साथ ही साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे निगम परिसर में स्वच्छता और सलीका दिखायी देना चाहिए। उन्होंने निगम के गुरुद्वारा रोड वाले मेन गेट पर एक गार्ड पोस्ट का निर्माण तथा ऑटोमेटिक बेरियर लगवाने के भी निर्देश दिए ताकि निगम में आने वाले वाहनों की व्यवस्थित रुप से पार्किंग करायी जा सके। नगरायुक्त संजय चौहान ने यह निर्देश आज सुबह नगर निगम परिसर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिये। उन्होंने निगम परिसर की सड़कों, पार्किंग की दीवारों के उखड़े प्लास्टर, को भी दस दिन के भीतर ठीक कराने और रंग रोगन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग स्थल को समतल कराने, वृक्षों के चारो ओर सर्किल बनवाकर उसे टायल आदि से सज्जित करने तथा उन पर छह फुट तक टेराकोटा आदि पेंट कराने को कहा। नगरायुक्त ने विद्युत आपूर्ति हेतु खुले रुप में पार्किंग क्षेत्र से ले जाये गयी वायरिंग तथा स्ट्रीट लाइट की जगह जगह लटकी वायरिंग को भूमिगत या पंक्तिबद्ध करते हुए दीवारों के सहारे फिटिंग कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थान-स्थान पर निष्प्रयोज्य पडी सामग्री को भी वहां से हटाकर स्क्रैप घोषित करते हुए उसके नियमानुसार निस्तारण पर बल दिया और दस दिन के भीतर निर्देशों का अनुपालन करने की भी चेतावनी दी।

नगरायुक्त ने कार्यालय परिसर में ड्राई यूरिनल को हटाकर उनके स्थान पर आवश्यकतानुसार आधुनिक यूरिनल बनवाने तथा शौचालय की पर्याप्त सफाई व्यवस्था रखने को कहा। उन्होंने पथ प्रकाश स्टोर की जीर्ण शीर्ण अवस्था को देखते हुए उसके स्थान पर दो मंजिला नया भवन बनाने का सुझाव दिया ताकि उसमें स्टोर के अलावा स्टाफ के बैठने की भी पर्याप्त सुविधा हो सके। उन्होंने निगम परिसर में सीजनल पुष्प गमलों की संख्या बढ़ाते हुए निगम परिसर की साज सज्जा पर जोर दिया।

इसके अलावा उन्होंने कार्यालयों में भी बल्ब, पंखों अलमारियों आदि में एकरुपता के साथ रख रखाव रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीन शाह, अधिशासी अधिकारी वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद आदि मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण रोडवेज के निकट गंदगी का साम्राज्य

## गंदगी के निकट ही बेची जा रहीं हैं खाद्य सामग्रियां

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** रोडवेज बस स्टैंड के निकट गंदगी का साम्राज्य होने के कारण यात्रियों सहित यहां से गुजरने वाले अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।गंदगी से भरा लबालब नाला तथा सड़ता हुआ कूड़ा देखकर ऐसा लगता है जैसे महीनों से यहां की सफाई ही नहीं हुई है। इसी गंदगी के आसपास खाने पीने की तमाम चीजें बिक्री की जाती है।गंदगी के पास खाद्य सामग्री की बिक्री से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। बुधवार को रोडवेज के निकट गुजरते हुए अचानक नजर गवर्नमेंट कॉलेज की दीवार से सटे हुए नाले पर पड़ गई जो गंदगी से लबालब भरा हुआ था,जिसमें मच्छर आदि पनप रहे हैं।इसी नाले के बगल में रखा कूड़ेदान भी कूड़े से लावालब था।स्थानीय ठेला-खोमचा वाले ने पूछने पर बताया कि यहां की सफाई के नाम पर कभी कभार मात्र खानापूर्ति की जाती है।यह नाला हमेशा गंदगी से भरा रहता है इसकी



सफाई काफी लंबे अर्से से नहीं हुई है। उसने बताया कि सड़क पर आपको हमेशा कूड़ा करकट फैला मिल जाएगा,कभी कभार यहां पहुंचने वाले सफाई कर्मी द्वारा यहां पर कूड़ा इकट्ठा करने के उपरांत कूड़ेदान में डाला जाता है जो टूटा हुआ है,इसी कारण वह सड़क पर फैल जाता है,और आवारा पशु भी दिन भर यहां डटे रहते हैं। कुछ भी सही रोडवेज के निकट फैली गंदगी नगर पालिका सदर के उन जिम्मेदारों की पोल खोल रही थी जो चाक चौबंद सफाई व्यवस्था की दुहाइयां देते रहते हैं।यहां फैली गंदगी से यहां बिकने वाली खाद्य सामग्री पर भी इसका दुष्प्रभाव होगा इससे इनकार नहीं किया जा सकता,जो बीमारियों को बढ़ावा दे सकता है।

# स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

**सहारनपुर।** संकुल छुटमलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय से स्कूल चलो अभियान रैली का प्रारंभ किया गया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामू चौधरी जिला पंचायत सदस्य बेहट अंकित राणा वरिष्ठ भाजपा नेता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शर्मा प्रवीण अधिशासी अधिकारी छुटमलपुर कमलकांत राजवंशी सहकारी समिति अध्यक्ष अंकुर उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया प्रधान अध्यापक व नोडल संकुल श्री कर्ण सिंह जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया अतिथियों द्वारा नवीन सत्र में नामांकन हेतु शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहते हुए हम सरकारी विद्यालयों में नामांकन में किस प्रकार बढ़ोतरी कर सकते हैं इस पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी ने संकुल के विद्यालयों में पूर्व वर्ष से अधिक नामांकन बढ़ोतरी करने पर बच्चों हेतु भेंट स्वरूप खेल सामग्री प्रदान करने की घोषणा की। वहीं नगर अधिशासी अधिकारी कमलकांत राजवंशी ने कहा कि जो बच्चे अति गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं वह व्यक्तिगत रूप से उनका पढ़ाई लिखाई का व्यय उठाने हेतु तैयार हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शमा परवीन ने कहां की सभी शिक्षक मिलकर विद्यालयों में नामांकन वृद्धि हेतु प्रयास करते रहें। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी अंकित राणा ने कहा कि छुटमलपुर के विद्यालयों में किसी भी प्रकार की समस्या यदि होती है तो शिक्षक उनसे संपर्क करें वह अवश्य ही समाधान हेतु तैयार रहेंगे। तत्पश्चात स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्कूल चलो अभियान रैली का भव्य आयोजन संकुल के अध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता सैनी श्रीमती ममता शर्मा श्रीमती सीमा देवी श्रीमती सुमन दीपक मनचंदा वेदपाल श्रीमती सुशीला , अनिल कुमार , प्रवीण कुमारराकेश श्रीमती रेखा श्री अजय धीमान सहित संकुल के अध्यापकों सहित बच्चों ने भी प्रतिभाग किया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुन्ना लाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज का वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय के बाजोरिया सभागार में आयोजित किया गया। विधान परिषद सदस्य, दिनेश कुमार गोयल के अनुदान से महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब का निर्माण हुआ जिसका उद्घाटन दिनेश कुमार गोयल द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की का. प्राचार्या प्रोफेसर अनुपम बंसल, सचिव,प्रबंध समिति बी.के.माहेश्वरी, मुख्य अतिथि जसवंत सिंह सैनी,राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद एवं डॉ.अजय कुमार सिंह ,महापौर नगर निगम सहारनपुर तथा प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती



वंदना के साथ हुआ।

स्वागत हेतु महाविद्यालय की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। डा.अजय कुमार सिंह ने देश की सांस्कृतिक धरोहरों की समृद्धि पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात महाविद्यालय की का.प्राचार्या प्रोफेसर अनुपम बंसल ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की एवं संपूर्ण वर्ष की उत्कृष्ट उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के शैक्षिणक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की समन्वयक प्रो.जया ने विनय पत्रिका के पदों का उद्धरण देते हुए छात्राओं को अपने गुणों के स्थान पर दूसरों के गुणों को महत्व देने तथा उससे सीखने की बात कही। पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा पर महाविद्यालय की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुति दी । जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता ने आज की वर्चुअल जगत में छात्राओं को आभासी कक्षाओं के स्थान पर वास्तविक विद्यालयी जीवन के प्रति उन्मुख एवं प्रेरित किया। शुभ्रा, साक्षी, सिमरन , खुशी , काजल , अनुष्का , अनु , मान्या , आंचल , पलक , चेल्सी, आस्था , दिव्यांशी, अंकिता,शिवानी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन का. प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक, प्रो.जया एवं एसो.प्रो. अनुपम गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इस पूरे आयोजन में छात्रों की सहभागिता, अनुशासन और रचनात्मकता देखने लायक थी।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़

## मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में लगी गोली

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र में विगत दिनों लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश को पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के विरुद्ध पूर्व से ही काफी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को बदमाश के कब्जे से लूट के समान के साथ-साथ अवैध असलहा बरामद हुआ है।

गौरतलब है कि विगत 4 अप्रैल को थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद रोड पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह द्वारा मामले के खुलासा हेतु पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया था। तभी से पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी।पुलिस जांच में प्रकाश में आए अभियुक्त आकाश गौतम पुत्र विशंभर दयाल निवासी बरेली को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा लूट के माल को घटपुरी के जंगल में छुपाना बताया गया जिसके बाद अभियुक्त की निशान देही पर जब पुलिस टीम माल व शस्त्र बरामद करने हेतु अभियुक्त को मौके पर लेकर गयी तो अभियुक्त छुपाये हुए माल के साथ लोडेड तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागा,आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा किये गये फायर से अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से गिर गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को बदमाश की कब्जे से 315 बोर के तमंचे सहित गले के हार,लाकेट तथा हाथ फूल बरामद हुए हैं।

# मां-बेटी के संदिग्ध हालत में शव मिलने से सनसनी, बंद घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

**आगरा।** आगरा में एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक बंद घर में मां और बेटी का शव बरामद हुआ है जो ताले में बंद था। घर के अंदर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस में जब घर का दरवाजा खोलकर देखा तो सब हैरान रह गए। घर के अंदर मां और बेटी का शव कंबल में लिपटा हुआ बरामद हुआ और पति मौके से फरार था। पत्नी और बेटी हत्या पति फरार हो गया और घर पर बाहर से ताला लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। राशिद नाम के युवक ने पांच महीने पहले महिला से शादी की थी। महिला की नौ साल की बेटी भी थी।

दरअसल मामला थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के खतेना का है, खतेना क्षेत्र में एक मकान में से दुर्गंध आ रही थी आस पास के लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर दुर्गंध क्यों आ रही है। क्योंकि घर के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था, जिस घर से दुर्गंध आ रही थी वहां राशिद रहता है, राशिद के साथ पत्नी और बेटी भी रहती थी। जब बंद मकान से लगातार दुर्गंध आती रही तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए मकान का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देख सब चौंक गए क्योंकि सामने कंबल में लिपटे दो शव पड़े हुए थे और राशिद घर से फरार था। जिसके चलते आशंका जताई जा रही है कि पत्नी और बेटी की हत्या कर राशिद मौके से फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि राशिद दोनों की हत्या कर घर के बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और सबूत जुटाए गए, उनके आधार पर आगे की विवेचना की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारण का पता चलेगा हालांकि पत्नी और बेटी के शव बरामद हुए हैं वह करीब 4 दिन पुराने बताई जा रहे हैं।

# शिक्षा का पहला उद्देश्य ही बच्चों को सुसंस्कृत बनाना: बीएसए

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शिक्षा का पहला उद्देश्य ही बच्चों को सुसंस्कृत बनाना और उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं का



परिवार समाज और देश के हित में विकास करना है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल ने बेरीबाग स्थित नेशन बिल्डर्स एकेडमी के विद्यारंभ संस्कार को अनूठा आयोजन बताया और कहा कि यज्ञ से स्वास्थ्य, स्वच्छता और सर्व कल्याण तथा मातृ पितृ चरण वंदन के सही तरीके और इनकी वैज्ञानिक व्याख्या देखकर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने इस प्रकार से सत्रारंभ को अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरक मिसाल बताया और कहा कि इससे बच्चों में आरंभ ही दायित्व संभालने का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने गुरु भारत भूषण के प्रयासों को सराहा जिनके कारण स्वतंत्रता सेनानी और नगर के पहले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वाले प्राथमिक शिक्षक पंडित विश्वंभरसिंह के नाम पर बने द्वार का लोकार्पण करने के लिए देश के 14वें राष्ट्रपति यहां पधारे और बेसिक शिक्षा का गौरव बढ़ाया । नृत्यमयी सरस्वती वन्दना, वैदिक यज्ञ और पुस्तक व लेखनी पूजन से आरंभ हुए विद्यारंभ संस्कार में बच्चों के माता पिता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे जब बच्चों द्वारा इनका चरण वंदन किया गया तो दृश्य बड़ा भावात्मक हो गया।

इससे पहले अपने आशीर्वचन में पद्मश्री योगगुरु स्वामी भारत भूषण ने जन्म से ही बच्चों के मां द्वारा आलिंगन और बड़े होते होते सिर पर आशीर्वाद के हाथ और बच्चों द्वारा चरण स्पर्श से विकास पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्तित्व के विकास में भोजन का प्रभाव तो बहुत कम होता हैं, वास्तविक विकास तो संसर्ग से होता है। उन्होंने चरणस्पर्श और आशीर्वाद के सही तरीके भी समझाए और जीवन के संतुलित विकास के लिए मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर लगाम लगाने की जरूरत समझाते हुए इस बात पर खुशी जताई कि नेशन बिल्डर्स एकेडमी के बच्चों के माता पिता में इस तरफ जागृति देखने को मिली है। एकेडमी की ओर से प्राचार्या इष्ट कुमारी शर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरभि सेठी, यशोदा और अजय सिंह यादव ने किया।

# हौजरी उद्योग द्वितीय उत्पाद की श्रेणी में शामिल, जताया हर्ष

**सहारनपुर।** आईआईए की एक महत्वपूर्ण बैठक आईआईए कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में आईआईए चेयरमैन अनुप खन्ना ने सदस्यों को बताया कि 'इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन' पिछले काफी वर्षों से काष्ठ कला उधोग के अतिरिक्त 'एक जनपद एक उत्पाद' की श्रेणी में 'हौजरी उद्योग के उत्पाद को द्वितीय श्रेणी' में शामिल करवाने के लिए निरंतर प्रदेश सरकार से मांग कर रही थी,साथियों 'आज बड़े हर्ष' की बात हैं कि सरकार नें आईआईए की मांग को स्वीकार करते हुए 'ओडीओपी में जनपद सहारनपुर के हौजरी उद्योग को द्वितीय उत्पाद की श्रेणी में शामिल' कर लिया है। 'इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहारनपुर सहारनपुर चैप्टर' समस्त सदस्यों की ओर से उत्तर 'प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त' करती है कि उन्होंने जनपद सहारनपुर के 'हौजरी उद्योग को द्वितीय उत्पाद की श्रेणी' में शामिल किया।

# रोशनी आई बैंक को एम्बुलेंस डोनेट की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोशनी आई बैंक को स्वाती होंडा की तरफ से अच्छे कार्य को देखते हुए एक नई एंबुलेंस डोनेट की जिससे कि अधिक से अधिक सेवा को पहुंचाया जा सके। इस मौके पर रोशनी आई बैंक टीम एवं रोशनी मानव सेवा ट्रस्ट टीम ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं समान समारोह का कार्यक्रम किया जिसमें मुख्य अतिथि वी.के जैन वी.के अग्रवाल,सम्यक जैन, निपुन जैन, हरि ओम बंसल,डॉ. अनंत अग्रवाल, जयवीर राणा रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जी.पी.एस कान्वेंट स्कूल ने डांस प्रोग्राम किया और भारतीय मानव अधिकार जागृति संगठन की टीम ने रोशनी बैंक टीम के साथ मिलकर सभी को अंग वस्त्र पहनकर सामान शीट भेंट की। इस मौके पर समाजसेवी श्रीमती दीपा अग्रवाल, धीरज अग्रवाल ने अपनी स्वर्गीय माताजी श्रीमती संतोष अग्रवाल की याद में एक नई व्हीलचेयर डोनेशन की। इस मौके पर समाजसेवी श्रीमती निशा शर्मा ने स्वाती होंडा के इस कार्य की प्रशंसा की भारतीय मानव अधिकार जागृति संगठन के संचालक श्री मांगेराम गुप्ता के द्वारा किया गया। इस मौके पर अश्वनी सिंह राठौर उपमा सिंह संजय भहल हरप्रीत कौर श्रीमती आशा विनेश देवी, रवि कुमार रोशनी आई बैंक चेयरमैन बलजीत सिंह चावला सचिव डॉ वी पी त्यागी, सहसचिव कमल जैन, कोषाध्यक्ष डॉ ए.के सिंह उपाध्यक्ष डॉ .दीपक शर्मा संरक्षक सोनू अरोड़ा शुभांग गौड़ शिवकुमार गौड शिवकुमार गुप्ता डॉ उदय राज श्रीमती सुषमा बजाज अनुज जैन चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर श्वेता डॉ कुलदीप कश्यप अंशु जैन यशपाल और भी अन्य लोग इस मौके पर मौजूद है।

# 'शीरोज हैंग आऊट' में- पीएम मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार निवेशक जागरूकता कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अमृता विद्या- एजुकेशन फॉर इम्मोर्टालिटी और छांव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर स्प्रेअडिंग फाइनेंशियल लिटरेसी÷ सेमिनार का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित 'शीरोज हैंग आऊट' में किया गया।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रबंधित धन का 0.02त्न हिस्सा एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑन इंडिया) के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता फैलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार निवेशक जागरूकता कार्यक्रम (आईएपी) आयोजित करने के लिए खर्च करें। शिक्षा एवं प्रशिक्षण सहभागिता केंद्र (सीईईटी) में , विभिन्न स्टॉक एक्सचेंजों, म्यूचुअल फंडों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं के अनिवार्य निष्पादक हैं। 45 मिनट के सेमिनार का मुख्य उद्देश्य निवेशक जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से व्यक्तियों को शिक्षित और सशक्त बनाना है। ताकि वे वित्तीय साक्षरता पैदा कर सकें, ताकि वे अपने व्यक्तिगत वित्त के संबंध में सही निर्णय ले सकें।

सेमिनार में विशेषज्ञ प्रशिक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा 45 मिनट का इंटरैक्टिव व्याख्यान सह प्रस्तुतिकरण किया गया जो प्रतिभागियों को निम्नलिखित एजेंडे पर शिक्षित किया उसके जिसके बाद 15 मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। आज के सेमिनार में अनिल शर्मा , मजाज उद्दीन कुरैशी , कांति, वंदना तिवारी , हरिशंकर जसावत , शबनम , नगमा, माननी , जितेन्द्र यादव, सत्यम शुक्ला, पप्पू ,मोहन, शिवनारायण सिंह, प्रदुमन उपाध्याय, परितोष चौहान, मदन जसावत , प्रशांत चौहान, विमल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय निकायों पर लंबित ऑडिट आपत्तियों को लेकर मण्डलीय समीक्षा बैठक



**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आगरा मण्डल के स्थानीय निकायों पर लंबित ऑडिट आपत्तियों को लेकर मण्डलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जनपदवार ऑडिट आपत्ति की रिपोर्ट रखते हुए स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के उपनिदेशक विनोद कुमार बंसल ने अवगत कराया गया कि मथुरा में कुल 20143, आगरा में 15949, फिरोजाबाद में 7591 और मैनपुरी में 5177 प्रकरण लंबित हैं। वर्तमान में कई नगर पंचायतों में न के बराबर या बहुत कम ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है। ऑडिट से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं। कई आपत्तियां ऐसी हैं जो अनावश्यक रूप से लगायी जा रही हैं। विशेष तौर पर पेशन संबंधित प्रकरण के निस्तारण में सक्रियता नहीं दिखाई जाती है जिससे ऐसे प्रकरण बहुत पुराने समय से लंबित चले आ रहे हैं। उपरोक्त विषयों को लेकर मण्डल आयुक्त ने निर्देश दिए कि जितनी भी ऑडिट आपत्तियां हैं उनकी निकायवार सूची कर उन्हें उपलब्ध करा दी जाए और उसका अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाए। कई आपत्तियां अनावश्यक या छोटे मोटे प्रकरण से संबंधित हैं, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। जिन प्रकरणों में वसूली हो सकती है, की जाए। सबसे ज्यादा लंबित आपत्तियों को भी प्रमुखता से लिया जाए। सभी आपत्तियों का निस्तारण नियमानुसार ही होना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि हम यह चुनौती स्वीकार करें कि इस वित्तीय वर्ष में हमें मण्डल की सभी ऑडिट आपत्तियों के सापेक्ष पचास प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण करना ही है।

# अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में जनपद में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों के साथ बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों के साथ बैठक की गई। हीट वेव से बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभागीय बैठक में मुख्य रूप से समस्त संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ हीट वेव प्रबंधन हेतु विभागवार जिम्मेदारियों को चिंहित करते हुए निर्धारित किया गया। बैठक में समस्त संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया, कि लू प्रकोप के प्रभाव को कम करने के लिए निःशुल्क प्याऊ कि व्यवस्था, स्थान-स्थान पर वाटर कूलर का प्रबंधन, छांव प्रदान ओआरएस कार्नर इत्यादि कि व्यवस्था किये जायें साथ ही स्वास्थ्य विभाग में आशा, एवं एएनएम की सहायता से ओआरएस का पैकेट का घर घर अत्याधिक वितरण किया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा कर्मियों का उपयुक्त प्रशिक्षण किया जाय, जिससे कि हीट वेव संबंधित बीमारियों का तत्काल पहचान करते हुए प्रभावित का राहत स्वरूप इलाज किया जाये। बैठक में यह भी निर्देश दिए गये कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आइस पैक, ओ0आर0एस0 पैकेट इत्यादि कि पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाय, जिला अस्पताल/ महिला अस्पताल एवं समस्त पीएचसी, सीएचसी इत्यादि पर हीट वेव आईसोलेशन वार्ड बना लिया जाय तथा सभी की सूची उपलब्ध करा लिया जाए, साथ ही पर्यटन-नगर पालिका तथा परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड-मंदिर-धार्मिक स्थल एवं रेलवे स्टेशन इत्यादि परिसरों में छाँव घर एवं प्याऊ कि व्यवस्था करने, शिक्षा विभाग द्वारा हीट वेव कि मौसम संबंधित चेतावनी के अनुसार स्कूल के समय में बदलाव करने एवं स्कूलों में बाहरी फील्ड कि गतिविधियों को रोकने तथा स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेय जल इत्यादि कि व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा विद्युत विभाग द्वारा हीट वेव के दौरान मुख्यतः पीक हीट आवर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये, जल निगम ग्रामीण/नगरीय को ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# भाजपा साजिश और षडयंत्र करती है समाज में नफरत फैलाती है : अखिलेश

**भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त**

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न राज्यों से आये पार्टी पदाधिकारियों एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा हो गयी है। सत्ता के संरक्षण में दबंग और अपराधी गरीबों पर कहर ढा रहे हैं। गरीबों की हाय भाजपा सरकार को डुबो देगी। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा साजिश और षडयंत्र करती है। समाज में नफरत फैलाती है। नफरत और आपसी वैमनस्यता फैलाना भाजपा का एजेण्डा है। भाजपा सरकार अराजक तत्वों को संरक्षण दे रही है। भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों ने प्रदेश को अराजकता में झोंक दिया है। जनता भाजपा सरकार से डरने लगी है। प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं इतनी तेजी से क्यों बढ़ रही है? भाजपा की सरकार में अपराधियों की तेजी से वृद्धि होने से अपराध नहीं रूक रहे हैं। जनता भाजपा सरकार से बहुत पीड़ित, दुःखी और अपमानित है। समाजवादी पार्टी पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोगों के साथ है और इनकी मदद करेगी। समाजवादी पार्टी के पीडीए की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पायेगी। भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ रही है। हर दिन बलात्कार और हत्याएं हो रही है। इस सरकार में महिलाओं का जीवन और सम्मान सुरक्षित नहीं है। भाजपा भूमाफिया पार्टी है। भाजपा के लोग प्रदेश भर में जगह-जगह जमीनों की लूट कर रहे है। गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर में भाजपा सरकार में हुई जमीनों की रजिस्ट्रियां सार्वजनिक की जानी चाहिए। सब पता चल जाएगा किसने कितनी जमीनों पर लूट और कब्जा किया है। भाजपा सरकार ने आठ वर्ष में विकास का कोई काम नहीं किया है। इस सरकार में लूट, खसोट और भ्रष्टाचार ही हो रहा है। जनता त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त गरीब, किसान, नौजवान भाजपा की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेकेंगे। कहा कि करणी सेना हिटलर के टूपर्स की तरह है। इसे मुख्यमंत्री योगी का संरक्षण मिला हुआ है। अगर समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के साथ कोई भी घटना होती है तो उसके लिए मुख्यमंत्री जी जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, सांसद जावेद अली, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, केरल के जॉन एनटोनी, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक अताउर्रहमान, विधायक आर.के. वर्मा, संग्राम सिंह यादव, प्रभु नारायण सिंह, अमिताभ बाजपेई, आशु मलिक, पंकज मलिक, राम अवतार सैनी, विजमा यादव, कमलाकांत राजभर, सचिन यादव, सलामतुल्ला समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे सरकार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में किसान परिवार के तीन सदस्यों की हत्या को कानून व्यवस्था की कमजोरी बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर पीडित परिवार को न्याय दिलाये। मायावती ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया यूपी में आए दिन हर छोटी-छोटी बात पर लोगों का शोषण व उत्पीड़न आदि हो रहा है जिसके तहत् अभी हाल ही में ज़िला फतेहपुर के एक ही किसान परिवार के 3 क्षत्रिय/ठाकुरों की व एक दलित व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई है, जिससे लोगों में वहाँ काफी दहशत व्याप्त है। उन्होंने कहा सरकार दोषियों के विरुद्ध सख़्त क़ानूनी कार्रवाई करके वहाँ पीड़ित परिवार को समय से न्याय दे तथा कानून-व्यवस्था को भी सुधारने पर विशेष ध्यान दे। गौरतलब है कि फतेहपुर के हथगाम क्षेत्र में मंगलवार को भाकियू नेता की भाई और पुत्र समेत नृशंस हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि चार अन्य की तलाश की जा रही है।

# अंबेडकर जयंती पर 'डॉ. अंबेडकर मैराथन' मुख्यमंत्री ने किया टी-शर्ट का विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के क्रम में लखनऊ में 13 अप्रैल को एक भारत, समरस भारत' थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है जिसका फ्लैग-ऑफ स्वयं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह द्वारा किया जाएगा।

भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के संयोजन में भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा डॉ. अंबेडकर मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से उनके आवास 5, कालिदास मार्ग पर भेंट करके आयोजन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 'एक भारत, समरस भारत' थीम पर आधारित मैराथन की सराहना की और प्रतिभागियों के लिए तैयार की गई टी-शर्ट का विमोचन भी किया। यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो समानता, न्याय और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

आयोजनों के माध्यम से डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाने और समरस भारत की दिशा में सामूहिक भागीदारी को प्रेरित करने का लक्ष्य है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि मैराथन सुबह 6 बजे के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू होकर अटल चौक होते हुए 1090 चौराहे तक जाएगी व दौड़ का समापन वहीं होगा। प्रतिभागियों को टी शर्ट और विजेताओं को कुल 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। भाजपा लखनऊ महानगर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 13 अप्रैल को आयोजित इस आयोजन में भाग लें और बाबा साहब के विचारों को जीवंत रखने में सहभागी बनें।

# मदरसों की नियुक्तियों में हुई भारी धांधली कइयों ने लगाए फर्जी दस्तावेज



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अलीगढ़ जिले के शासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नियुक्तियों में भारी धांधली हुई है। फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल कर ली गई। इतना ही नहीं नियुक्ति प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। जब शिकायतें शासन तक पहुंचीं तो जांच बैठा दी गई। हालांकि पहले भी दो दफा जांच हो चुकी है और अनियमितता सामने आ चुकी थी लेकिन एक बार फिर जांच शुरू हो गई है। अब एसडीएम इगलास और जिला सूचना अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया है। अलीगढ़ में शासन से सहायता हासिल करने वाले चार मदरसे हैं। यह सभी 70 वर्ष से अधिक पुराने हैं। सन 2020 में कोरोना के दौरान हुए लॉक डाउन में प्रदेश के मदरसों के साथ ही जिले के इन मदरसों में 13 लोगों के स्टाफ की भर्ती की गई। इन नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे और शिकायत शासन को हुई। शासन स्तर से अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग के विशेष सचिव को मामले की जांच सौंपी गई। इस जांच में खुलासा हुआ कि अलीगढ़ समेत प्रदेश के कुल 33 जिलों में 308 मदरसों में लॉक डाउन के दौरान नियुक्तियां की गई थीं। इसके बाद निदेशालय स्तर पर निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनी। निदेशक स्तर से स्थानीय प्रशासन पर पत्र आया कि जिसमें जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को जांच के लिए समिति बनाने को कहा है। यह समिति नियुक्ति संबंधी पत्रावली और दस्तावेज की जांच करेगी। लॉक डाउन के दौरान हुई मदरसों में नियुक्ति के संबंध में जांच के निर्देश मिले हैं। जांच समिति गठित कर दी है। यह एक महीने में रिपोर्ट देगी। जिसे शासन को भेज दिया जाएगा। शासन की जांच में आशंका जताई गई थी कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों के लिए दी गई वेतन राशि बहुत अधिक है। इसलिए इन नियुक्तियों में शामिल मदरसा प्रबंधकों, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों और रजिस्ट्रार मदरसा शिक्षा बोर्ड उत्तर प्रदेश से रिकवरी की जाए और वेतन की भुगतान को रोका जाए।

# बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा जनता तक पहुंची है : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**भाजपा का स्थापना दिवस अभियान 06 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के तहत बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजपा की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से जनसंघ से प्रारम्भ हुई राजनैतिक यात्रा विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में सेवा और समर्पण के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ती हुई भाजपा की यात्रा को प्रदर्शित किया गया है।

कार्यकर्ता एवं जनता के अवलोकन के लिए लगाई गई प्रदर्शनी में जनसंघ की स्थापना, संगठन का संघर्ष, वैचारिक प्रतिबद्धता, आपातकाल की भयावहता, भाजपा की स्थापना, श्रद्धेय अटल जी का प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक कार्यकाल, पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल विजय, प्रधानमंत्री के रूप में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 11 वर्षों की विकसित भारत की यात्रा, जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण से पूर्ण होती प्रतिबद्धताएं, वीआईपी कल्चर की समाप्ति, एक देश-एक राशन कार्ड सहित विभिन्न ऐतिहासिक निर्णयों, लोककल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन के विस्तार के साथ अमृतकाल के पंच प्रण को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देने तथा स्थानीय नागरिकों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का माध्यम बनी है। प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, अर्चना मिश्रा, शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा की विकास यात्रा की प्रदर्शनी आज जिला मुख्यालयों पर भी लगाई गई है। जिनका उद्घाटन जिलों में निवास करने वाले प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों तथा विधायकों के द्वारा किया गया। भाजपा का स्थापना दिवस अभियान 06 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने स्थापना के काल से ही जो संकल्प तय किये थे। हमारी केन्द्र व राज्य की सरकारों ने उन संकल्पों को पूरा किया है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा जनता तक पहुंची है तथा सुरक्षा के वातावरण का निर्माण हुआ है। केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही सीएए, वक्फ संशोधन बिल सहित राष्ट्र हित में कड़े और बड़े निर्णय लिए है। आज बदलता हुए भारत और बदलता हुआ उत्तर प्रदेश दुनिया को दिशा देने के लिए तैयार है।

चौधरी ने कहा कि प्रदर्शनी के साथ ही सभी विधानसभाओं में सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन हो रहे है। इसके बाद गांव, बस्ती और वार्ड चलो अभियान प्रारम्भ होगा। जिसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्य तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तथा ऐतिहासिक निर्णयों को जनता के बीच रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र राजनैतिक दल है जो अपने कार्यों और कार्यक्रमों को लेकर लगातार अपनी सरकार का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जाकर चर्चा करता है। भाजपा ने जो भी कहा मा. मोदी जी और मा. योगी जी के नेतृत्व में उसे पूरा किया। उसी का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है।

# प्रदर्शन कर रहीं सपा की महिला नेताओं पर एफआईआर दर्ज



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज थाने में सपा की महिला नेताओं व कायकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। चौकी प्रभारी सचिवालय बागेश शर्मा ने यह केस दर्ज कराया है। आरोप है कि मंगलवार को दिन में करीब सवा तीन बजे बिना अनुमति के सपा नेता पायल किन्नर के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ जीपीओ पर प्रदर्शन कर रहे थे। सपा कार्यकर्ताओ ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन किया। चौकी प्रभारी के मुताबिक सभी ने हाथ में काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। इसी दौरान शाम पांच बजे सपा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, सपा नेता सुमैया राणा, वंदना चतुर्वेदी व अन्य पार्क से निकल गए। सभी ने कहा कि हम लोग सपा कार्यालय जा रहे हैं। आरोपियों ने रास्ते में अचानक राजभवन गेट नंबर दो पर जाकर नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह कार्यकर्ताओं को रोका। काफी देर तक समझाने के बाद भी आरोपी नहीं माने और पुलिसकर्मियों से हाथापाई की। हंगामा बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाई गई। राजभवन के सुरक्षाकर्मी भी आ गए। किसी तरह प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया गया। पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों का वीडियो भी बनाया है।

## फतेहपुर तिहरे हत्याकांड में बुलडोजर एक्शन आरोपी की बहन का अवैध निर्माण ध्वस्त

**लखनऊ।** फतेहपुर जिले में हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव की प्रधान के दो बेटों विनोद सिंह (45), अनूप सिंह (40) और पौत्र अभय प्रताप सिंह (21) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र सुरेश भदौरिया की बहन के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया गया। बता दें कि तिहरे हत्याकांड को लेकर ग्रामीणों ने आरोपियों का घर ढहाकर संपत्ति जब्त किए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया था कि पप्पू के अच्छे व्यवहार पर गांव के लोग कायल थे। गांव के अलावा भी जिले व पड़ोसी जिलों से लोग पप्पू सिंह के संपर्क में थे। हत्यारोपी घटनास्थल के बाद गांव नहीं पहुंचे। वह स्कार्पियो से भाग निकले थे। हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव की प्रधान के दो बेटों विनोद सिंह (45), अनूप सिंह (40) और पौत्र अभय प्रताप सिंह (21) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे, कामकाज ठप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन के पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्काम के निजीकरण के विरोध में बुधवार प्रदेश भर से आए बिजली कर्मियों ने लखनऊ में फील्ड हॉस्टल में धरना देकर प्रदर्शन किया। यह कर्मचारी फील्ड हॉस्टल से शक्ति भवन तक रैली निकालकर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से निजीकरण को निरस्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के मीडिया संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इस रैली में प्रदेश भर से अभियंता और कर्मचारी लखनऊ में निजीकरण का विरोध करके उसके प्रस्ताव को निरस्त करने आए हैं। कर्मचारियों के इस प्रदर्शन को संबोधित करने के लिए कई प्रदेशों से बिजली कर्मी नेता भी आए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई पर बहुत नाराजगी जताते हुए पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्काउंट को कॉर्पोरेशन की अधीन रखने की आवाज उठाई। उधर दूसरी तरफ प्रशासन ने भी प्रदर्शनकारी बिजली कर्मियों को शक्ति भवन तक न पहुंचने के लिए जगह-जगह वेरीकटिंग करके काफी फोर्स को मुस्तैद किया है। इससे अंदेशा है की रैली निकलने के दौरान दोनों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बिजली कर्मियों की रैली के चलते बुधवार को लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकतर कार्यालय और उपकेंद्रों पर विभागीय कामकाज पूरी तरह ठप है। इसकी वजह लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों से लेकर कार्यालय के अभियंता सभी रैली में शिरकत करने पहुंचे हैं।

## खालिस्तानी आतंकी परविंदर की बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेशी,

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पंजाब की नाभा जेल ब्रेक करने के मास्टरमाइंड खालिस्तानी आतंकी परविंदर उर्फ पिंदा की अवैध हथियारों के मुकदमे में बृहस्पतिवार को कोर्ट में तारीख है। कचहरी चौकी पुलिस ने कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। 26 नवंबर 2016 को पंजाब की नाभा जेल तोड़कर खालिस्तानी लिब्रेशन फ्रंट के चीफ सहित पांच कैदियों को जेल से छुड़ाने के बाद देहरादून भागते समय खालिस्तानी आतंकी परविंदर उर्फ पिंदा को कैराना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके पास से स्वचालित हथियार व दर्जनों फर्जी आईडी बरामद हुई थी। कैराना पुलिस ने परविंदर के विरुद्ध फर्जी आईडी व अवैध हथियारों के दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। वर्तमान में परविंदर उर्फ पिंदा पंजाब की बठिंडा जेल में सजा काट रहा है। अवैध हथियारों के मुकदमे में बृहस्पतिवार को परविंदर उर्फ पिंदा की सिविल जज सीनियर डिविजन की कोर्ट में तारीख लगी है।

# अभिनेता इमरान खान एवं अभिनेत्री कुनिका सदानंद ने बढ़ाई समारोह की रौनक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में चल रहे 14वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ. एफ.-2025) का तीसरा दिन विभिन्न विद्यालयों से पधारे लगभग 12,000 छात्रों की गहमा-गहमी व चहल-पहल से परिपूर्ण रहा एवं सभी ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों का खूब आनन्द उठाया। इससे पहले, दीप प्रज्वलन समारोह के साथ आई.सी.एफ.एफ.-2025 के तीसरे दिन का शुभारम्भ हुआ तो वहीं दूसरी ओर बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे अभिनेता इमरान खान एवं अभिनेत्री कुनिका सदानंद ने समारोह की भव्यता में चार-चाँद लगा दिये।

टी.वी. एवं फिल्म जगत की इन लोकप्रिय हस्तियों से मिलने, उनसे बातचीत करने व हाथ मिलाने के लिए छात्रों में होड़ लगी रही। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का आयोजन 7 से 13 अप्रैल तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास करना है। 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत हजारों बच्चों ने आज लायन स्पिरिट, बैलेन्स इन एक्शन, कैच मी इफ यू कैन, बियोन्ड द विंडो, फ्लाइंग व्हील्स, डार्कनेस, टेम्बो एण्ड द किंगफिशिर, द मैजिक ऑफ सांता क्लाज, मदरलेस चाइल्ड, बड़े काम की चीज, जन्मदिन का लड्डू, नजरिया, फाइन्डिंग हैप्पीनेस, जिम्मेदारी, डान्सेज विद चिकन्स, द मेजर किड, सबक, माई वंडर ग्रैण्डपा, द डाग एण्ड चाइल्ड, द मिस्टीरियस शेफर्ड, ये किसका जहान, एक खत मैकाले के नाम आदि अनेकों मनोरंजन से भरपूर उत्कृष्ट फिल्मों का आनन्द उठाया। फिल्म देखने के बाद अधिकांश छात्रों की प्रतिक्रिया थी कि विद्यालय में नैतिक शिक्षा के पीरियड को तो हम हंसी में उड़ा देते हैं लेकिन बाल फिल्मों के माध्यम से जीवन मूल्यों की शिक्षा देने का यह तरीका अत्यन्त प्रशंसनीय है। एक अन्य छात्र ने कहा कि परीक्षाओं के बाद मनोरंजन का सबसे अच्छा मौका है, जिसके लिए अभिभावकों को भी कोई एतराज नहीं हो सकता। कुछ ऐसे ही विचार अन्य बच्चों के भी रहे जिन्होंने कहा कि यह फिल्म फेस्टिवल अत्यन्त मनोरंजक व शिक्षाप्रद है। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत आज अपरान्हः सत्र में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में फिल्म एवं टीवी जगत के लोकप्रिय कलाकार पत्रकारों से रूबरू हुए और इस आयोजन पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभिनेता श्री इमरान खान ने कहा कि सी.एम.एस. का यह अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल छात्रों व युवा पीढ़ी को शिक्षाप्रद फिल्मों के माध्यम से अच्छाई की राह पर बढ़ने की प्रेरणा दे ही रहा है। अभिनेत्री कुनिका सदानंद का कहना था कि शिक्षात्मक फिल्में बालकों के कोमल मस्तिष्क पर सकारात्मक व गहरा प्रभाव डालेंगी और उनमें महान बनने के विचार पैदा करेंगी। इस आयोजन ने सामाजिक जागरूकता की अमिट छाप छोड़ी है। फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर श्री आर. के. सिंह ने बताया कि यह बाल फिल्मोत्सव छात्रों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। आई.सी.एफ.एफ.-2025 के चौथे दिन के उद्घाटन कल 10 अप्रैल, वृहस्पतिवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा।

## छह जून से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा राम दरबार

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालु 6 जून से राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मूर्तियों की स्थापना 23 मई को कर दी जाएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह कोई आयोजन नहीं किया जाएगा। रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु 6 जून से राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी अब राम दरबार की स्थापना की जाएगी। इसके लिए भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की मूर्तियां अप्रैल के अंत तक अयोध्या पहुंच जाएंगी।

**सूचना**

में नूर फातिमा पुत्री इमरान अली सूचित करना चाहती हूं कि आज यात्रा के दौरान मेरा 10th का सर्टिफिकेट संख्या 34124396 एवं रोल नो.1113801 वर्ष 2020 और 12th का सर्टिफिकेट संख्या नो. 34024761 एवं रोल नो.2225842653 वर्ष 2022 (उप बोर्ड) लखनऊ में यात्रा करते समय टेम्पो में छूट गया है अगर किसी को भी प्राप्त हो तो कृपा 9453111115 पर तुरंत सूचित करे सूचित करने वाले या वापस लौटाने वाले को इनाम भी दिया जाएगा।

## राष्ट्रप्रथम के भाव से काम करती है भाजपा : जनार्दन तिवारी

# लाखों कार्यकर्ताओं की तपस्या के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी



*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** सहजनवा विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कहा कि भाजपा एकमात्र राष्ट्रवादी संगठन है जो राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करती है। भारतीय जनसंघ से लेकर अबतक का राजनीतिक संघर्षों को विस्तार से बताया। कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं की तपस्या के बल पर ही आज हम सभी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल किये हैं। द्वितीय सत्र में भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन विषय पर पिछड़ा आयोग सदस्य डॉ आर डी सिंह ने संबोधित किया। तृतीय सत्र क्षेत्रीय महामंत्री व विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के विकास पर कार्य करती है और लोगों की पहली पसंद बन चुकी है, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में पहचान बना चुकी है। संचालन भाजपा जिला महामन्त्री ब्रह्मानन्द शुक्ल ने किया। सम्मेलन में आवास विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी,निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संजू सिंह, पिपरौली ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, पाली ब्लाक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य,रामपाल सिंह,मण्डल अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, शिवचरण प्रसाद सूर्यनाथ विश्वकर्मा, रविप्रताप सिंह, इन्द्र कुमार निगम समेत कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खलिहान की जमीन को चकरोड दिखाकर सीसी रोड निर्माण कराने की शिकायत

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील के पाली विकासखंड के डोहरिया कला ग्राम पंचायत में खलिहान से पस्चिम सन्तोष पासवान के खेत तक बिना मिट्टी पटाये और खण्डजा लगाये बिना ही सीसी रोड का निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है, गाव के ही धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके जांच कराने की मांग की है, पीड़ित ने ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, और प्रतिनिधि पुत्र पर हल्का लेखपाल से मिलकर खलिहान की 314 न.की जमीन को चकरोड दिखाकर सीसी रोड निर्माण कराने का आरोप लगाया है, उनका यह भी आरोप है कि कार्य भी मानक के अनरूप नही हो रहा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर पीड़ित द्वारा जांच कराने कि मांग की गई है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ की तैयारियों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधि0अभि0 सिचाई ने बताया कि कोला सोता व न0 खैमराई में सिंचाई विभाग द्वारा कटान रोकने के लिये परियोजना का कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग 20 अप्रैल तक अपनी कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध करा डव, सी0 एम0ओ0 व सी0 वी0ओ0 अपनी तैयारियां पूरी कर ले, डॉक्टर्स की टीमें बना ले, नाविकों के साथ मिलकर नावों की मरम्मत करा लें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा जिला मुख्यालय पर समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक संपन्न हुई



*अवधनामा संवाददाता*

**फर्रूखाबाद।** आज समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर आहूत की गई। जिसमें लोहिया वाहिनी के तमाम पदाधिकारीगढ़ मौजूद रहे। तथा विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई जैसे वोट बढ़ाना। PDA के लोगों को पार्टी से जोड़ना 18 साल के युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ना इसके साथ ही जिले की चारों विधानसभाओं PDA की चौपालों व संविधान पर चर्चा के कार्यक्रम लोहिया वाहिनी द्वारा गांव गांव लगाए जाएंगे समाजवादी पार्टी द्वारा छात्रों और किसानों के हित में लिए गए फैंसलो के बारे में भी बताने का काम करेंगे इसके साथ ही जो पदाधिकारी पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले रहे थे। ऐसे निष्क्रिय सदस्यों को भी पदमुक्त किया जाएगा वही पार्टी के प्रति निष्ठा और लग्न को देखते हुए। अंकुर चक को सदर विधानसभा का अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली



**फर्रूखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली और संचारी रोग नियंत्रण रैली रैली में बच्चे मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। बेटा-बेटी एक समान, सबको दो विद्या का ज्ञान।एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की।आधी रोटी खाएंगे, स्कूल में पढ़ने जाएंगे। रोगों को दूर भगाना है,अपना परिसर साफ रखना है। स्वच्छ मदारपुर, स्वस्थ मदारपुर।क्लीन विलेज, ग्रीन विलेज। कार्यक्रम के अंत में आशा कार्यकत्री रामदेवी ने संचारी रोगों के कारण और बचाव के तरीके बताए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मेमवती ने बाल वाटिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षामित्र कमलेश राजपूत ने स्कूल चलो अभियान पर प्रकाश डालते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कल महावीर जयंती पर अवकाश रहेगा।

# झोलाछाप व अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाही में जुटा स्वास्थ्य विभाग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुशील कुमार ने तहसील स्तर पर क्लीनिकों, पैथालॉजी सेन्टर व डायग्नोस्टिक केन्द्रों की शिकायतों तथा सूचना पर झोला छाप व अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाही के लिए तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। नोडल अधिकारी तहसील स्तर के सरकारी चिकित्सालयों की भी निगरानी करेंगे। सीएमओ डा. सुशील कुमार ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पीके गुप्ता को तहसील रुदौली, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव को मिल्कीपुर, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपक पाण्डेय को तहसील बीकापुर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. राममणि शुक्ला को तहसील सदर व उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा. वेद प्रकाश त्रिपाठी को तहसील सोहावल का नोडल अधिकारी बनाया है।सीएमओ द्वारा जारी आदेश में कहा है कि सभी नोडल अधिकारी तहसील क्षेत्र में स्थित झोलाछाप व अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इसकी प्रगति की सूचना सीएमओ कार्यालय को देते रहेंगे। इसके साथ में नोडल अधिकारी हर बुधवार व शनिवार को एक सीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करेंगे। सीएचसी व पीएचसी पर चिकित्सीय सेवाओं की मानीटरिंग का कार्य नोडल अधिकारी करेंगे। तो वही आम जनता का कहना है कि अधिकारी लोग जाकर के खाना पूर्ति करके पैसा लेकर कर बगल हो जाते हैं। बताते चलें कि जिले में ऐसे कई क्लिनिक ऐसे चल रहे हैं जिनकी स्वास्थ्य विभाग लगातार अनदेखी कर रहा है। इस तरह के क्लिनिकों के न तो लाइसेंस हैं और न ही कथित डॉक्टर कहलानेवालों के पास कोई डिग्री। बावजूद गांव के मरीजों को मुर्ख बनाकर खुद आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। मरीजों की जान की परवाह किए बगैर इलाज के नाम पर ग्रामीणों से रुपए ऐंठ लेते हैं। बाजारों व चौक चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। उनकी दुकानों पर लगे बोर्ड में इस तरह लिखा जाता है जैसे कि लोगो के सारे बीमारियों को पलभर में ठीक कर देंगे। लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए तमाम तरह की डिग्रियों का जिक्र भी होता है। लेकिन सोचनेवाली बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सबकुछ जानते हुए भी कुछ नहीं करते। इनके क्लिनिकों के नाम भी बड़े शहरों की क्लिनिकों की तर्ज पर रहते हैं।

# नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा तमसा नदी पर पोकलैंड लगाकर चलाया गया सफाई अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज अयोध्या।** नगर गोसाईगंज के महादेव घाट पर आगामी 84 कोस परिक्रमा के तत्वाधान घाट की सफाई करने हेतु नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा पोकलैंड लगा करके नदी में नदी की ताली झाड़ सफाई कराई जा रही है। बताया जाता है कि या सफाई दो दशक बाद इस नदी की हो रही है इससे पूर्व में दुर्गा पूजा विसर्जन हेतु केवल विसर्जन स्थल पर सफाई की जाती थी। अध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी जायसवाल ने शासन को पत्र लिखकर नदी की वृद्धि सफाई व जीवन आधार की मांग की है और शसीटकरी सीमा राय ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर नदी में गंदा पानी रोकने हेतु कार्रवाई आरंभ कर दी है जिस नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उक्त मौके पर अध्यक्ष प्रत्यंत उत्कर्ष शेखर जयसवाल और जलकल प्रभारी शिव शंकर वर्मा के देखरेख में मशीन से सफाई कराई जा रही है।

## भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर 9 सूत्रीय मांगपत्र सौपा

**रुदौली अयोध्या** भारतीय किसान यूनियन ने ब्लॉक मवई पर मासिक बैठक कर 9 सूत्रीय मांगपत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौपा। भारतीय किसान यूनियन रुदौली तहसील इकाई द्वारा सोमवार को मवई ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक की गई। जिसमें जिला सचिव भोला सिंह टाइगर, रुदौली तहसील अध्यक्ष रवि शंकर पांडे, बाबा जगजीवन, विजय बहादुर यादव, राजकुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मवई रामू चंद्र विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली सुरेश रावत, कामता प्रसाद वर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी सहित दर्जनों किसान यूनियन के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

## रास्ते की भूमि से कब्जा हटाने मे नजूल विभाग को छूट रहे पसीना

**अयोध्या।** न्यायालयों के आदेश और मुख्यमंत्री के निर्देश को जिले का नजूल विभाग ठेंगा दिखा रहा है । सरकारी रास्ते से अवैध कब्जा हटाने में नजूल अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं ।अवैध कब्जा हटाने के लिए रेजीडेन्ट मैजिस्ट्रेट न्यायालय तथा जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 में ही स्पष्ट आदेश दिया जा चुका है । छह साल तक न्यायालयों के आदेशों का अनुपालन न किए जाने पर माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के माननीय न्यायमूर्ति ने हैरानी जताई, पूछा किन कारणों से छह साल तक सरकारी रास्ते से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया है । मामले मे रिपोर्ट मांगी गई है जिसकी 11 अप्रैल सुनवाई की तारीख तय की गई । मामले की शिकायत पहुंचने पर मुख्यमंत्री जनता दरबार से भी मांगी गई है रिपोर्ट।सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जाधारकों के खौफ से कई बार नोटिस जारी करने तथा नगर निगम और संबंधित थाने की पुलिस से सहयोग मांगने के बाद भी नजूल अधिकारी अवैध कब्जा हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं । पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी जनता दरबार और एडीएम वित्त एवं राजस्व से किए जाने पर भी संबंधित अधिकारी न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन नहीं करा रहे हैं । उक्त मामला अयोध्या नगर के थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला वशिष्ठ कुंड का है।

### श्रृंगीऋषि से वाराणसी तक चलने वाली बस का हुआ शुभारंभ

**गोसाईगंज अयोध्या।** नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल के लगन मेहनत का ही प्रयास है कि क्षेत्र वासियों को महबूबगंज से काशी तक वाया अकबरपुर, शाहगंज,जौनपुर परिवहन निगम बस की सुविधा मिली है।अब क्षेत्र वासी एक ही दिन चौकिया धाम,विंध्याचल धाम तथा बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन कर वापस आ सकते है।नगर हित में श्रीमती जयसवाल जिस तरह आम जन को सुविधा पर सुविधा दिलाती चल रही है,उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है।आने वाले समय में सभासद श्रीमती जायसवाल द्वारा कराये गये इन कार्यो की चर्चा स्वयं नगर वासी करेंगे तथा आने वाले दिनों में सभासद श्री मती जायसवाल को इसका परिणाम स्वयं दिखाई पड़ेगा।उक्त बातें बुधवार को सभासद श्री मती आरती जायसवाल के आवास पर श्रृंगी ऋषि से वाराणसी तक जाने वाली बस का फीता काट कर शुभारंभ करने से पूर्व विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह ने मौजूद लोगों से कही।कार्यक्रम से मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भगवान बख्श सिंह एवं चेयरमैन विजयलक्ष्मी जायसवाल एवं सभासद श्री मती आरती जायसवाल को अकबरपुर के एआरएम कुंवर हरि ओम श्रीवास्तव ने बुके भेंट किया तथा बैच लगाकर स्वागत किया।भागवत कथा प्रवक्ता पं0 राधेश शास्त्री के मंत्रोंच्चारण पर विधायक अभय सिंह के पिता श्री सिंह ने नारियल फोड़ बस को हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर रवाना किया।इस दौरान नगर सभासद कल्लू कुरैशी,प्रवीण कसौधन, भाजपा नेता प्रशांत गुप्ता, समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल,ओंकार जायसवाल,श्री प्रकाश जायसवाल,अकबाल अंसारी, इस्तियाक अंसारी,पूर्व प्रधान नागेंद्र गोस्वामी,बेलवारी खान गांव प्रधान शेखर वर्मा, काजीपुर गाड़र प्रधान राजू पाल,केद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नगर अध्यक्ष हेमंत कसौधन,समाजसेवी अनंत लाल सोनी,प्रसून लता सिंह, नगर पंचायत कर्मी शिव शंकर वर्मा,उत्कर्ष शेखर जायसवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मल्हू, व्यापारी नेता अरविंद सिंह जायसवाल,मो0 असहाव,डॉ पी एन सिंह,बजरंग समिति अध्यक्ष अशोक मोदनवाल, पूर्व सभासद शशी कुमार अंगियार,देशराज चौधरी, शमशेर वर्मा,डॉ ए के तिवारी, उमेश कसौधन,जय प्रकाश कसौधन,शमशेर सिंह,प्रेम बिस्कुट वाले,डाक सेवक अनिल कुमार,शकील अंसारी, मुजफ्फर आफाक,मनोज गुप्ता पारले,वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता,पत्रकार राम जी सोनी,केदार नाथ सिंह, ओम प्रकाश जायसवाल बूंदी वाले,अरुण कसौधन,विजय कुमार वर्मा,गोपीनाथ अंगियार,एआरएम अकबरपुर कुंवर हरिओम श्रीवास्तव, टीआई एवम उनके स्टॉफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या एनिमल वेलफेयर टीम ने जीव-जंतुओं के लिए पानी उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया





*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अयोध्या एनिमल वेलफेयर टीम ने एक नया अभियान शुरू किया है, जिसके तहत शहरभर में 150 पानी के पात्र पॉट लगाने का मिशन शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में रहने वाले बेजुबान जीव-जंतुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराना है, क्योंकि नगर प्रशासन की ओर से उनके लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।इस अभियान में अयोध्या एनिमल वेलफेयर की टीम के सदस्य जयंत चंद्र, प्रज्ञा गुप्ता, सुनीता जायसवाल, दीप्तिशिखा मौर्य, साक्षी पांडेय, यशवंत गौतम और ऋषिता सक्रिय रूप से शामिल रहे।इन्होंने पूरे शहर में स्थानों की पहचान कर पानी के पॉट रखने की योजना बनाई है ताकि पक्षियों, कुत्तों, गायों, और अन्य जीवों को इस भीषण गर्मी में पानी मिल सके।टीम ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे अपने-अपने कॉलोनियों में इस अभियान में सहयोग करें और अपने आस-पास जीव-जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था करें। वर्तमान में पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण पशु-पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता बेहद जरूरी हो गई है।अगर आप भी इस अभियान में अपना योगदान देना चाहते हैं, तो अपने घर के बाहर या आसपास एक पानी का पात्र रख सकते हैं, जिससे न केवल इन बेजुबान प्राणियों की प्यास बुझाई जा सकेगी बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता भी बढ़ेगी।

## भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव में दो दिन में होंगे अनेक बड़े कार्यक्रम तथा 51 विभूतियों का होगा सम्मान

**भरतकुंड अयोध्या।** महात्मा भरत जी की तपोस्थली भरतकुंड पर आगामी 14 एवं 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव एवं सतुआ संक्रांति महापर्व की कार्य योजना बैठक भरतकुंड स्थित एम जे एस एकेडमी में सम्पन्न हुई,बैठक के साथ साथ नारी शक्ति अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता भरतकुंड महोत्सव अध्यक्ष डा अंजनी कुमार पाण्डेय तथा संचालन संस्थापक सचिव अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय ने किया। एमजेएस अकैडमी के प्रबंधक तथा भरतकुंड महोत्सव न्यास के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने नवरात्रि की नवमी के अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं का माल्यार्पण तथा अंग वस्त्र प्रदान कर तथा सबको भोजन फलाहार प्रदान कर अभिनंदन किया । बैठक का शुभारंभ प्रसिद्ध कवियत्री अर्चना द्विवेदी के मां सरस्वती की वंदना से हुआ इसके बाद सर्वसम्मति से आगामी भरतकुंड पर्यटन कांक्लेव एवं सतुआ संक्रांति महापर्व की तैयारियों की समीक्षा की गई मांडवी मंच की प्रबंधिका रीता तिवारी ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में पहले दिन 14 तारीख को प्रातः श्री राम महायज्ञ, 1100 महिलाओं द्वारा सामूहिक चटमाता की पूजा, भजन संध्या, अवधी गायन व नृत्य का कार्यक्रम तथा द्वितीय दिवस हेरिटेज वाक, बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं, साहित्य संगोष्ठी, विराट कवि सम्मेलन, 51 विभूतियों को लोक भास्कर सम्मान तथा सायंकाल में देश और प्रदेश के जाने-माने कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हमारी पौराणिक और प्राचीनतम मान्यता को देखते हुए भगवान सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के दिन को *सतुआ संक्रांति* के रूप में मनाया जाता है इसलिए प्रथम बार इस कार्यक्रम में सतुआ संक्रांति को भी जोड़ा गया है। भरतकुंड महोत्सव न्यास की तरफ से उपस्थित सभी लोगों को सतुआ, आम की चटनी, सिरका, गुड आदि का भोजन कराया जाएगा तथा मान्यता के आधार पर सतुआ, सुराही, पंखा आदि का दान भी किया जाएगा। भरतकुंड महोत्सव अध्यक्ष डॉक्टर अंजनी कुमार पांडे के साथ-साथ भरत कुंड के सभासद रामकृष्ण पांडे लगातार कार्यक्रम की तैयारी में कई दिनों से लगे हुए हैं।

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने सिंचाई बन्धु की बैठक कर किसानों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अलीगढ़।** अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सिंचाई बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा किसान हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरतते हुए किसी के साथ भेदभाव न करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी किसान नेताओं एवं किसान बन्धुओं से आव्हान किया किया शासन की प्राथमिकता में शामिल फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत सभी किसान बन्धु जनसेवा केंद्रों के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन 30 अप्रैल तक अवश्य करा लें। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा 05 वर्ष पूर्व सामान्य योजना में धनराशि जमा करने के बावजूद ट्यूबवैल का कनैक्शन एवं सामान न दिए जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए अगली बैठक से पूर्व समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना की धीमी प्रगति पर कृषि विभाग को अधिकाधित किसानों को योजना का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। ब्लॉक बिजौली के ग्राम सिरसा के प्रधान ने गॉव की विभिन्न समस्याओं- सड़क, नाली, खड़ंजा, हैण्डपंप को बैठक में रखा जिस पर अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में प्राप्त सभी समस्याओं के गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए एक बार स्थलीय निरीक्षण कर समस्या की अच्छी तरह से समझ उसका त्वरित समाधान किया जाए।


# नरेंद्र देव कृषि वि.वि. 3 दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 32 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने मशाल जलाकर एवं विवि का झंडा फहराकर खेल का शुभारंभ किया। कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति शपथ दिलाई। सभी आठ हाउस की टीमों ने मार्च पास्ट किया। इस मौके पर कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह भी खेल मैदान पहुंची और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता का पहला मैच गोला फेंक से हुआ जिसमें सभी हाउस की टीमों ने प्रतिभाग किया। विवि के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि गोला फेंक पुरुष वर्ग में पिंक हाउस के क्रिश डोंडियाल ने 9.10 मी. गोला फेंक कर गोल्ड मेडल को अपने नाम कर लिया। पर्पल हाउस के अजय चंद्रा ने 8.10 मी. गोला फेंककर सिल्वर मेडल हासिल किया तो वहीं यलो हाउस की टीम के अमित सिंह 7.80 मीटर ही गोला फेंक पाए और उन्हें ब्रॉज से संतोष करना पड़ा। चेस प्रतियोगिता खेल अध्यक्ष डा. नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ जिसमें पुरुष वर्ग में ग्रीन हाउस के अमनउल्लाह खान ने बुद्धिमता और रणनीति का परिचय देते हुए गोल्ड पर कब्जा जमा लिया। पर्पल हाउस टीम के रोहन कुमार रनरअप रहे। वहीं महिला वर्ग में ईशाश्री ने गोल्ड मेडल हासिल किया तो ग्रीन हाउस की प्राची आर्या रनरअप रहीं। वॉलीबॉल में पुरुष वर्ग में क्वार्टर फाइनल खेलकर यलो, पिंक, ग्रीन, पर्पल हाउस की टीमें सेमी फाइनल में पहुंच गईं हैं। सेमीफाइनल में यलो हाउस का टक्कर पिंक हाउस और ग्रीन हाउस व पर्पल हाउस आमने सामने होंगे। वहीं दूसरी तरफ वॉलीबॉल महिला वर्ग में रेड, पिंक, ग्रीन व ब्लू हाउस की टीमें सेमी फाइनल में एक दूसरे को टक्कर देंगी। सूचना मिलने तक 100 और 400 मीटर की प्रारंभिक दौड़ खत्म हो चुकी थी। फुटबॉल में आठ टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मैच चल रहा था। खेल में इंजीनीयर वी.के सिंह, अभिषेक सिंह, डॉ देवनारायण, डा. वी.पाल, जितेंद्र मौर्य, कन्हैया मिश्रा, अनुराग सिंह व आनंद दूबे की निर्णायक के रूप में मुख्य भूमिका रही। यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, टीम अध्यक्ष एवं सह अध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

## डीएम ने विद्यार्थियों को सकारात्मक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा धर्मसमाज इंटर कॉलेज सभागार में शिक्षण सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आहुत बैठक का मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को सकारात्मक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो। जिले ने विगत सत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, फिर चाहे वह बोर्ड परीक्षा परिणाम हो या फिर शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नवाचार। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति को बनाए रखते हुए उसको और सुदृढ़ करना सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में शैक्षणिक वातावरण में उन्नति, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, शासकीय योजनाओं को प्रभावपूर्ण ढंग से लागू करने, विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा देने के साथ ही जिले के माध्यमिक विद्यालयों में गत सत्र में हुई उन्नति एवं सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एडीआईओएस मनोज कुमार, नौरंगी लाल राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवींद्र पाल सिंह तोमर, प्रधानाचार्य डॉ कौशलेंद्र कुमार, डॉ विपिन कुमार वार्ष्णेय, डॉ अनूप शर्मा, डॉ डालेश काकरान उपस्थित रहे।

# भादमुस्तहकम स्कूल में वार्षिकोत्सव व परीक्षा फल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भादमुस्तहकम में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन।शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में छात्र छात्राओं को अंक पत्र व मेडल देकर किया गया सम्मानित। पुरस्कार पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे। शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ लालजी यादव ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में निशा, पल्लवी यादव, आंचल यादव, काव्या, नन्दनी, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद फैजान,इरशाद, रोहित, अभिजीत, सुनीता, बबिता आदि छात्र छात्राओं ने अपने कला के माध्यम से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बेटा बेटी के पढ़ईह जरूर,देश भक्ति गीत, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने सबका मन मोहा। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय भादमुस्तहकम के सभी कक्षाओं के होनहार छात्र छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 1मे काव्या प्रथम, सुनीता द्वितीय, अभिजीत तृतीय, कक्षा 2 में बबिता प्रथम, मोहम्मद सैफ द्वितीय, शहबाज तृतीय,कक्षा 3 में मोहम्मद नईम प्रथम, अल्ताफ द्वितीय, नन्दनी तृतीय, कक्षा 4 में मोहम्मद फैजान प्रथम, निशा द्वितीय,वसीम तृतीय कक्षा 5 में आंचल प्रथम, पल्लवी द्वितीय, मोहम्मद अरमान तृतीय की छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ लालजी यादव व प्रधानाध्यापक पुष्पेश प्रद्युम्न ने अंक पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि किसी को मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। आज इनकी बारी है तो कल आपकी ही बारी आने वाली है। बच्चों का आकलन परीक्षा में प्राप्त किए गए मार्क्स से नहीं किया जा सकता। बल्कि बच्चों के द्वारा की गयी मेहनत से ही उनका सही आकलन होगा। विशिष्ट अतिथि लालजी यादव ने कहा कि गांव के सरकारी स्कूलों में आप सब अपने बच्चों का नामांकन करायें। और बच्चों को समय से स्कूल भेजें। शिक्षक आपके बच्चों को पढ़ाते हैं जिससे आपका बच्चे पढ़ लिख कर कुछ बन जायें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फूल चन्द्र यादव व कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी पाल भारती ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को तैयार कराने में राजीव मिश्रा, प्रमोद यादव व आंगनबाड़ी प्रेमा का मुख्य योगदान रहा। इस दौरान बीईओ संतोष कुमार शुक्ला,प्रा शि संघ ब्लाक अध्यक्ष लालजी यादव, ग्राम प्रधान सद्दाम, एसएमसी अध्यक्ष फूलचंद यादव, प्रधानाध्यापक पुष्पेश प्रद्युम्न,मुस्तन शेरुल्लाह,प्रमोद यादव, राजीव मिश्रा, विनोद सिंह, पंकज जायसवाल, तौफीक अहमद,हरेंन्द्र सिंह,रमाकान्त यादव,अश्वनी शुक्ला, पप्पू यादव, जितेन्द्र गुप्ता, राकेश राज, रामानंद पाण्डेय, रामाश्रय लाल, शिवानंद श्रीवास्तव, रविन्द्र यादव, राधेश्याम वर्मा, रविन्द्र गोड़ आदि लोग मौजूद रहें।

## बस्ती बढ़नी रोड को फोर लेन करने की मांग

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बस्ती मंडल की एक सीट है डुमरियागंज जो हमेशा से वीआईपी सीट रही है लोकसभा सीट पर यहां स्व केशव देव मालवीय से लेकर स्व काजी जलील अब्बासी, स्व रामपाल सिंह, स्व ब्रजभूषण तिवारी, मोहम्मद मुकीम और मौजूदा सांसद जगदंबिका पाल चौथी बार यहीं से सांसद हैं और आज तक जितने भी सांसद हुए हैं अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से कहीं न कहीं संबंध था और है लेकिन आज तक ये क्षेत्र फोरलेन से नहीं जुड़ पाया है जब की डुमरियागंज, इटवा, बढ़नी सबसे महत्वपूर्ण स्थान है जहां से लोग बड़ी संख्या में इसी मार्ग से देश के कोने कोने में आते जाते हैं आज कल फोरलेन तेजी से नितिन गडकरी जी द्वारा दी जा रही है इसके बाद भी ये क्षेत्र फोरलेन के बारे में पिछड़ा है जबकि मौजूदा समय में सबसे बड़ी आवश्यकता फोरलेन की है यह आश्चर्य का विषय है जब की इस क्षेत्र में फोर व्हीलर का सड़कों पर जो धनत्व है वो आंख मूंदकर फोरलेन का समर्थन करता है इसी विषय पर हल्लौर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अर्शी रिजवी का कहना है कि मुझे उम्मीद है कि जिम्मेदार लोग इस तरफ ध्यान देंगे और जनता की परेशानी देखते हुए फोरलेन लाने की कोशिश करेंगे क्योकि फोरलेन से यात्रा का समय कम हो जायेगा व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# तपिश के साथ गर्म हवा के थपेड़ों ने किया बेहाल

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** मौसम लगातार बदल रहा है। दिन में तेज गर्मी तो रात में हल्की ठंडक है। हालांकि पिछले तीन दिनों से लगातार चटक धूप निकलने से तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है। तपिश के बीच चल रही गर्म हवा लोगों को बाहर निकलने से रोक रही है। सोमवार को पूरा दिन तेज गर्मी के साथ गर्म हवा का कहर बना रहा है।ऐसे में शहर की सड़क व प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। शाम को हवा थमने के साथ तेज उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक अगले तीन दिनों तक तापमान बढ़ने की आशंका जता रहे हैं। सोमवार दिन की शुरुआत ही तेज धूप के साथ हुई। सुबह के आठ बजे ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार कर गया था। इसके बाद जैसे जैसे दिन चढ़ा, वैसे-वैसे तापमान में भी इजाफा होना शुरू हो गया।दोपहर के एक बजे तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस कारण दिन के समय लोग घरों से बाहर कम ही निकले, जो लोग बाहर निकले भी वह गर्म हवा के थपेड़ों से बचने के लिए मुंह, हाथ व सिर को ढंके रहे। शाम तक गर्मी का प्रकोप बना रहा। ऐसे में न्यूनतम तापमान के बढ़ने का सिलसिला भी तेज हो गया है।

दिन का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो रविवार के मुकाबले दो डिग्री अधिक था। हवा करीब 11 से 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। रात के समय भी गर्मी ने सताना शुरू कर दिया है। शहर के तमाम इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर एसी, कूलर व अन्य उपकरणों की खरीद तेज हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो दिन तापमान इसी तरह बना रहेगा, इसके बाद मामूली राहत मिल सकती है। गन्ना रस, खीरा-ककड़ी का ले रहे सहारा दिन में चटक धूप के कारण हो रही गर्मी से बचाव के लिए लोग गन्ना रस, खीरा ककड़ी का सहारा ले रहे हैं। शहर के शहजादपुर, टांडा मार्ग, बसखारी मार्ग समेत अन्य स्थानों पर पिछले कुछ दिनों में ठेले और गन्ना रस की गाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। बड़ी संख्या में लोग यहां पर रुककर शरीर को ठंडक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## जनपद के 755 परिषदीय स्कूलों में होगा मीना मंच का गठन

**सिद्धार्थनगर।** परिषदीय स्कूलों में वर्तमान शैक्षिक सत्र में एक बार फिर मीना मंच का गठन किया जाएगा। इसके जरिए छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी और इससे उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा जाएगा। मीना मंच के माध्यम से छात्राओं को अपनी बात रखने का मौका भी मिलेगा। जनपद में 755 विद्यालयों में गठन होगा, उनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। इसके साथ ही प्रत्येक स्कूल में पावर एंजिल का चयन किया जाएगा। मीना मंच के गठन के बाद बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका होगी। स्कूलों में मीना मंच का गठन करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मीना मंच के लिए छह छात्राओं की एक समिति बनाई जाएगी, जिसकी पदेन अधिकारी भी स्कूल की छात्राएं ही होंगी। इन छात्राओं को स्कूल की अन्य छात्राओं की उपस्थिति बढ़वाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। समिति की छात्राएं स्कूल की अन्य छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना लाने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगी।

# सेवानिवृत के उपरांत होने वाली विदाई का क्षण होता है भावुक करने वाला



**अवधनामा संवाददाता**

**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** सेवानिवृत के उपरांत होने वाली विदाई का क्षण भावुक करने वाला होता है, यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। सरकारी सेवा में रहने वाले प्रत्येक कर्मचारी को इससे गुजरना पड़ता है।

उक्त बातें बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा ने बुधवार को कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मैनखाही में तैनात रही ऊषा जायसवाल के सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान कही। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सेवा के दौरान अपने अच्छे कार्य और व्यवहार के कारण वर्तमान में कार्य कर रहे लोगों के प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। मांडलिक मंत्री योगेंद्र पांडेय, महिला शिक्षक संघ की सुषमा सिंह, आरएसएम के हरिशंकर सिंह ने इनके कार्यकाल को समय के साथ बेहतर समन्वय से कार्य करने की क्षमता की तारीफ की। ऊषा जायसवाल ने कार्य में सहयोग करने वाले सभी के प्रति भावुक हो आभार जताया। कहा कि 30 वर्ष की सेवा में उन्होंने मेहनत और लगन से कार्य किया है जो अविस्मरणीय दौर रहा है। जिलाकोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तकें, स्मृति चिन्ह देकर विदा किया। अरुणिमा जायसवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिव कुमार शुक्ला, शिवपाल सिंह, रूपेश सिंह, ज्योति चौरसिया, पुनीता जायसवाल, अफसाना, जितेंद्र पांडेय, अभय पांडेय, रामसेवक गुप्ता, किरण यादव, विभा सिंह, अंकिता सिंह, रेनू चौधरी, इंद्रजीत यादव, रंजना वर्मा, सुधाकर मिश्रा, इंद्रसेन सिंह, मनोज कुमार, सुभाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## हीट वेव के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया

**बस्ती।** सू.वि., जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में रूधौली तहसील मे ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में हीट वेव के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने हीट वेव के खतरे और उससे निपटने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हीट वेव से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों पर। अभियान के दौरान हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए तैयार किए गए शासन द्वारा प्रदत्त साहित्य का वितरण किया गया, जिसमें हीट वेव के दौरान अपनाए जाने वाले जरूरी उपायों की जानकारी दी गई। अभियान में तहसील के समस्त विभाग, राजस्व कर्मचारी व आम जनमानस ने प्रतिभाग किया।

## अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं की निर्धारित प्रारूप पर सूचना अपेक्षित

**बस्ती।** सू.वि., प्रदेश के खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं की निर्धारित प्रारूप पर सूचना अपेक्षित है। उक्त जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने बताया है कि प्रारूप में नाम, पिता का नाम/पता, कार्यक्षेत्र एवं कार्य का विवरण अधिकतम 50 शब्दों में है। उन्होने बताया कि उक्त के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के युवा अपने समस्त अभिलेखों सहित कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बस्ती को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# कंपोजिट विद्यालय मैनखाही में आयोजित हुई शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** उस्का बाजार विकास खंड अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय मैनखाही में बुधवार को शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव आयोजित की गई जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ऊषा जायसवाल सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करन? वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ओपी मिश्रा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सरकार निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफार्म ,पकापकाया भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। विद्यालयों में योग्य शिक्षक भी तैनात हैं। अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन जरूर कराएं और बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। ऊषा जायसवाल ने शिक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी किया। जिला मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि 30 वर्ष की सम्मानजनक सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त होना गौरव की बात है। एसआरजी अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों के समन्वयित प्रयास से विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा में इस वर्ष प्रथम चार स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल व अन्य सामग्रियां देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के अलावा अन्य बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में सेवानिवृत्त शिक्षिका ऊषा जायसवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अभय श्रीवास्तव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रुपेश सिंह, हरिशंकर सिंह, इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्र, सुभाष जायसवाल, आशुतोष उपाध्याय, अरुणिमा जायसवाल अभय पांडेय, शिवाकांत दूबे, शिवकुमार शुक्ला, अंकिता, ज्योति पुनीता, अफसाना, हेमलता, अनुराग सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांकः-1858 /2काम(बी)-गो.वृ./25-26 दिनांकः 04.04.2025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड/ विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | पुर्ननिर्माण का कार्य 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | रानीजोत देवरियारोड से बनरीजोत गांव तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 57.05 | 4.85 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 2 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | हरिहरगंज मार्ग से कलेंदरपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 38.02 | 3.80 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 3 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | गोदीपुर सम्पर्क मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 41.64 | 4.10 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 4 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | अम्बेडकर ग्राम कोड़री लालनगर तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 38.20 | 3.85 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 5 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | कोयलरा से नौवा मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 36.75 | 3.70 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 6 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | धमौली से ज्वालापुरवा तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 49.45 | 4.50 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 7 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | गोदीपुर से मकनहा सम्पर्क मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 42.54 | 4.15 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 8 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | धर्मपुर शिवपुर महन्थ मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 37.97 | 3.80 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 9 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | श्रीनगर से श्रीनगर हरिजन बस्ती तक मर्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 37.60 | 3.76 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 10 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | टेढ़ी पुलिया से भीखमपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 46.31 | 4.32 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 11 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | ढोढरी ग्राम पेन्टेड से जमालीजोत ग्राम की इण्टरलांकिग तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 36.35 | 3.64 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 12 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | दलपतपुर ग्राम सभा को जाने वाली आर0सी0सी0 से दूल्हापुर हनुमन्तनगर ग्राम तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 40.50 | 4.03 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 13 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | बलरामपुर तुलसीपुर मार्ग पर कठोरा से रतोहा मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 36.46 | 3.65 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 14 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | बहादुरपुर से ढुड़वा मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 37.89 | 3.79 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 15 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | पड़री लालनगर तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 55.86 | 4.79 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 16 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | गलिवापुर से ढोबाडाबर मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 48.03 | 4.40 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 17 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | दिलहलडीह (ढोवाडाबर) से मोहली (महुआ इब्राहीम) से बिनोहनी पेन्टेड तक मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 58.96 | 4.95 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 18 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | अम्बेडकर ग्राम शेखरपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 38.20 | 3.82 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 19 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | गगांपुर शेखरपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 51.44 | 4.57 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 20 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/बलरामपुर | श्रीनगर से धर्मपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 33.70 | 3.37 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 21 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/उतरौला | उतरौला बस्ती रोड से बभनी ख़ास तक मार्ग का पुर्न निर्माण का कार्य। | 47.34 | 4.37 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 22 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड/उतरौला | बदलपुर हुसैनाबाद कर्शण मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 45.40 | 4.27 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.04.2025 से 25.04.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 25.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 25.04.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
नि.खं., लो.नि.वि.,बलरामपुर

UPID-232017 Dated-08-04-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा


# गर्मी शुरू होते अग्नि देवता का कहर जारी फ़सल स्वाहा

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर। अंबेडकरनगर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही अग्नि देवता का कहर जारी है। आए दिन किसी गरीब की झोपडी जल रही है तो कही फसल स्वाहा हो रहा है। ताजा घटना जलालपुर तहसील तथा मालीपुर थाना के ज्योतिपुर सैमसा गांव में बुधवार दोपहर को घटित हुई जहां भूसा बना रही मशीन से निकली चिंगारी ने तीन किसानों के गेहूं की फसल स्वाहा कर दिया।ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिसके वजह से अन्य किसानों की फसल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर को गांव निवासी हौसला के खेत में कंबाइंड मशीन से कटे गेहूं के अवशेष से भूसा बनाने वाली मशीन से भूसा बनाया जा रहा था।इसी दौरान मशीन से चिंगारी निकली जिससे गेहूं का अवशेष जलने लगा। देखते ही देखते आग आसपास खड़े गेहूं की फसल में लग गई। आग की लपटे और गुहार सुन जबतक ग्रामीण पानी लाठी डंडा झाड़ू आदि की सहायता से आग पर काबू पाते तब तक गांव निवासी किसान प्रदीप कुमार पुत्र महादेव का साढ़े तीन बीघा ,गंगा सागर पुत्र राम तीरथ एक बीघा तथा रामपूजन पुत्र राम नरेश एक बीघा गेहूं की फसल जल गई। आग आगे न बढ़ पाए किसानों ने ट्रैक्टर से खेत की जुताई करना शुरू कर दिया। आग की सूचना पर थानाध्यक्ष आशुतोष शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहायता किया। तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव ने बताया कि नुकसान के आकलन के लिए हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को भेजा गया है।रिपोर्ट के आधार पर उनको आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

## राक्षसों के प्रति भी भगवान के मन में दया का भाव था

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** राक्षसों के प्रति भी भगवान श्री कृष्ण के मन में दया का भाव था इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल्यावस्था में विभिन्न प्रकार की लीलाओं का सृजन करते हुए उनका वध करके उन्हें उनके तामसी जीवन से मुक्त किया। उक्त बाते व्यास गद्दी पर विराजमान अयोध्या धाम से आए पंडित राहुल जी महराज ने श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के बाल्यावस्था की लीलाओं का वर्णन करते हुए कही। नगर पंचायत बढ़नी के मिल कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पंडित राहुलजी महराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि ईश्वर जगत के सभी प्राणियों के प्रति दया का भाव रखते हैं।

## पांच बच्चों की मां चार बच्चों के बाप के साथ फुर्र

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** यूपी के सिद्धार्थनगर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पांच बच्चों की मां उसी गांव के रहने वाले चार बच्चों के बाप के साथ फुर्र हो गई। इतना ही नहीं उसने फेसबुक पर अपने प्रेमी के साथ शादी करते हुए एक फोटो भी पोस्ट कर दी, जिसके बाद दोनों के परिवार के लोगों को मामले की जानकारी हुई।

दरअसल, यह पूरा मामला बीते 5 अप्रैल का है जब सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपने पांच बच्चों व पति को छोड़कर घर की नगदी व जेवरात लेकर गायब हो गई। पति ने सोचा कि पत्नी मायके चली गई होगी, लेकिन तीन दिन बाद उसे ग्रामीणों ने बताया कि तुम्हारी पत्नी की एक शादी करने जैसी फोटो गांव के एक युवक के साथ फेसबुक पर पोस्ट की गई है। जिसे देखकर महिला का पति काफ़ी परेशान हो गया।

उसके के 5 बच्चे हैं, जिनमें चार बेटियां व एक बेटा शामिल है। बड़ी बेटी की उम्र लगभग 19 साल है तो वहीं छोटी बेटी की उम्र महज 5 वर्ष है। वह पहले मुंबई मे बड़ा पाव की दुकान में काम करता था. इधर कुछ दिनों से वह गांव में मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहा है। उसका कहना है कि पत्नी घर से जो गहना व 90 हजार रुपये लेकर गई है वह वापस कर दे, बाकी हमें अब उससे कोई मतलब नहीं है।

# रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

- संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान के तहत निकली गई रैली

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र अंतर्गत तमाम परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बच्चों व अभिभावकों , ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। डुमरियागंज विकासखंड के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी, प्राथमिक विद्यालय बनकटी, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा, प्राथमिक विद्यालय चकफतेह, संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय तुरकौलिया, प्राथमिक विद्यालय गौरी पाठक, डोकरा आदि विद्यालयों में रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए हाथों में बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। जागरूकता अभियान के संबंध में कंपोजिट विद्यालय भारत भारी के प्रधानाध्यापक रामविलास यादव ने बताया कि स्कूल के स्टाफ सहित अभिभावकों की उपस्थिति में गांव के विभिन्न जगहों पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया।

इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की रैली निकल गई। यह अभियान निरंतर आगे भी चलता रहेगा। कुछ विद्यालयों में गुरुवार को भी रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भिठौरा कला, वि.खं. पूरनपुर (पीलीभीत)

### निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत भिठौरा कला की वित्तीय वर्ष 2025-2026 को प्राप्त होने वाले 15 वां वित्त (टाईड एवं अनटाइड फण्ड), पंचम राज्य वित्त, आर जी एस ए. मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तिय वर्ष 2025-26 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो हेतु जैसे इंटरलाकिंग कार्य/सीसी रोड (नव निमर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नच निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का कायाकल्पाजन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालयों का कायाकल्प रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य SLWM योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यो की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनवाड़ी केन्द्रो का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कक्षों का कायाकल्प, नवनिर्माण हैण्डपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रम व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाहन क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली व ई- रिक्शा क्रम एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य विभिन्न सरकारी विल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नव निर्माण कार्य, आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, गौशाला निर्माण, RO वॉटरप्लांट स्थापना, अमृत सरोवर निर्माण, ग्राम पंचायत में फांगिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, वजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार, बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी ठेली, पी.पी. किट, मास्क सफाई किट कूड़ा दान फांगिंग मशीन, कैमरा फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलवंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय पंचायत भवन पर दिनांक 15.04.2025 को 01:00 बजे आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिनांक 15.04.2025 को 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय - पंचायत भवन पर खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

अरविन्द कुमार
प्रधान

नेहा
सचिव

## भारत में मंदी नहीं

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वार से दुनिया के देशों में हाहाकार, कोहराम मचा है। शेयर बाजार औंधे मुंह गिर रहे हैं। भारत की सूचीबद्ध कंपनियों के, एक ही दिन में, 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। आकलन है कि इसी सत्र में भारतीय बाजार के 50-60 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान आदि देशों में भी निवेश स्वाहा हुए हैं, लिहाजा निवेशक अपना शेष धन बचाने के लिए इधर-उधर प्रयासरत हैं। करीब 50 देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की पेशकश की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब अमरीका ने नहीं दिया है। हालांकि टैरिफ वार के बाद अमरीकी कंपनियों का मार्केट कैप भी करीब 516 लाख करोड़ रुपए (करीब 6 लाख करोड़ डॉलर) घट चुका है। यह राशि भारतीय जीडीपी से डेढ़ गुणा ज्यादा के करीब है। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा संभव है कि वह इस नुकसान की भरपाई जल्द ही कर ले! हालात ऐसे बन गए हैं कि अमरीका में ही आर्थिक मंदी की आशंका 35 फीसदी से बढ़ कर 45 फीसदी हो गई है। बहरहाल अमरीका में जन-सैलाब सडक़ों पर उमड़ा है। लोग राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के साथ-साथ अन्य नीतियों का भी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भीड़ के निशाने पर खरबपति अमरीकी एलन मस्क भी हैं। उनकी टेस्ला कारें जलाई जा रही हैं। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए हैं। इतनी जल्दी उनकी लोकप्रियता के पतन को देखकर हर कोई हैरान है। शायद ऐसा किसी भी अमरीकी राष्ट्रपति के संदर्भ में नहीं हुआ! बेशक टैरिफ वार का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ेगा, लिहाजा अमरीका के मित्र माने जाने वाले यूरोप और नाटो देश भी राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन सरीखी अंतरराष्ट्रीय पंचायतों पर भी प्रहार किए हैं और वह वैश्वीकरण की धारणा और व्यवस्था को ही खत्म करने पर आमादा हैं, नतीजतन दुनिया की स्थापित 'सप्लाई चेन' भी खंडित होगी, लिहाजा नए व्यापारिक समीकरण बनेंगे और नई सप्लाई चेन भी स्थापित हो सकती है। अलबत्ता निर्यात कम होंगे। मांग कम होगी। मंदी के आसार बनेंगे। सरकारों को तैयार हो जाना चाहिए। यदि देश अमरीका पर ही टैरिफ लगाते हैं और अन्य देशों पर पहले जैसा ही टैरिफ वसूलते हैं, तो उसके परिणाम अलग होंगे। अमरीका के टैरिफ प्रहार पर फिलहाल भारत सरकार खामोश और निश्चिंत लग रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय आगामी 6 सप्ताह तक टैरिफ वार के चौतरफा प्रभावों का विश्लेषण करना चाहता है। बेशक भारत के कारोबार और अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, लेकिन आर्थिक मंदी की बात करना या दुष्प्रचार करना गलत है। भारत में घरेलू बाजार, मांग और खपत व्यापक है। हम अमरीका को निर्यात के ही भरोसे नहीं हैं, क्योंकि भारत बड़ा निर्यातक देश नहीं है। हमारी जीडीपी में माल निर्यात की हिस्सेदारी मात्र 10 फीसदी है। जीडीपी का मात्र 2 फीसदी ही अमरीका की टैरिफ नीति से प्रभावित होगा। भारत मुख्यतः 'सर्विस इकोनॉमी' है। जीडीपी में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 65 फीसदी है। अमरीका को जो सेवा-निर्यात किया जाता है, उस पर टैरिफ बढ़ाया नहीं गया है, लिहाजा इस 'ट्रेड वार' से लगभग मुक्त रहेगा। भारत घरेलू मांग पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान भी हमने खाद्य-संकट महसूस नहीं किया। अब भी संभावना यही है कि अमरीका और चीन के बीच टैरिफ-युद्ध के आसार के मद्देनजर बड़े विदेशी निवेशक भारत में लौट सकते हैं। बहरहाल मंदी के आसार न भी हों, लेकिन व्यापारिक खौफ और अंतरराष्ट्रीय मांग के कम होने के कारण हमारे ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी, धातु, फार्मा और ऊर्जा के बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में गिरावट देखी गई है। भारत को 'पलटवार टैरिफ' लगाना चाहिए।

## चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ

**ओम प्रकाश 'सुमन'**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ,कवि ,लेखक, पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म मध्य प्रदेश के जिले होशंगाबाद के बाबई नामक ग्राम में 4 अप्रैल 1889 को हुआ था ।इनके पिता नंदलाल चतुर्वेदी जो गांव के ही प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे उनकी प्राथमिक शिक्षा संस्कृत पाठशाला से हुई पर वह संस्कृत और हिंदी के अच्छे विद्वान बन गए। सन 1902 ईसवी में 14 वर्ष की अल्पायु में उनकी शादी हो गई उनकी पत्नी का नाम ग्यारसी बाई था पर 1915 में उनकी पत्नी का निधन हो गया । 29 वर्ष की आयु से लेकर अंत तक माखनलाल चतुर्वेदी ने विधुर के रूप में ही अपना जीवन व्यतीत किया। प्रारंभिक आर्थिक कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए खंडवा में उन्हें ?10 मासिक पर अध्यापक की नौकरी मिल गयी। शिक्षण के साथ ही उनका पत्रकारिता के प्रति झुकाव रहा । बाद में खंडवा से निकलने वाले कर्मवीर नामक पत्र में माधव राव सप्रे ने उन्हें अपना सह संपादक बनाया। मध्यप्रदेश में सरस्वती की टक्कर की प्रभा नामक पत्रिका अपने संपादन में उन्होंने निकाली पर वह अल्पकाल में ही बंद हो गयी। उन्होंने प्रताप का संपादन करके भी जन जागरण राष्ट्रीय भावना को उद्वेलित करने का महान कार्य किया ।उनकी पत्रकारिता कभी झुकती नहीं थी उन्होंने जिस सवाल को उठाया उसकी समाप्ति एक गौरवपूर्ण ढंग से ही की। मुंबई में कुछ दिन इनका निवास हुआ और वहां पर भी अध्यापन किया पर थोड़े समय में ही त्याग पत्र दे दिया और फिर जीवन भर कहीं भी नौकरी नहीं की । कवि एवं लेखक के रूप में उनकी रचनाएं बहुत लोकप्रिय हुई। वह सरल भाषा में ओजपूर्ण रचनाओं के मुख्य कलाकार थे । उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ जोरदार प्रचार किया और नई पीढ़ी का आह्वान किया कि वह गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर बाहर आए । माखनलाल जी आपने प्रकृत नाम के अलावा अन्य बहुत से छद्म नामों से भी कविताएं लिखा करते थे जिनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध नाम था एक भारतीय आत्मा पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान उतना ही सराहनीय है जितना कविता के क्षेत्र में इतना ही स्वतंत्रता आंदोलन में भी रहा । हम उनके स्वतंत्रता संग्राम के लिए किए गए कार्य का मूल्यांकन करते हैं तो उनका राजनीतिक संपर्क क्रांतिकारियों से हुआ और उस समय लाल -बाल -पाल त्रिगुट ही उनका आदर्श था। इसके बाद में वह गांधी जी के संपर्क में आए और उनसे जुड़ कर के अपनी ओजस्वी लेखनी के साथ ही आंदोलन और सत्याग्रहों में भाग लेकर भी उन्होंने अपनी सहभागिता दर्ज कराई । 1921 में महात्मा गांधी द्वारा प्रारंभ सत्याग्रह आंदोलन में पहली बार जेल गये । दोबारा 1930 में बैतूल जंगल सत्याग्रह में भाग लेने के कारण 1 वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना पड़ा। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व था पर उसमें जेल में न जाकर उन्होंने भूमिगत रहकर ही स्वतंत्रता आंदोलन को प्रसारित किया।

माखनलाल चतुर्वेदी जी सफल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार और पत्रकार थे। उन्होंने अपने जीवन में तीनों क्षेत्रों में समान रूप से कार्य किया साहित्य जगत में जब उनकी रचनाओं को पढ़ा गया तो उनके प्रति साहित्यकारों का सम्मान बढ़ने लगा ।देश के स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय और कुशल राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में माखनलाल चतुर्वेदी जी को देश भर में ख्याति में मिल गई थी।हिंदी साहित्य की अटूट सेवा करने वाले एक साहित्यकार को भरतपुर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान दिया गया वे अखिल भारतीय सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गए उसी समय वह हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रचार मंत्री बनाए गए थे। 1936 में मध्य प्रदेश की संसदीय समिति के अध्यक्ष चुने गए और 1939 की प्रसिद्ध त्रिपुरी कांग्रेस की स्वागत समिति के निर्वाचित उपाध्यक्ष थे। 1943 में अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन के हरिद्वार अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**सफलता की गाथा - भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। 2025 में, केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं।**

# भविष्य के लिए तैयार स्टार्टअप इकोसिस्टम की ओर

**रोहित कुमार सिंह**

हाल ही में स्टार्टअप महाकुंभ में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा की गई टिप्पणी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की समयोचित और आवश्यक आलोचना प्रस्तुत करती है। इस क्षेत्र के अंतर्गत हुई उल्लेखनीय प्रगति और नवाचार को स्वीकारते और उसकी सराहना करते हुए गोयल ने स्टार्टअप्स से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान खाद्य वितरण और हाइपर-फास्ट लॉजिस्टिक्स जैसे कम मूल्य वाले उपक्रमों से हटाकर सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और डीप-टेक जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करें।

आत्मविश्लेषण का यह आह्वान न केवल जायज है, अपितु भारत के उद्यमशील परिदृश्य की दीर्घकालिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भी है। सफलता की गाथा - भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। 2025 में, केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

इसके अलावा, टियर 2 और टियर 3 शहर कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधि केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। यह विकेंद्रीकरण एक आशाजनक प्रवृत्ति है, जो इकोसिस्टम की समावेशिता और उसकी संभावनाओं को रेखांकित करती है। श्री गोयल द्वारा रेखांकित चुनौतियाँ - इन उपलब्धियों के बावजूद,श्री गोयल की आलोचना उन महत्वपूर्ण कमियों की ओर इंगित करती है, जिन्हें दूर किए जाने की आवश्यकता है। अनेक स्टार्टअप्स डीप-टेक जैसे परिवर्तनकारी क्षेत्रों में नवाचार करने के बजाय मौजूदा व्यवसाय मॉडल की नकल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उदाहरण के लिए, यद्यपि चीनी स्टार्टअप्स सेमीकंडक्टर और ईवी प्रौद्योगिकियों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं, वहीं भारतीय स्टार्टअप्स अक्सर किराने के सामान की तत्काल डिलीवरी या विशिष्ट उपभोक्ता उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। इस दृष्टिकोण से सीमित दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य वाले व्यवसायों का सृजन होने का खतरा है।

श्री गोयल ने प्रतिभा पलायन या ब्रेन ड्रेन के बारे में भी चिंता जाहिर की, जहां नवोन्मेषी विचारों को कम कीमत पर विदेशी कंपनियों को बेचा जाता है। घरेलू नवाचार के लिए मजबूत समर्थन के बिना, भारत के समक्ष अपनी बौद्धिक पूंजी को अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के लिए गवां देने का जोखिम मौजूद है।




आत्मविश्लेषण और जवाबदेही - मंत्री महोदय का यह वक्तव्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में कही जाने वाली सामान्य बातों से हटकर एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखने का विकल्प चुना। उनकी इस स्पष्ट आलोचना को निंदा के रूप में नहीं, बल्कि भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए रचनात्मक चुनौती के रूप मेंङ्क उन्हें सौम्य रूप से प्रेरित किए जाने के रूप में देखा जाना चाहिए। स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर आत्मविश्लेषण और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में वरिष्ठ मंत्रियों के ऐसे वक्तव्य महत्वपूर्ण हैं। यद्यपि यूनिकॉर्न वैल्यूएशन और वित्त पोषण संबंधी उपलब्धियों को लेकर मिल रही प्रशंसा का आनंद लेना आसान है, लेकिन वास्तविक प्रगति प्रणालीगत खामियों को दूर करने और दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य बनाने वाले व्यवसायों का निर्माण करने में निहित है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने और अपने प्रयासों को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ सरेखित करने की चेतावनी का कार्य करती है। भारत के स्टार्टअप समुदाय को इस तरह के नेतृत्व का स्वागत करना चाहिए - जो यथास्थिति को चुनौती देने और सार्थक नवाचार के लिए प्रेरित करने से भयभीत नहीं होता। इस विजन को अपनाते हुए भारतीय उद्यमी अपनी प्रतिभा का लाभ उठाते हुए इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट सकते हैं।

डीप-टेक क्यों महत्वपूर्ण है - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे डीप-टेक उद्योग आर्थिक विकास और तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक स्तर पर, ये क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से लेकर विनिर्माण तक के उद्योगों के भविष्य को आकार दे रहे हैं। फिर भी, भारत में डीप-टेक में केवल लगभग 1,000 स्टार्टअप हैं इस आँकड़े को गोयल ने परेशान करने वाला करार दिया है।

**डीप-टेक में निवेश करने से अनेक लाभ मिलते हैं :** आर्थिक मूल्य- उच्च तकनीक वाले उद्योग कम कौशल वाले क्षेत्रों की तुलना में प्रति कर्मचारी अधिक राजस्व उत्पन्न करते हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता- एआई और रोबोटिक्स में नवाचार भारत को अत्याधुनिक तकनीकों में अग्रणी बनाता है।

स्थिरता- अल्पकालिक उपक्रमों के विपरीत, डीप-टेक समाधान प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करते हैं और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करते हैं। मजबूत इकोसिस्टम ही सफलता का मार्ग है- अधिक प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए गोयल के विजन को साकार करने के लिए अनेक तरह के कदम उठाने की आवश्यकता है।

डीप-टेक फंडिंग को प्रोत्साहित करना -यद्यपि लेट-स्टेज फंडिंग प्रमुख होती है (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1.8 बिलियन डॉलर), लेकिन डीप-टेक में शुरुआती चरण के निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीआईआई और फिक?की जैसे उद्योग निकाय नवाचार-प्रेरित स्टार्टअप्स के लिए समर्पित कोष बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नीतिगत समर्थन- एंजल टैक्स को खत्म करने जैसे हाल के सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिए और प्रोत्साहन विकास को गति दे सकते हैं। बौद्धिक संपदा (आईपी) को बढ़ावा देना- स्टार्टअप्स को वैश्विक मॉडल अपनाने के बजाय आईपी-संचालित समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बदलाव भारतीय नवाचारों का वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहना सुनिश्चित करेगा। टियर 2 और टियर 3 शहरों का लाभ उठाना- 'भारत' का उदय ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप डीप-टेक समाधानों के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने का अवसर प्रस्तुत करता है। शिक्षा जगत के साथ सहयोग- स्टार्टअप्स के साथ अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय गहन तकनीकी नवाचार के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर सकते हैं।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

**जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा।**

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक


ललित गर्ग

समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक



देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 'तीसरा ध्रुव' कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा।

दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है।

# मोदी सरकार में नारी सशक्तिकरण की ठोस पहल

**15 साल और उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 2017-18 में 49.8 प्रतिशत था, जो 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गया है। यह दर्शाता है कि कामकाजी महिलाएं तेजी से बढ़ी हैं। वित्त वर्ष 2020 में वरिष्ठ पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी 14.7 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 16.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं, इसी दौरान पुरुषों की हिस्सेदारी 85.3 प्रतिशत से घटकर 83.3 प्रतिशत पर आ गई।**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज एक समावेशी राष्ट्र का निर्माण हो रहा है, जिसमें लैंगिक समानता को महत्व दिया जा रहा है। महिलाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रभावी नीतियां अपनाकर भारत की विकास गाथा में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। पूर्व में लैंगिक समानता के मोर्चे पर निराशा की स्थिति थी, लेकिन आज उसकी जगह लोकतांत्रिक नीतियों और उनके सफल कार्यान्वयन ने ले ली है। आज शासन-प्रशासन के ढांचे में महिलाओं की


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

भागीदारी बढ़ी है। राष्ट्रपति परिवर्तन की अगुआई में महिलाओं की भूमिका मोदी सरकार की एक खासियत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला विकास से हटकर महिला नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को महिलाओं का स्पष्ट समर्थन मिला है। नारी शक्ति अब आर्थिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी धरती पर भी महिलाओं के बीच गर्मजोशी और उत्साह पैदा किया है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, ÷अगर हमारी 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाएं घर में बंद रहेंगी तो हम सफलता हासिल नहीं कर सकते।÷ मोदी सरकार का एक प्रमुख जोर वित्तीय सहायता, कौशल और प्रशिक्षण के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने पर रहा है। महिला सरपंचों से लेकर विधायकों तक, सार्वजनिक सेवा में महिलाओं की भूमिका को पहले से कहीं ज़्यादा प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकार किया है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के परिणाम महिलाओं की भागीदारी के साथ कई गुना बढ़ जाते हैं, क्योंकि वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज की देखभाल और भरण-पोषण करने की असाधारण क्षमता रखती हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, पीएम मोदी देश की महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर जुटे हुए हैं। यही वजह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में शहर से लेकर गांव तक और बिजनेस से लेकर शेयर बाजार तक महिलाओं का सशक्तिकरण खूब नजर आने लगा है। पीएम मोदी नारीशक्ति को देश के प्रमुख चार स्तंभों में से एक मानते हैं और उनके लिए ऐसी कई योजनाएं लगातार ला रहे हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और उनका सशक्तिकरण भी हो सके। प्रधानमंत्री के इसी भरोसा देने के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में नारीशक्ति का योगदान दिनों-दिन बढ़ रहा है। कभी महिलाओं के बिल्कुल अछूते रहे शेयर बाजार में भी अब महिलाओं की संख्या और दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। आज हालात यह हैं कि देश के कुल बैंक खातों में से



39.2 प्रतिशत महिलाओं के ही हैं। यही नहीं, बैंक खातों में जमा कुल रकम में भी करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। गांवों में 42 प्रतिशत महिलाएं खाताधारक हैं। इतना ही नहीं शेयर बाजार तक में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पिछले तीन साल में ही महिलाओं के डीमेट अकाउंट भी चार गुना बढ़े हैं।

सांख्यिकी मंत्रालय की ताजातरीन रिपोर्ट 'भारत में महिलाएं और पुरुष 2024' के उत्साहवर्धक आंकड़े महिलाओं की सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। भले ही ट्रंप ट्रैरिफ के चलते फिलहाल शेयर बाजार कुछ नीचे हो, लेकिन पिछले कुछ सालों में शेयर बाजार में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 31 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2024 के बीच डीमेट खातों की संख्या 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.3 करोड़ हो गई। यह 4 गुना से अधिक की वृद्धि है। 2021 के दौरान डीमेट अकाउंट में महिलाओं की संख्या 66.7 लाख थी, जो 2024 में बढ़कर 2.77 करोड़ हो गई। यह संकेत करता है कि महिलाएं अब निवेश और वित्तीय निर्णयों में भी सक्रिय हो रही हैं। पुरुष खाताधारकों की संख्या अब भी अधिक है, लेकिन महिला भागीदारी में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

वहीं, 15 साल और उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 2017-18 में 49.8 प्रतिशत था, जो 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गया है। यह दर्शाता है कि कामकाजी महिलाएं तेजी से बढ़ी हैं। वित्त वर्ष 2020 में वरिष्ठ पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी 14.7 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 16.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं, इसी दौरान पुरुषों की हिस्सेदारी 85.3 प्रतिशत से घटकर 83.3 प्रतिशत पर आ गई। रिपोर्ट बताती है कि अब हर एक महिला की भर्ती पर करीब दो पुरुषों की नियुक्ति की जा रही है। पहले पुरुषों की नियुक्ति की संख्या ज्यादा थी।

महिलाओं को जनप्रतिनिधि के रूप में लाने का पीएम मोदी के लगातार प्रयासों के अब अद्भुत नतीजे आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल की ही बात करें तो पंचायती राज संस्थानों में सबसे ज्यादा 56 प्रतिशत महिलाएं उत्तराखंड में हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश (55.5 प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (55 प्रतिशत), असम (54.7 प्रतिशत), केरल (54.5 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (54.3 प्रतिशत) का नंबर है। वहीं, पंचायतों में सबसे कम महिलाएं लद्दाख (31.8 प्रतिशत), दादरा नगर हवेली (32 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (33.2 प्रतिशत) और यूपी (33.3 प्रतिशत) में हैं। चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है। 1952 में भारत में कुल 17.32 करोड़ मतदाता थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गए हैं। इस दौरान महिला मतदाताओं की संख्या में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। इससे लिंग आधारित मतदान का अंतर कम हुआ है।

पीएम मोदी के दूरदर्शी विजन से निकली पीएम जन-धन योजना में 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुल चुके हैं। इस योजना का सबसे खास प्रभाव नारीशक्ति पर ही देखने को मिला है। जहां पहले महिलाओं के नाम बैंक खाते कम होते थे, वहीं अब भारत के कुल बैंक खातों में से 39.2 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के नाम हैं। इसके साथ ही दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। मसलन यहां महिलाओं के नाम 42.2 प्रतिशत बैंक खाते हैं। महिलाओं से जुड़ी यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रविवार को जारी भारत में महिला और पुरुष 2024 ¬चयनित संकेतक और तथ्य शीर्षक से प्रकाशित 26वीं रिपोर्ट से मिली है। महिलाओं के जीवन में भाजपा सरकार में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। जैसे 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, 30.64 करोड़ मुद्रा लोन के वितरण और उज्ज्वला योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे वाली 10.1 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध होना है।

# सांसद धर्मेंद्र यादव ने राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवाद के पुरोधा, दार्शनिक साहित्यकार, प्रकांड विद्वान, कई भाषाओं के ज्ञाता, राहुल सांकृत्यायन जी की जयंती उनके जन्म स्थान पंदहा में मनाई गई। मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा समाजवादी विचारधारा को प्रस्फुटित व पुष्पित करने में राहुल का प्रमुख स्थान रहा है।समाजवाद की विचारधारा को फैलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया बहुत से भाषाओं की जानकारी विद्वान राहुल जी ने समाजवाद के संबंध में कई भाषाओं में रूपांतरण किया। वे बिहार में आजादी के समय किसान आंदोलन का नेतृत्व किए थे जमीदारों ने उन्हें मारा था और वह जेल भी गए थे। पूरी दुनिया का भ्रमण कर उन्होंने सभी धर्म का अध्ययन किया। अंत में मानवतावादी बौद्ध धर्म को स्वीकार किया। वह हमेशा ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, छूत-अछूत के खिलाफ थे वे पूंजीवादी व सांप्रदायिक तत्वों से बराबर संघर्ष करते थे उनके विचार आज भारत की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में बहुत ही प्रासंगिक हैं।उनके विचारों पर चलकर देश की एकता व अखंडता गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी को खत्म किया जा सकता है। राहुल सांकृत्यायन जी ने बहुत से उपन्यास साहित्य लिखकर समाज में फैली व्याप्त बुराइयों के विरोध में लोगों को जागरूक किया। श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव ने 1993 में दो वर्ष राहुल सांकृत्यायन जी की जन्मशताब्दी मनाने का फैसला लिया था। उनके विचार पूंजीवाद, सांप्रदायिकता के विरोध में आज भी प्रासंगिक हैं। वरिष्ठ कम्युनिस्ट के नेता हरमिंदर पांडेय जी ने सांसद जी का स्वागत किया और उनके व्यक्तित्व पर कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हवलदार यादव व संचालन कामरेड जितेंद्र हरि पांडे ने किया। कार्यक्रम में-जिला पंचायत अध्यक्ष- विजय यादव,पूर्व प्रमुख इसरार अहमद, राजेश गेलवारा, अजीत कुमार राव, ओमप्रकाश राय,कमलेश यादव गायक,सुनीता सिंह,सूरज राजभर, गौरव यादव, दुर्गेश यादव, संतोष कुमार गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने मृतक के परिजनों से व्यक्त की संवेदना



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व नगर के मोहल्ला आजादनगर निवासी राजू कुशवाहा की चलती ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई थी। छिबरामऊ पूर्व सपा विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव ने दुखी परिवार के समक्ष पहुंचकर शोक संवेदनायें व्यक्त कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाने के उपरान्त प्रदेश सरकार से गरीब परिवार को दस लाख रुपयों की आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की है। बुधवार को समर्थकों के साथ नगर के मोहल्ला आजाद नगर पहुंचे छिबरामऊ पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने चलती ट्रेन से गिरे मृतक राजू कुशवाहा के परिजनों से मिलकर हाल जाना तथा दुखी परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करनें के उपरान्त पूर्व सपा विधायक ने प्रदेश सरकार से मृतक आश्रितों को दस लाख रुपयों की आर्थिक सहायता एवं आवास दिलाये जानें कि मांग करने के उपरान्त कहा कि मृतक के छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं और इस परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है। इसलिए सरकार उनके बच्चों की भी कुछ मदद करे। इस मौके पर अजीम सिददीकी, अमन खान, अर्पित शुक्ला, किसान यूनियन जिलाध्यक्ष बंटू यादव, तस्लीम बरसी, अंकुर सिंह यादव, सलीम खान, मुकीम खान, मुकेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी चिकित्सक ने पांच लोगो पर लगाया अभद्रता व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

- **मनमाफिक डाक्टरी रिपोर्ट न बनाने पर की अभद्रता, भड़के स्वास्थ्य कर्मियो ने किया कार्य बहिष्कार**

**उन्नाव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने थाना पुलिस में नगर पंचायत निवासी पांच लोगों के विरुद्ध मन मुताबिक डाक्टरी रिपोर्ट बनाने से मना करने पर गाली-गलौज करने, अभद्रता करने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने की शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर के साथ अभद्रता की घटना से नाराज स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर तीन घंटे ओपीडी बन्द रखी। जिससे मरीजो को उपचार के लिए परेशान होना पड़ा। कस्बा फ्तेहपुर चौरासी स्थित अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ0 शिवप्रताप सिंह ने थाना पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा है कि सोमवार रात को नगर पंचायत फ्तेहपुर चौरासी के निवासी अजयदीप मिश्रा, ब्रजेश, अभिषेक व राहुल पाल, चुटहिल विजयदीप मिश्रा को अस्पताल लेकर आए। घायल को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा था तभी उक्त लोग अस्पताल में हंगामा करने लगे तथा बिना सरकारी चिट्ठी व एफ्आईआर के अपने मन मुताबिक डाक्टरी परीक्षण कराने का अनर्गल दबाव बनाने लगे। मना करने के साथ समझाने पर सभी लोग हिंसक होकर गाली गलौज करने लगे तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी बीच अजयदीप मिश्रा ने गाली गलौच करते हुए चिकित्साधिकारी डा0 शिवप्रताप सिंह के साथ अभद्रता शुरू कर दी जिसे देख सीएचसी में मौजूद डाक्टर के अधीनस्थों ने बीच-बचाव कर मामला शान्त कराया। डाक्टर के साथ हुई अभद्रता से नाराज सीएचसी कर्मियों ने मंगलवार को ओपीडी सहित सभी कामकाज बन्द कर दिया। जिससे सीएचसी आए मरीज इधर-उधर भटकने लगे। जिससे लगभग तीन घण्टे सीएचएस का कार्य बाधित रहा। थाना पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद सीएचसी में ओपीडी सहित सभी कार्य शुरू किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ0 संजीव कुमार ने बताया कि रात में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से कुछ लोगो द्वारा अभद्रता की गई। घटना से आहत कर्मियों ने न्याय न मिलने तक कार्य करने से मना कर दिया जिससे मंगलवार सुबह आठ बजे से ओपीडी बन्द रही। थाना पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही के आश्वासन पर लगभग तीन घंटे बाद ओ पी डी शुरू कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि डॉक्टर की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व शिक्षा उन्नयन गोष्ठी संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बांगरमऊ इकाई द्वारा क्षेत्र के एक महाविद्यालय परिसर में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह और शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि शिक्षक ही शिक्षित और सभ्य समाज तथा सबल राष्ट्र का निर्माता है।

गंजमुरादाबाद के अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्कूल चलो अभियान, पुस्तक वितरण व शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी तथा सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह में विधायक श्री कटियार ने कहा कि बच्चों को शिक्षित कर समाज में ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने और समाज में व्याप्त कुरीतियों और पाखंड को समाप्त करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यहां के शिक्षक अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। संगोष्ठी में विधायक ने कमलेश कुमारी, श्रीकृष्ण, यदुवीर सिंह, नसरीन फातिमा व फ्दिाय आलम सहित कुल 8 सेवानिवृत शिक्षकों को अंगवस्त्र, बैग, स्मृति चिन्ह व पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। संगोष्ठी में संगठन के विनोद तिवारी, संजय सिंह, गजेन्द्र वर्मा व बृजेश पांडेय आदि पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत शिक्षकों ने भी शिक्षण के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई। संगोष्ठी में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार सहित देवेंद्र यादव, अजय कटियार, नितीश कनौजिया, रिफ्कत अली आदि ब्लॉक क्षेत्र के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। संगोष्ठी का संचालन शिक्षक देवेंद्र यादव ने किया।

## अंबेडकर जयंती पर 1 सप्ताह तक चलेगा कार्यक्रमः सपा

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाएं जाने वाली स्वाभिमान - स्वमान समारोह समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी एवं अनुसूचित जाति जनजाति के संयुक्त तत्वावधान में डैम्पियर नगर स्थित समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर संविधान और आरक्षण बचाने और पीडीए आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने व पीडीए एकता बनाए रखने को लेकर स्वाभिमान - स्वमान समारोह का समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष रितु गोयल की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, अनुसूचित जाति संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष आजाद एवं अम्बेडकर वाहिनी के महानगर महासचिव डा राजेन्द्र प्रसाद लोधी ने संयुक्त रूप से कहा कि संविधान ही संजीवनी है संविधान ही हमारी ढाल है जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक हम सबका मान - सम्मान स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा इस दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन कश्यप, वाहिनी के महानगर सचिव मुकेश सैनी, मुकेश नेताजी, नेत्रपाल सिंह, देवा गोयल, भोलू आदि मौजूद रहे।

# विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

- **फिजियोथेरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया ने बताये उपाय**

**ललितपुर।** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फिजियोथैरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के सभी प्रमुख उच्चाधिकारी, विभागीय प्रतिनिधि, महिला व पुरुष कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम शासन की जन कल्याणकारी मंशा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य था–लोगों को गर्दन व कमर दर्द जैसी आम होती समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक जानकारी देना तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना। अपने व्याख्यान में डा.देवलिया ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 40 प्रतिशत लोगों को गर्दन व कमर की तकलीफ हो रही है, जिसका प्रमुख कारण लगातार झुककर काम करना, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग, जमीन से अधिक वजन उठाना, लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठे रहना, अधिक मुलायम गद्दे का प्रयोग, मानसिक तनाव, नींद की कमी, गलत पोस्चर, तथा खराब पाचन क्रिया। उन्होंने इससे बचाव हेतु पोस्चर कलेक्शन एक्सरसाइज' पर विशेष बल दिया, जिनमें शोल्डर एलिवेशन, शोल्डर रिट्रैक्शन जैसी व्यायाम शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीठ या गर्दन में दर्द होने पर अचानक झुककर कोई कार्य न करें, भारी वजन न उठाएं, मोबाइल का सीमित प्रयोग करें, और यदि किसी पोजीशन में 30 मिनट से अधिक बैठे हैं तो 1 मिनट का चलना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान एक महिला प्रतिभागी द्वारा एंजायटी व सर्वाइकल की आपसी संबंध पर प्रश्न पूछे जाने पर डा.देवलिया ने अत्यंत सहजता से उत्तर दिया कि जब हमारे भीतर असुरक्षा, अनियमित दिनचर्या, और चिंता रहती है, तब हम मानसिक रूप से भी पीड़ित होते हैं। ऐसे में सिर्फ दवाओं से नहीं, बल्कि आत्मपरिवर्तन से ही स्थायी राहत मिलती है। उन्होंने जीवन में कृतज्ञता के भाव की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि सोते समय हर व्यक्ति को यह सोचना चाहिए कि किनसे माफी मांगनी है, किनका धन्यवाद करना है–यह अभ्यास मानसिक शांति व गहरी नींद में सहायक होता हैद्य उन्होंने कहा कि व्यक्ति को 200 वर्ष नहीं, लगभग 90 वर्ष ही जीना है–इसलिए उसे रोकर नहीं, आनंदपूर्वक जीना चाहिए। अच्छे विचार, नियमित योग-प्राणायाम, भरपूर पानी, संतुलित भोजन और नींद के बिना स्वास्थ्य संभव नहीं है।

उन्होंने तीन मैजिकल शब्द–धन्यवाद, सॉरी और प्लीज–के प्रभाव को भी विस्तार से समझाया, कि कैसे इनका प्रयोग रिश्तों को मजबूत करता है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। खानपान के संबंध में उन्होंने बताया कि सलाद पहले, फिर सब्जी, फिर दाल और अंत में रोटी खानी चाहिए। प्रतिदिन 30 से 45 मिनट की वॉक अनिवार्य है। एक अन्य प्रतिभागी द्वारा व्यायाम व वॉक के परस्पर संबंध पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि दोनों का कार्य अलग है–एक्सरसाइज जोड़ों की स्ट्रेंथनिंग, स्ट्रेचिंग और कोऑर्डिनेशन के लिए होती है, जबकि वॉक इम्यूनिटी बढ़ाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**उन्नाव।** मंगलवार की सुबह किसी काम के लिए मां के घर जा रही महिला को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद युवक बाइक समेत मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटी निवासी राधा 46 पत्नी श्रीकांत लोधी सुबह के समय किसी काम के मिले थोड़ी दूर रह रही अपनी मां रामवती के घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद युवक बाइक लेकर मौके से भाग निकला। मृतका की तीन बेटी एक बेटा है। पति श्रीकांत लोधी दिल्ली में है। हादसे से मृतका के बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एम जी एम कॉलेज मे ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डा नवेद खान,डा रियाज अनवर,डा प्रकाश नारायण,डा मोहम्मद अहमद,डा संजय बाबू दुबे,डा मोहम्मद इमरान खान,डा अमृतेश अवस्थी, डा दिलदार हुसैन ,डा निरंकार सिंह आदि ने गीत, ग़ज़ल,कविता,दोहे,मिमिक्री आदि के माध्यम से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष डा आबिद हुसैन हैदरी ने ईद के सामाजिक पक्ष को उजागर करते हुए इसे सांस्कृतिक समन्वय स्थापित करने वाला पर्व बताया।डा फहीम ने दोहा पढ़ा किअपना मकसद प्रेम है,होली हो या ईद। डा मोहम्मद इमरान ने कहा कि आज का कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द्र स्थापित करने में सफल है।कार्यक्रम का संचालन डा फहीम अहमद ने किया।धन्यवाद ज्ञापन डा अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और शिक्षणेतर कर्मियों ने सहभागिता की।

### स्पार्किंग से दस विसुवा फ्सल जलकर राख

**उन्नाव।** उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के तारों की स्पार्किंग से निकली चिंगारी गेहूं की फ्सल में जा गिरी और आग लग गई। आग से एक किसान की करीब आधा बीघा गेहूं की फ्सल जलकर खाक हो गई। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव उम्मरपुर बख्तौरी निवासी अयोध्या प्रसाद के खेत के ऊपर से उच्च क्षमता की विधुत लाइन गुजरी है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अचानक विद्युत लाइन के तारों में स्पार्किंग से निकली चिंगारी से किसान अयोध्या पुत्र मुंशीलाल के खेत में खड़ी गेहूं की फ्सल जलने लगी। ऊंची लपटें और धुआं देखकर आसपास खेतो में काम कर रहे किसान दौड़कर पहुंचे और पेड़ की डाल पटक कर किसी तरह आग पर काबू पाया। किंतु तब तक किसान की करीब आधा बीघा गेहूं की फ्सल जलकर भस्म हो गई। हल्का लेखपाल ने आग से क्षति की रिपोर्ट तहसील कार्यालय भेज दी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मशीन का सर्वर फेल मरीज़ो को नहीं मिल पा रही जाँच रिपोर्ट

**बसखारी,अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी में बायोमेट्रिक ब्लड टेस्ट के लिए लगी मशीन का सर्वर फेल होने के चलते मरीज को जांच रिपोर्ट नहीं मिल सका। जिससे मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिन में लगभग 11:00 बजे से सर्वर फेल होने के कारण ब्लड कलेक्शन के बाद मरीज को जांच रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण उनका बिना जांच रिपोर्ट के वापस लौटना पड़ा। बताते चले कि 11:00 के पहले जिन मरीजों का ब्लड सैंपल हुआ था उनको जांच रिपोर्ट मिल गई। तुरंत 11:00 बजे के बाद मरीज को जांच रिपोर्ट नहीं मिल सकी। जांच रिपोर्ट लेने पहुंचे स्थानीय नागरिक प्रदीप कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले ब्लड सैंपल दिया गया था तुरंत अभी तक जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।एल टी पवन कुमार ने बताया कि सर्वर फेल होने के कारण जांच रिपोर्ट नहीं तैयार हो सकी जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। वही संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर भास्कर ने बताया कि संबंधित मेंटेनेंस कंपनी को उसके बारे में अवगत कराया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय मे पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द भियांव में बुधवार को पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह को काफी प्रभावित किया। सभी छात्राओं को विद्यालय की ओर से आकर्षक उपहार दिया गया। कक्षा 5 के मेधावी छात्र-छात्राओं अंकिता, दिव्यांशु, वीर को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक अरशद कमाल द्वारा उपस्थित अभिभावकों, माताओं से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का अनुरोध किया गया। विद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय की ओर से दिए जाने वाले भोज में सभी बच्चे, अतिथिगण द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। सभी द्वारा भोजन बनाने वाली विद्यालय की रसोइयों की प्रसंशा की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक जफर अब्बास द्वारा किया गया। सपना कुमारी एवं प्रतिमा सिंह द्वारा व्यवस्था संभाली गई। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमती सीमा मौर्य द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर सहायक अध्यापक जफर अब्बास, सपना कुमारी, शिक्षामित्र प्रतिमा सिंह, प्रियंका मौर्या, रामावती देवी, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, अनीता देवी, बृजबाला, विमला, गीता देवी, नर्मदा देवी, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने कराया तीन बच्चों का अन्नप्राशन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के द्वारा विकास भवन सभागार में पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 अप्रैल तक रहेगा। उद्घाटन में तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 6 माह के तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर पोषण रैली को भी रवाना किया गया। उद्घाटन के समय जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर प्रथम संजिता सिंह समस्त मुख्य सेविकाएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

## भाषा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की मिड-टर्म परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में तीन कार्य दिवसों में इंजीनियरिंग की समस्त शाखाओं की मिड-टर्म परीक्षाएं दो पालियों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कुल 794 विद्यार्थियों ने इन परीक्षाओं में भाग लिया। ये परीक्षाएं पूर्णतः नकल-विहीन, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई, जो विश्वविद्यालय की उच्च परीक्षा-व्यवस्था को दर्शाता है। परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की गई – प्रथम पाली प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक। परीक्षा आयोजन में नियोजन, निगरानी और समन्वय की सटीक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस सफल परीक्षा आयोजन का श्रेय इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. आर. के. त्रिपाठी के कुशल निर्देशन को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में परीक्षा प्रणाली को नकल-विहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए। परीक्षा के सफल संचालन में डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. कौशलेश शाह और डॉ. शावेज़ सिद्दीकी की सक्रिय एवं प्रभावशाली भूमिका रही, जिन्होंने पूरी परीक्षा प्रक्रिया को सजगता एवं दक्षता से सम्पन्न कराया। परीक्षा आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं तकनीकी स्टाफ ने पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ सहयोग किया। उनके सामूहिक प्रयासों से यह मिड-टर्म परीक्षा आयोजन न केवल सफल रही, बल्कि विश्वविद्यालय की अकादमिक छवि को भी और अधिक सुदृढ़ किया। कुलपति प्रोफेसर जे. पी. पांडेय ने शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और नकल-रहित परीक्षा आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी संबंधितों को बधाई दी।

# रसायन मुक्त प्राकृतिक कृषि की तरफ तेजी से बढ़ा प्रयागराज

- **प्रयागराज जिले में 6500 किसानों ने जैविक खेती को अपना 187 क्लस्टर किए विकसित**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कृषि विकास तथा किसानों की खुशहाली के लिए संकल्पित यूपी की योगी सरकार प्रदेश में किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। प्रयागराज में इसे लेकर किसानों ने गहरी रुचि दिखाई है। प्राकृतिक खेती के विस्तार गंगा नदी की सेहत भी बेहतर हो रही है। प्रयागराज में इस खेती को नमामि गंगे के तहत चयनित किये गंगा किनारे स्थित गावों में होने से इससे रासायनिक खेती से गंगा जल में घुलित हो रहे खतरनाक रसायनों का ख़तरा भी कम हो रहा है। कम लागत में अधिक उत्पादन और अधिक आय के जैविक खेती के इस मूल मंत्र को अपनाने में प्रयागराज के किसानो ने प्रदेश में अहम स्थान बनाया है। प्रयागराज के कृषि उप निदेशक एस पी श्रीवास्तव के मुताबिक़ जिले में नमामि गंगे के तहत चयनित किये गए गंगा किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में आने 110 गावो में किसान जैविक खेती किसान कर रहे है। ये किसान यहाँ सब्जियां,फल और अनाज की अन्य फसलें उगा रहे है। इलाके में इसके लिए 187 क्लस्टर बनाये गए है जिसमे इस समय जिले के 6500 से अधिक किसान इस समय कुल 3740 हेक्टेयर में यह खेती प्राकृतिक खेती कर रहे है।

उत्तर प्रदेश में भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति योजना के तहत किसानो की मदद कर रही है। जो किसान यह खेती करना चाहता है उसे सरकार की तरफ से हर साल प्रति एकड़ आर्थिक सहयोग दिया जाता है। तीन वर्षो तक यह सहयोग दिया गया है जिसमें पहले साल प्रति एकड़ 4800 और अगले दो वर्षों में 3600 प्रति वर्ष के अनुसार आर्थिक सहयोग दिया गया। इसके अलावा जैविक बीज प्रबंधन के लिए भी सरकार धन आबंटित कर रही है। यह खेती किसानो के लिए नवीन प्रयोग है इसलिए किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी जिले में चलाए गए।

### मार्केटिंग की समस्या का भी निकाला गया रास्ता

जैविक खेती कर रहे किसानो को प्रोत्साहन देने के लिए उनके उत्पाद का सही दाम दिलाना बड़ी समस्या थी। मार्केटिंग की इस समस्या से निपटने के लिए प्रयागराज में कृषि विभाग ने बहु आयामी प्रयास किये है। कृषि उप निदेशक एसपी श्रीवास्तव बताते हैं कि सबसे पहले किसानो को प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक उत्पाद मेले आयोजित किए गए ताकि किसानो के साथ उनके उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ता भी इसे जान सके। खेत से रसोई तक के स्लोगन के साथ इसका प्रचार प्रसार सरकार कर रही है। जैविक केन्द्रों को अब प्राकृतिक केन्द्रों में बदला जा रहा है शहरी क्षेत्रो के प्रमुख बाजारों और हर मंडी में इसके लिए आउटलेट्स भी बनाये जा रहे है। इनकी ऑनलाइन डिमांड पैदा करने के लिए प्रशासन एक एप्प भी बनवाई रही है ताकि घर बैठे लोग प्राकृतिक खेती के उत्पाद खरीद सके। गंगा किनारे स्थित गांवों में इसके प्रसार से गांवों में वर्षा का खेतों से बहकर जाने वाला जल रसायन मुक्त हो गया है। इससे गंगा नदी की सेहत भी अच्छी हुई है।

## महावीर जयंती पर बंद रहेंगी मांस, मछली, मुर्गा दुकानें

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने शासनादेश के अनुसार महावीर जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल, 2025 को नगर क्षेत्र में सभी मांस, मछली, मुर्गा की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय भगवान महावीर के जन्मोत्सव के मद्देनज़र लिया गया है, जो अहिंसा और शांति के प्रतीक माने जाते हैं। नगर निगम द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है, जिसमें राज्य भर में सभी स्थानीय निकायों को अपने क्षेत्र में स्थित पशुवधशालाओं और मांस विक्रय की दुकानों को महावीर जयंती के दिन बंद रखने को कहा गया है। इसका उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है। पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. बिजय अमृत राज ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी व्यापारी द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन करते हुए दुकानें खोली जाती हैं।

# राष्ट्र के प्रति संघर्ष एवं समर्पण का दर्पण है भाजपा : महापौर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन कार्यालय में जिला गंगा पार, जमुना पार एवं प्रयागराज महानगर के द्वारा लगाई गई भारतीय जनता पार्टी की विरासत की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का महापौर गणेश केसरवानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए किए गए संघर्ष सेवा और समर्पण का दर्पण है भाजपा। कहा कि यह प्रदर्शनी यह संदेश देती है कि भारतीय जनता पार्टी का गौरवशाली इतिहास निश्चित रूप से देश के प्रति कार्य करने वाले हर देशवासियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गंगा पार निर्मला पासवान और महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि देश के विकास में गौरवशाली भूमिका भारतीय जनता पार्टी ने निभाई है और भारत की एकता और अखंडता के लिए हमारे महापुरूषों ने अपना सर्वस्व समर्पण किया है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रदर्शनी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, के द्वारा किए गए कार्यों दर्शाया गया है। इसके अलावा अब तक हुए पार्टी के सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल की कार्य का प्रदर्शित किया गया है। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन, धारा 370, जम्मू कश्मीर लाल चौक तिरंगा यात्रा और भाजपा के द्वारा किए गए विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन की झांकियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शनी में उकेरा गया है। इस अवसर पर वरूण केसरवानी रवि, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा, बृजेश त्रिपाठी, मनीष केसरवानी, प्रमोद साहू, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, श्रेष्ठ चौरसिया, पद्माकर श्रीवास्तव, राजेश शर्मा आदि गंगा पार, जमुना पार तथा महानगर के पदाधिकारी कार्यकर्ता रहे।

# दिल्ली की सीएम ने की सपा सुप्रीमो पर आपत्तिजनक टिप्पणी

- सपा महिला सभा ने जताया आक्रोश, महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** एक हिन्दी न्यूज चैनल पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री/सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गयी टिप्पणी को अभद्र और अपमानजनक बताते हुये समाजवादी पार्टी के महिला सभा ने जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। महामहिम राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि सोशल मीडिया पर चल रही एक क्लिप के अनुसार एक हिन्दी चैनल में साक्षात्कार के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन/सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जो टिप्पणी की है, वह अपमानजनक और अभद्र है। उन्होंने इसे बहुत ही निन्दनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि एक संवैधानिक पद के साथ-साथ महिला होते हुये भी दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार की छोटी और घृणित सोच उनके संस्कारों को दर्शाती है। बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश की सबसे बड़ी तीसरी पार्टी के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य हैं। उनका अपमान देश के करोड़ों पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का अपमान है। उन्होंने दिल्ली सीएम की इस टिप्पणी का विरोध जताते हुये उनके इस कथन के लिए उनसे मांफी मांगने की मांग उठायी। साथ ही महामहिम राष्ट्रपति से रेखा गुप्ता की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की गयी। ज्ञापन देते समय महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, अशोक कुमार, शत्रुघन यादव, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, चन्द्रपाल यादव एड., महेन्द्र कुमार साहू, धीरज सिंह तोमर, विट्ठू, नाशा जैन, लीला जोशी, विजय प्रजापति, शाकिर खान के अलावा अनेकों सपाई मौजूद रहे।

## अज्ञात युवती का हत्या कर फेंका गया शव बरामद

**उन्नाव।** थाना असोहा अन्तर्गत एक युवती का रक्तरंजित शव पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर बरामद किया। ग्रामीणों के अनुसार युवती की धारदार हथियार से हत्या की गई। जानकारी के अनुसार थाना असोहा अन्तर्गत ग्राम दसगंवा के पास सुबह एक अज्ञात लगभग 20 वर्षीय युवती का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार युवती के कपड़े अस्त-व्यस्त और शरीर पर धारदार हथियार के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष विमल कांत गोयल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुच कर जांच पड़ताल की। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत के पास खून से लथपथ शव देख पुलिस को सूचना दी। युवती के कपड़े अस्त-व्यस्त होने और शरीर पर चाकुओं के गहरे घाव मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए, जमीन से खून के नमूने, कपड़ों के टुकड़े, और जूते बरामद हुए।

# रोडवेज बस से टकराकर वाईक सवार दो युवकों की हुई मौत

- घटना फतेहगढ कानपुर रोड पर लगा जाम, पुलिस ने खुलवाया जाम

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फतेहगढ रोड पर कस्बा समधन के निकट अन्य वाहन को ओवरटेक करनें के प्रयास में बाइक रोडवेज बस से अकरा गई जिससे बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली द्वारा मृतकों के शव को कब्जे मे लेकर मोर्चरी हाउस भेजने के उपरान्त बस को सडक से हटवाकर आवागमन शुरू कराया।बुधवार की दोपहर पडोसी जनपद फर्रुखाबाद के मोहल्ला आकलगंज निवासी 23 वर्षीय अक्षय कुमार अपने साथी 24 वर्षीय अनुराग सिंह निवासी आवास विकास बढ़पुर के साथ बाइक पर सवार होकर गुरसहायगंज की ओर दवा का मार्केट करने आ रहे थे। जैसे ही कस्बा समधन के निकट एक पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार ने किसी वाहन को ओवरटेक किया तभी सामने से आ रही बरेली डिपो की बस में बाइक सामने से जा घुसी और दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। किसी की सूचना पर प्रभारी कोतवाल विष्णुकांत तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बस और शव को सड़क से हटवा कर जाम को खुलवाया। मृतक के मोबाइल पर फोन आने पर उनके नाम और पते की जानकारी होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। कोतवाली द्वारा मृतकों के शव को कब्जे मे लेकर मोर्चरी हाउस भेजा गया है।

## रामपुर मझिला गौशाला में गायों की स्थिति दयनीय वनी

**कन्नौज।** जनपद के ग्राम रामपुर मझिला की गौशाला में गायों की जिम्मेदारों द्वारा देखरेख के अभाव में दुर्दशा देखने को मिल रही है। जिसमें भूख के कारण उठने में असमर्थ गायों को जानवर खा जाते हैं। गौशाला में गायों के चारे के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

हमारे प्रतिनिधि जब गौशाला की जमीनी हकीकत को परखनें गये तो मौके पर मौजूद वहां के कर्मचारियों ने बताया कि हम क्या करें हमने तो झाडू लगा दी है। इसके बाद में प्रधान आएंगे तब चारा डाला जायेगा। लेकिन प्रतिनिधि को वहां चारे का कोई प्रबंध नहीं दिखाई दिया। जहां गौवंश चारा खाते हैं वहां पर चन्नी में चारे का कोई नामो निशान नहीं है और चन्नी में गोबर मिलता है। वहीं गौशाला में गायों की दुर्दशा इतनी खराब है कि ना तो चारा है ना ही कोई देखरेख है। प्रदेश सरकार कहती है निराश्रित पशुओं के लिये गौशाला खुले हैं। लेकिन जिम्मेदार रावतपुर ग्राम प्रधान महीपाल सिंह यादव गौशाला की कोई देखरेख नहीं करते हैं। दोपहर तक कोई चारा लगानें एवं पानी पिलाने वाला नहीं है।

# अंजनी माता मेला का आयोजन कल से, तैयारियां जोरों पर



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुंदेलखंड का प्रसिद्ध अंजनी मेला की तैयारियां जोरों पर है। मेले को सफल बनाने के लिये प्रशासन व मेला प्रबंध समिति ने दूर दराज से आये प्रत्येक दुकानदारों के आधार कार्ड लेकर दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। हनुमान जयंती की शोभायात्रा व जवारे विसर्जन करने के लिये मुख्य सड़कों से सेक्टर को चौड़ा कर मरम्मती करण किया गया है। सार्वजनिक शौचालय, पेयजल के लिये के नल, अंजनी मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा जवारे, प्रसाद, चढ़ावा तथा माता अंजनी के दर्शन को शुगम बनाने के लिये अलग-अलग विवस्थायें की गई हैं। अंजनी मिले में रामलीला, डिरेगन ट्रेन, नाव झूला, बड़ा झूला, ब्रेक डांस, मिक्की माउस, साज- सज्जा, खेल खिलौने व खानपान की दुकानें सज चुकीं हैं। 11 अप्रैल को ध्वजा रोहण के साथ अंजनी मेला महोत्सव के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह, तहसीलदार तनवीर हसन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने नीला प्रांगण में घूम कर व्यवस्थाएं देखी। मेले में आने वाली श्रद्धालुओं की सुरक्षा, फायर ब्रिगेड पानी के टैंकर, लाइट, पार्किंग रसीद, मंदिर के आस पास वाले मेला क्षेत्र में कैमरे, दुकानों पर कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य है। इस मौके पर देवकीनंदन कौशिक, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, दिनेश विदुआ, नारायध सिंह, रमेश राय, चिंताराम टिकरया, रामजी श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह परिहार, मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, धर्मेन्द्र राजा, नीशू दुबे आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त निदेशक ने किया संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का पर्यवेक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** संयुक्त निदेशक अपर निदेशक कार्यालय झांसी डा.राजकुमार सोनी द्वारा जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का पर्यवेक्षण किया गया। इस दौरान उन्होनें तालबेहट के ग्राम कडेसराकला तथा नगरीय क्षेत्र के नेहरुनगर मोहल्ले में अभियान की गतिविधियां देखीं। उन्होनें क्षेत्र में रहने वाले लोगों से बातचीत करके अभियान की गतिविधियों जैसे की शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, फागिंग, लार्वीसाइडल का छिड़काव आदि की जानकारी ली। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जनमानस को जानकारी दी। जिला मलेरिया अधिकारी श्री अनिल क्रिस्टोफर मैसी, ने बताया कि घरों के अन्दर जलभराव ना होने दें। प्रत्येक सप्ताह कूलर एवं बोतल में लगे पौधों के पानी को अवश्य बदलें। उसके बाद संयुक्त निदेशक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह के साथ जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में राउण्ड लेकर मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सुविधा शुल्क लिए जाने तथा दलालो की उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर मरीजों एवं तीमारदारों द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में दलाल सक्रिय नहीं हैं, एवं सुविधा शुल्क नहीं लिया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के उपरान्त उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होने बताया कि 01 से 30 अप्रैल 2025 संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संचारी रोगों के रोकथाम हेतु विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। संयुक्त निदेशक द्वारा अभियान की सफलता हेतु सभी विभागों से सहयोग की अपील की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ मण्डलीय कीट वैज्ञानिक रविदास, कीट संग्रहकर्ता, डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना, जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चन्द्र नामदेव, सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना गांव में मंगलवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे से लटका मिला। मृतका तीन बच्चों के साथ अकेले रहती थी। पूनम (30) की शादी करीब 10 साल पहले सुनील से हुई थी। सुनील मुंबई के एक होटल में काम करता है। जिसके दीपाली (10), दीपांशी (5) और दीपांशु (4) तीन बच्चे है। पूनम अपने सास-ससुर से अलग घर के दूसरे हिस्से में बच्चों के साथ रहती थी। मंगलवार सुबह बड़ी बेटी दीपाली ने मां को छत के कुंडे से फांसी पर लटका देखा। जिसने पड़ोसियों को सूचना दी। जिन्होंने खेत में काम कर रहे सास-ससुर को बताया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सभी को शांत कराया। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

# गांवों में खराब हैंड पंपों को 14 तक करायें ठीक: डीपीआरओ

**अवधनामा संवाददाता**

- धनंजय जायसवाल ने लिया जिला पंचायत राज अधिकारी का चार्ज
- एडीओ की बैठक में शासन और प्रशासन के निर्देशों के पालन के आदेश

**मथुरा।** जनपद में तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी के जेल जाने से दो माह से रिक्त चल रहे जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर शासन से नियुक्त होने के बाद आज डीपीआरओ का चार्ज मुख्यालय से संबध धनंजय जायसवाल ने ग्रहण किया। यहां आने पर उन्होंने जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और सीडीओ मनीष मीना से शिष्टाचार भेंट की। चार्ज ग्रहण करने के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता में नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने कहा कि आज सीडीओ मनीष मीना ने वीडीओ कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी एडीओ पंचायत से वार्ता की। इस दौरान सभी ब्लाकों की पंचायतों में चल रहे विकास कार्य और सरकारी योजनाओं की प्रगति जानी।

श्री जायसवाल ने बताया कि सीडीओ के निर्देशों का पाल करते हुए बढ़ती गर्मी और तपिश को देखते हुए गांवों में पेयजल संकट व्याप्त नहीं होने दिया जाएगा। सभी एडीओ से कहा गया है कि वे खराब पड़े हैंड पंम्पों की सूची आज शाम तक भेज दें। इसकी सूचना ग्राम पंचायत बार भेजी जाए। जिसमें अस्थाई रूप से खराब व स्थाई हैंडपंपों की मरम्मत 14 अप्रैल तक अवश्य करा ली जाए। जो भी हैंड पंप ठीक हो जाएंगे उनका प्रमाणत्र 14 अप्रैल की शाम को उनके कार्यालय में उपलब्ध करा दें। उसके बाद कहीं भी पानी की समस्या नहीं हो। गांवों में कोई भी हैंडपंप खराब नहीं मिले। नगवागत डीपीआरओ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में डोर टू डोर कूड़ा कलेशन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने एडीओ पंचायत की बैठक ली। जिसमें सभी सरकारी योजनाओं के कार्यों के बारे में जानकारी हॉसिल की गई।

# धूमधाम से मना जीडी ग्लोबल स्कूल का 11वां स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** बुधवार को करतारपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल के 11वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी (शहर) गौरव शर्मा , वरिष्ठ अस्थि सर्जन डा मनीष त्रिपाठी, सदस्य राज्य कार्यकारिणी समिति भाजपा जयनाथ सिंह तथा विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने संयुक्त रुप से मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करके सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रीगणेश किया । बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। नन्हें -मुन्हें बच्चों द्वारा बूम-बूम के आकर्षक नृत्य पर दर्शकों ने तालियों की झड़ी लगा दी।चार्ली चौप्लिन नृत्य तो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण सभागार को गूंजायमान कर दिया। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न गतिविधियों तथा प्रतिभा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया । नियमित रुप से पूरे वर्ष भर उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को माननीय मुख्य अतिथि चिराग जैन ने पुरस्कृत किया। शैक्षिक स्तर पर अपनी प्रतिभा की कीर्ति पताका को विद्यालय के क्षितिज पर प्रसारित करनेवाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। अपनी कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। विद्यालय की शिशु वाटिका के नन्हें -मुन्हें नौनिहालों को कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय स्थापना का दिन न केवल एक तिथि का बल्कि उस प्रेरणा, समर्पण और परिश्रम का प्रतीक है । जिसने इस संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाया । विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना ही नहीं है अपितु विद्यालय ऐसे विद्यार्थियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल विद्वान हों, बल्कि संवेदनशील, उत्तरदायी और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण भी हों।

प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि आज का यह अवसर विद्यालय की शैक्षिक यात्रा, उपलब्धियों और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को समर्पित है।

कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा कर रहे हैं। यह सफलता हमारे शिक्षकों के अथक प्रयास, अभिभावकों के सहयोग और छात्रों की लगन का परिणाम है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने अपने संदेश में कहा कि आज के दिन हम अपनी शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और मूल्यों को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लें।

# मथुरा में बनेगा डिजास्टर शेल्टर हाउस

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** शहरी क्षेत्र में बाढ़ एवं दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को शरण दिए जाने के लिए कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां पर इन लोगों को ठहराया जा सके। नगर विकास विभाग ने दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को शरण देने के लिए डिजास्टर शेल्टर हाउस बनाए जाने की अनुमति दी है। इसके तहत नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। भूमि फाइनल होने के बाद इसकी विस्तृत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

बाढ़ एवं दैवीय आपदा होने पर प्रभावित लोगों को आश्रय देने के लिए शहरी क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां पर इन लोगों को ठहराया जा सके। कोरोना काल में बाहरी जिलों से आने वाले लोगों को रोकने का काम इंटर कॉलेज एवं अन्य स्थलों में किया गया था। इससे सबक लेते हुए सरकार ने अब इस तरह के इंतजाम किए जाने की ओर प्रयास शुरू किए हैं। नगर विकास विभाग ने नगर निगम को बाढ़ एवं दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों के लिए डिजास्टर शेल्टर हाउस बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत साढ़े छह करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। जल निगम सी एंड डीएस को इसके लिए अधिकृत किया गया है।

इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। शहरी क्षेत्र में ऐसी भूमि जहां पर डिजास्टर शेल्टर हाउस उपयोगी साबित हो, की ओर काम चल रहा है। नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी इस ओर लग गए हैं। भूमि मिलने के बाद इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

शेल्टर हाउस में कामन कमरे एवं किचिन होगी। यहां पर 200 से 300 लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। जरूरत पर उनके लिए गद्दे एवं चादर व रजाई की भी व्यवस्था की जाएगी। कामन शौचालय होगा। नगर निगम शहरी क्षेत्र में डिजास्टर शेल्टर हाउस बनाने जा रहा है। इसके निर्माण पर 6.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाढ़ एवं अन्य दैवीय आपदा में बेघर हुए लोगों को आश्रय दिलाया दिलाया जाएगा। इसमें 300 लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## अखण्डनगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त उमेश सैनी को किया गिरफ्तार



**सुल्तानपुर।** थाना अखण्डनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्त उमेश सैनी पुत्र सुरेश सैनी निवासी ग्राम कुन्दाभैरोपुर थाना अखण्डनगर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया।जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था की दृढ़ता के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की तत्परता और सजगता की सराहना की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर,उपनिरीक्षक ज्ञानेश दुबे,कांस्टेबल फिरदौस आलम,कांस्टेबल मनीष कुमार सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई।

## डा0 भारत भूषण ने सी एम ओ का ग्रहण किया पदभार

**सुल्तानपुर।** बीते 31 मार्च 2025 को सुल्तानपुर मुख्य चिकित्साधिकारी ओम प्रकाश चौधरी की सेवा समाप्ति के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रभार संभाल रहे डॉ राधा बल्लभ ने आज जिले में गोरखपुर से तबादले के उपरांत पहुँचे डॉ भारत भूषण को मुख्य चिकित्साधिकारी सुल्तानपुर का पदभार सौपा। नवांगत सीएमओ के पदभार ग्रहण करते ही सीएमओ कार्यालय के अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियो ने उन्हें उनके पद की बधाई दी।

## वन माफियाओं के शिकंजे में फॉरेस्ट अफसर

**सुल्तानपुर।** जिले में वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। लगातार हरियाली पर आरा चल रहा है। प्रतिबंध हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को संतुष्ट करते हुए लगातार हरियाली नष्ट की जा रही है। शाहपुर जंगल क्षेत्र और कस्बा सुल्तानपुर के बाद अब नगर कोतवाली के पलहीपुर इलाके की हरियाली पर बना माफियाओं की नजर है। आम के हरे पेड़ों पर और चल रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी सेटिंग गेटिंग कर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय पुलिस भी वन माफियाओं से संतुष्ट होकर पुलिसिया कार्रवाई से गुरेज कर रही है। *डीएफओ अमित सिंह कहते हैं कि पेड़ काटने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। नोटिस जारी की गई है। कहते हैं कि मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं जिला प्रोवेशन कार्यालय के सहयोग से चलाया जा रहा है अभियान

**सम्भल।**एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत जनपद सम्भल में बच्चों के अधिकार का हनन, बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए अब गांव स्तर पर ही पहल होगी। इसके लिए गांव हर में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन किया जाएगा। प्रयत्न संस्था एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से जनपद में बाल अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने बताया कि ग्राम बाल संरक्षण समिति का गठन बच्चों के अधिकार व संरक्षण से संबंधित मुद्दों के अनुश्रवण, बाल अधिकार हनन आदि की रोकथाम के लिए किया जाना है। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में समिति का गठन होगा आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी इसके सचिव होंगे और न्यूनतम सदस्यों की संख्या नौ होगी, जिनमें दो बच्चों की सदस्यता अनिवार्य होगी।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग हुई तेज

- राजा बुंदेला ने गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का किया ऐलान
- हमीरपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलेङ्क दिल्ली तक जाएगी बुंदेलखंड की आवाज



**अवधनामा संवाददात**

**हमीरपुर।** बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस मुहिम को गति देने के लिए आज हमीरपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बुंदेलखंड के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता राजा बुंदेला ने गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा की औपचारिक घोषणा की। राजा बुंदेला ने बताया कि यह यात्रा बुंदेलखंड की उपेक्षा, पिछड़ेपन और मूलभूत सुविधाओं की कमी के खिलाफ जनजागरण अभियान है। उन्होंने कहा, ÷बुंदेलखंड की जनता दशकों से पीने के पानी, सिंचाई, रोजगार और शिक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रही है। अब वक्त आ गया है कि इस क्षेत्र को उसका हक दिलाया जाए। प्रेस वार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन अब केवल मांग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दिल्ली तक जाएगा और केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से पृथक बुंदेलखंड राज्य की आवश्यकता को रखा जाएगा। संयुक्त बुंदेलखंड राज्य मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस अभियान को क्षेत्र के किसानों, युवाओं और समाजसेवियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। राजा बुंदेला ने यह भी बताया कि यात्रा के दौरान वे गांव-गांव जाकर जनता से संवाद करेंगे और जनसमर्थन को आंदोलन की ताकत बनाएंगे। उन्होंने कहा, ÷यह आंदोलन अब थमने वाला नहीं है। जब तक बुंदेलखंड को उसका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक हमारी आवाज दिल्ली की गलियों में गूंजती रहेगी।÷

# नीमा स्थापना सप्ताह के तहत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** नीमा स्थापना सप्ताह के तहत आज आर.के.आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सठियांव के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता कराई गई। सर्वप्रथम सभी छात्र-छात्राओं से पजल गेम हल कराई गई। जिसके लिए 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। पजल गेम के विजेताओं को पाँच ग्रुप में बांटकर पहले सामान्य ज्ञान (जनरल नॉलेज) राउंड द्वारा चयन किया गया। तत्पश्चात फास्टेस्ट फर्स्ट राउंड में जल्दी-जल्दी सवाल पूछकर जवाब लिया गया। तीनों राउंड के पश्चात प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एन. यादव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में एक-दूसरे से अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा रहती है, जो उनके ज्ञानवर्धन के लिए अत्यंत आवश्यक है। संस्था के चेयरमैन डॉ. प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि हमारी संस्था बच्चों के ज्ञानार्जन के लिए समय-समय पर इस तरह के आयोजन करती रहती है। इस तरह के आयोजन से बच्चे एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं और उनके अंदर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा बनी रहती है। इस कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर डॉ. डी.डी. सिंह ने कहा कि नीमा स्थापना सप्ताह के दौरान पहले आर.के.आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। और आज यहाँ के छात्र-छात्राओं ने जिस तरह से प्रतिभाग किया, इसके लिए कॉलेज परिवार की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। मैं संस्था के प्राचार्य और चेयरमैन महोदय को हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने इस कार्य में नीमा का सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अमित कुमार, डॉ. अवधेश यादव, डॉ. प्रेम प्रकाश राय, डॉ. अखिलेश शुक्ला, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. कीर्ति यादव, अभिनंदन यादव, दीपक यादव, हिमांशु गुप्ता, रश्मि मिश्रा आदि ने सहयोग किया।

# पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा पाएगी जाट, गुड बैड अग्ली को पछाड़ेंगे सनी देओल


**मुंबई।** करीब दो साल बाद सनी देओल जाट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है, लेकिन क्या यह फिल्म पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 से यादा कलेक्शन कर पाएगी?

गदर 2 से दमदार वापसी करने वाले अभिनेता सनी देओल अब जाट के साथ सिनेमाघरों में वापस आ रहे हैं। कुछ वर्षों तक बैक-टू-बैक फ्लॉप फिल्मों में अभिनय करने के बाद सनी देओल ने गदर 2 के साथ अपनी शानदार वापसी की, जो 2023 में रिलीज हुई। अब लगभग दो साल बाद अभिनेता जाट में बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इस बीच अब चर्चा ये है कि क्या जाट दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर पाएगी? चलिए

**कलेक्शन**

> **जाट ने रिलीज से पहले काफी अच्छी चर्चा बटोरी है, लेकिन यह फिल्म गदर 2 के पहले दिन के कलेक्शन को पार नहीं कर पाएगी।**

जानते हैं कि फिल्म पहले दिन कितनी कमाई कर सकती है। जाट गुरुवार, 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है, जिस दिन महावीर जयंती की छुट्टी भी है। फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की उम्मीद है, लेकिन क्या यह गदर 2 के पहले दिन के कलेक्शन को पीछे छोड़ पाएगी? गदर 2 ने पहले दिन 40.10 करोड़ रुपए



कमाए थे, जो फिल्म का बेहतरीन प्रदर्शन रहा, लेकिन फिल्म के इस प्रदर्शन के पीछे कई कारण थे, जिनमें से एक था गदर की पुरानी यादें। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फिर भी यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई। जाट ने रिलीज से पहले काफी अच्छी चर्चा बटोरी है, लेकिन यह फिल्म गदर 2 के पहले दिन के कलेक्शन को पार नहीं कर पाएगी। उम्मीद है कि गोपीचंद मालिनेनी निर्देशित यह फिल्म डबल डिजिट ओपनिंग लेगी और पहले दिन कलेक्शन 10-12 करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। हालांकि, अगर एडवांस बुकिंग और ऑन द स्पॉट बुकिंग बेहतर होती है तो कलेक्शन 15 करोड़ रुपये से ऊपर भी जा सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, जाट का बजट 100 करोड़ रुपये है। अगर पहले दिन जाट बजट का 10 प्रतिशत कमाती है, यानी अगर फिल्म ने पहले दिन 10 करोड़ रुपये की कमाई की तो यह औसत शुरुआत होगी। वहीं, अगर पहले दिन फिल्म बजट का 20 प्रतिशत हिस्सा यानी 20 करोड़ रुपये की कमाई कर लेगी तो यह कहा जा सकता है कि फिल्म ने अच्छी शुरुआत की है। फिल्म की कमाई कम होने की उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 10 अप्रैल को सुपरस्टार अजित की फिल्म गुड बैड अग्ली भी रिलीज हो रही है।

जाट में रणदीप हुड्डा खलनायक की भूमिका में हैं। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित जाट में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांद्रा जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित है। अब कल पता चलेगा कि फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरी है।

## रेड 2 में इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर क्यों



**मुंबई।** अजय देवगन की आगामी फिल्म रेड 2 में अभिनेत्री के चुनाव को लेकर नेटिजेंस सवाल उठा रहे हैं कि आखिरकार, रेड 2 में फिल्म मेकर्स ने इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर को क्यों लिया गया है। नेटिजेंस के इस सवाल पर अजय देवगन ने जवाब दिया है।

अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म से सभी का दमदार लुक सामने आ चुका है। लेकिन नेटिजेंस अब फिल्म में अभिनेत्री को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं कि आखिर उन्होंने इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर को क्यों लिया है।

फिल्म रेड 2 में अजय देवगन अपना किरदार अमय पटनायक के रूप में फिर से वापसी कर रहे हैं, लेकिन इस बार, इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर अजय देवगन की पत्नी के रोल में दिखाई देंगी।

फिल्म का ट्रेलर 8 अप्रैल को रिलीज हुआ, जिसके बाद नेटिजेंस लगातार सोशल मीडिया पर इलियाना की जगह वाणी को लेने की बात पर फिल्म मेकर्स से लगातार सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार, उन्होंने इलियाना की जगह वाणी को क्यों लिया है। रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने डायरेक्ट किया है और यह 2018 में आई फिल्म ÷रेड÷ का सीक्वल है। फिल्म में अजय देवगन और सौरभ शुक्ला अपनी पुरानी भूमिकाओं में लौट रहे हैं, जबकि रितेश देशमुख और वाणी कपूर नए कलाकारों के रूप में जुड़े हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक, फैंस ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया है कि इलियाना की जगह क्यों बदली गई। उनकी और अजय की केमिस्ट्री (रेड) अच्छी थी। कुछ ने कहा कि शायद इलियाना प्रेग्नेंट थीं, इसलिए उन्हें रिप्लेस किया गया। वहीं, अजय देवगन ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि कास्टिंग में बदलाव फिल्मों में आम बात है, जैसे हॉलीवुड में भी कई बार एक ही किरदार को अलग-अलग एक्टर निभाते हैं। वाणी ने भी साफ किया कि इलियाना के साथ कोई ईर्ष्या नहीं है और वे दोनों ऑफ-स्क्रीन अच्छे दोस्त हैं। वाणी ने कहा कि वह इस फिल्म में अपने किरदार को अपने अंदाज में निभाना चाहती हैं।

## रिलीज हुआ वेल थीफ का नया गाना, रोमांस करते नजर आए सैफ अली खान



**मुंबई।** सैफ अली खान जल्द ही वेल थीफ फिल्म से नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं। इस बार वह इस फिल्म में एक लुटेरा बन कर आ रहे हैं। वेल थीफ का निर्देशन कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का पहला लुक फरवरी में जारी किया गया था। नेटफ्लिक्स ने समय-समय पर फिल्म के बारे में अपडेट दी हैं, ताकि इस पर चर्चा होती रहे। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के गाने के रिलीज के बारे में कल ही बताया था। इसके बाद आज वेल थीफ का गाना जादू रिलीज हुआ है। गाने को यूट्यूब पर देखा जा सकता है। गाने में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता हैं। इस गाने को राघव चैतन्य ने आवाज दी है। इसे गीतकार कुमार ने लिखा है।

गाने में देखा जा सकता है कि सैफ अली खान एक शाही कुर्सी पर बैठे हैं। उनके इशारे पर एक दरवाजा खुलता है और लड़की नाचने लगती है। इसके बाद सैफ अली खान निकिता दत्ता के साथ रोमांस करते हैं। एक दूसरे सीन में जयदीप अहलावत लाल हीरे के साथ नजर आते हैं। गाने में सैफ अली खान बेहतरीन डांस करते हुए नजर आते हैं। वेल थीफ फिल्म में सैफ अली खान ने एक लुटेरे की भूमिका निभाई है। जयदीप अहलावत के साथ उनकी लड़ाई होती है।

## कुणाल के वीडियो शेयर करने वालों पर सरकार ने नहीं की सख्ती

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को एक लॉ स्टूडेंट द्वारा दायर की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें कुणाल कामरा के वीडियो को दोबारा शेयर करने वालों के खिलाफ सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की टिप्पणी भी शामिल थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के उस वीडियो को दोबारा शेयर करने या अपलोड करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया है, जिस वीडियो में कुणाल ने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक राजनेता को गद्दार कहकर तंज कसा था। मुख्य न्यायाधीश आलोक आढ़े और जस्टिस एम.एस. कार्णिक की बेंच ने यह बात तब कही, जब उन्होंने एक 25 साल के लॉ स्टूडेंट की जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

# लंदन के 'सीन्स इन द स्क्वायर' में लगेगा शाहरुख-काजोल का स्टैच्यू, डीडीएलजे के फेमस पोज की मिलेगी झलक



**मुंबई।** शाहरुख खान और काजोल की भारतीय सिनेमा की ऐतिहासिक फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। फिल्म कुछ ऐसा करने जा रही, जो आज तक कोई भी भारतीय फिल्म नहीं कर पाई है। जानिए क्या है ये उपलब्धि। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। डीडीएलजे अब लीसेस्टर स्क्वायर लंदन में स्थापित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी, जिससे जुड़ा स्टैच्यू यहां लगेगा। शाहरुख और काजोल का फिल्म के एक सीन का स्टैच्यू सीन्स इन द स्क्वायर में लगेगा। इसकी घोषणा हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस ने की। लीसेस्टर स्क्वायर में सीन्स इन द स्क्वायर मूवी ट्रेल में अब डीडीएलजे के रूप में एक नई प्रतिमा लगेगी। यह हिंदी सिनेमा की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म के 30 साल पूरे होने के जश्न की शुरूआत होगी।

आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित पहली फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के नाम पहले से भी कई रिकॉर्ड और अवॉर्ड हैं। इस नए स्टैच्यू में फिल्म के प्रमुख कलाकार शाहरुख खान और काजोल की डीडीएलजे के एक सीन को दिखाती हुई कांस्य की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस स्टैच्यू का अनावरण इस साल वसंत में 20 अक्टूबर 2025 को फिल्म के 30 साल पूरे होने से कुछ महीने पहले होगा। फिल्म को यह उपलब्धि मिलना ये दर्शाता है कि ब्रिटिश साउथ एशियाई लोगों में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' कितनी प्रसिद्ध है। इस रोमांटिक फिल्म में लंदन में रहने वाले राज और सिमरन नाम के दो भारतीयों की लव स्टोरी है। जिसकी शुरूआत यूरोप से होती है, बाद में कहानी भारत में आती है। इन दोनों की लव स्टोरी किंग्स स्टेशन में ट्रेन से शुरू होती है। इस फिल्म की उपलब्धि के लिए लीसेस्टर स्क्वायर से बढ़िया जगह और कोई नहीं हो सकती, क्योंकि फिल्म के एक सीन में भी लीसेस्टर स्क्वायर दिखाया गया है।

इस सीन में स्क्वायर के दो सिनेमाघरों को दिखाया गया है। शाहरुख खान के किरदार राज को व्यू सिनेमा के सामने और सिमरन को ओडियन लीसेस्टर स्क्वायर से गुजरते हुए दिखाया गया है। इस नए स्टैच्यू को इस सीन को याद करते हुए ओडियन सिनेमा के बाहर छत पर रखा जाएगा।

इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान भी इस फिल्म का जिक्र किया था। यूके में फिल्म को काफी पसंद किया जाता है। यहां डीडीएलजे पर आधारित एक नया संगीत 'कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल' 29 मई 2025 को मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में शुरू होने वाला है।

शाहरुख खान और काजोल पिछले 100 वर्षों के दस अन्य फिल्म आइकन के साथ 'सीन्स इन द स्क्वायर' में इंटरनेशनल सिनेमा की मशहूर हस्तियों में शामिल होंगे। वो हैरी पॉटर, लॉरेल एंड हार्डी, बग्स बनी, सिंगिन इन द रेन की जीन केली, मैरी पॉपिंस, मिस्टर बीन, पैडिंगटन और डीसी सुपर-हीरोज बैटमैन और वंडर वूमन जैसे प्रतिष्ठित फिल्मी किरदारों के साथ दिखाई देंगे।

इस मौके पर हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस के डिप्टी चीफ एग्जीक्यूटिव मार्क विलियम्स ने खुशी जताते हुए कहा, ÷शाहरुख खान और काजोल को अपने ट्रेल में शामिल करने का अवसर पाकर हम बहुत खुश हैं, वो अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के दिग्गज हैं।

# पूजा ठाकुर जहां से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनीं, अब वहां देंगी कोचिंग



**धर्मशाला।** पूजा ने भारतीय खेल प्राधिकरण के धर्मशाला स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में बतौर कबड्डी कोच ज्वाइन कर लिया है। इससे पहले वह बिलासपुर में सेवाएं दे रही हैं।

वर्ष 2014 के एशियाई खेलों में कबड्डी में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं पूजा ठाकुर जहां से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनीं अब वहीं खिलाड़ियों को तराशेंगी। पूजा ने भारतीय खेल प्राधिकरण के धर्मशाला स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में बतौर कबड्डी कोच ज्वाइन कर लिया है। इससे पहले वह बिलासपुर में सेवाएं दे रही हैं। पूजा एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग में असिस्टेंट कमीश्नर के पद पर तैनात हैं और डेपुटेशन पर खेल प्राधिकरण के धर्मशाला सेंटर में कबड्डी कोच के तौर पर सेवाएं देते हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा निखार रही हैं।

पूजा ने वर्ष 2004 में धर्मशाला स्थित साई हास्टल में बतौर खिलाड़ी एंट्री की थी। यहां रहकर कबड्डी की बारीकियों को सीखते हुए हिमाचल और भारत को कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाए थे। इस दौरान पूजा कई प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम की कप्तान भी रहीं। वर्ष 2012 में पूजा को राज्य सरकार ने एक्साइज विभाग में नौकरी दी। इसके बाद पूजा ठाकुर ने वर्ष 2014 में एशियन गेम्स में भारतीय टीम को कबड्डी में स्वर्ण पदक दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। बिलासपुर के स्योहला गांव की पूजा ठाकुर ने 14 साल की उम्र में साई हास्टल में प्रशिक्षण लेना शुरू किया था।

पूजा ने कहा कि मेरे के लिए गौरव की बात है कि जो मेरी कर्म भूमि रही है। आज वहां पर ही बतौर कोच के रूप में सेवाएं देने का मौका मिला है। हिमाचल ने भारतीय कबड्डी टीम को कई खिलाड़ी दिए हैं। आज के समय में साई सेंटर की खिलाड़ी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, चंपा, भावना और निधि सहित कई खिलाड़ी भारतीय टीम से खेल रही हैं। कबड्डी में प्रदेश की सेकेंड लाइन की खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर आगे लाने का प्रयास है ताकि देश के ओर अधिक अच्छे खिलाड़ी मिल सकें।

# जीटीबी क्रिकेट एकेडमी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची



**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में मंगलवार को सीनियर वर्ग का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें जीटीबी ने मैच जीता। वहीं प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मेरठ के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। मेरठ गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के मैदान पर खेली जा रही गुरु तेग बहादुर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में मंगलवार को सीनियर वर्ग का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें गुरु तेग बहादुर क्रिकेट अकादमी की टीम ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 31.5 ओवर में 221 रन बनाए। उनकी ओर से दिव्य ने 41 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऋषभ क्रिकेट अकादमी ब्लू की टीम 28.5 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई। उनकी ओर से अजहर ने 43 और युग ने 40 रनों का योगदान दिया। आयोजन सचिव क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने टीमों से परिचय प्राप्त किया। बुधवार को सीनियर वर्ग का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। किला रोड स्थित गेम सिटी एरेना में मंगलवार को अहलावत क्रिकेट एकेडमी और वीपीसीए क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। इसमें वीपीसीए क्रिकेट एकेडमी ने 8 विकेट से मैच जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए अहलावत क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 32.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाए। बल्लेबाज वेदांश ने 67 गेंद में 27 रन और रुद्रा ने 18 गेंद में 8 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीपीसीए की टीम ने 10.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए राधा गोविंद की टीम ने अच्छी शुरूआत दी। खिलाड़ियों ने निर्धारित बीस ओवर में 246 रन बनाए। उनकी ओर से रजत शर्मा ने 71 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसजी कैंट की टीम के खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत दी। टीम ने 18.5 ओवर में ही 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। एसजी कैंट टीम की ओर से सत्यम सांगू ने 69 रन बनाए। समीर चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

बागपत में आयोजित उत्तर प्रदेश जूनियर पुरुष और महिला कुश्ती प्रतियोगिता में मेरठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक हासिल किए। कुश्ती कोच डॉ. जबर सिंह सोम ने बताया कि यह प्रतियोगिता 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक किरठल में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में 50 किग्रा. भार वर्ग में सारथी तोमर ने प्रथम, 57 किग्रा. भारवर्ग में पायल सैनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में 61 किग्रा. भार वर्ग में सागर वत्स ने प्रथम, 67 किग्रा. भार वर्ग में मुकुल चौधरी ने चौथा स्थान हासिल किया। ग्रीको रोमन में 82 किग्रा. भार वर्ग में हिमांशु शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को चौधरी चरण सिंह विवि स्थित रुस्तम ए जमा दारा सिंह कुश्ती हाल में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संरक्षक अश्वनी गुप्ता, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे। घाट रोड स्थित पंचवटी के मैदान पर चल रहे फर्स्ट एसडीके ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को अंबिका गाजियाबाद व नीलकंठ क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुआ। अंबिका एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीलकंठ एकेडमी को निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 215 रन का लक्ष्य दिया। मेहुल चहल ने 83, साहिल शर्मा 45 और निशांत ठाकुर ने 44 रन बनाए। नीलकंठ के गेंदबाज, प्रियांशु, अभिनव और शौर्या ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीलकंठ एकेडमी की टीम ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 रन बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। प्रियांशु मोतला ने 51, यश पंवार ने 39 व अधिराज ने 31 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में शिवम, रंजन ने दो विकेट लिए। प्रियांशु मोतला को कोच उमेश कुमार ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# सीएसके के लिए धोनी परेशानी का कारण नहीं, माही के समर्थन में उतरे रॉबिन उथप्पा

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, इसके बावजूद सीएसके लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने इस सीजन अब तक पांच मुकाबले खेले हैं जिसमें से सिर्फ एक मैच जीता है और चार में उसे हार मिली है। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने महेंद्र सिंह धोनी का समर्थन करते हुए कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए वह परेशानी का कारण नहीं हैं। सीएसके का प्रदर्शन इस सीजन अच्छा नहीं रहा है और उसने लगातार चार मैच गंवाए हैं। अपनी शैली के कारण सीएसके की आलोचना हो रही है।



धोनी इस सीजन अधिकतर समय काफी निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, इसके बावजूद सीएसके लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने इस सीजन अब तक पांच मुकाबले खेले हैं जिसमें से सिर्फ एक मैच जीता है और चार में उसे हार मिली है। सीएसके की हार पर राय रखते हुए उथप्पा ने कहा कि चेन्नई में धोनी परेशानी का कारण नहीं है और टीम में बदलाव के साथ ही धोनी ने अपनी जिम्मेदारियां दूसरों को दे दी थी। उथप्पा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि धोनी में कभी भी इरादे की कमी थी। आईपीएल के बाहर भी मेरा मानना है कि उन्होंने दूसरों को जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें आने वाले वर्षों में क्या उम्मीद करनी है, इसकी स्पष्ट समझ दी थी क्योंकि सीएसके चैंपियनशिप के लिए दावेदार टीम के रूप में फिर से तैयार हो रही थी। टीम में बदलाव हो रहा है और हम चाहते हैं कि धोनी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं वो थोड़े ऊपरी क्रम में आएं। मुझे नहीं लगता कि वो किसी तरह की परेशानी हैं। धोनी ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में तीन मैचों में बल्लेबाजी की है और 153.73 के स्ट्राइक रेट से 103 रन बनाए हैं। हालांकि, निचले क्रम पर उतरने के कारण पूर्व कप्तान की आलोचना की गई थी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान वीरेंद्र सहवाग ने मजाकिया अंदाज में था कि धोनी मैच में जल्दी बल्लेबाजी करने के लिए उतर गए हैं। धोनी आईपीएल के पहले सीजन से ही सीएसके के साथ जुड़े हुए हैं। सीएसके ने उन्हें आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी से पहले चार करोड़ रुपये में रिटेन किया था।

## दोहा डायमंड लीग से सत्र की शुरुआत करेंगे भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा, 16 मई को होगा आयोजन

**दोहा।** नीरज ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की थी। प्रतियोगिता में तीसरी बार हिस्सा ले रहे नीरज ने कहा कि वह कतर में भारतीय प्रशंसकों से और अधिक उत्साही समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। दोहा डायमंड लीग का आयोजन कतर की राजधानी में 16 मई को होगा। नीरज भारत के सबसे सफल भाला फेंक एथलीट हैं जिन्होंने लगातार दो ओलंपिक में पदक अपने नाम किया है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और फिर 2024 पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह लगातार तीसरे साल दोहा में वांडा डायमंड लीग प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के सबसे उत्साही दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा करने के लिए बेताब हैं। नीरज ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की थी। प्रतियोगिता में तीसरी बार हिस्सा ले रहे नीरज ने कहा कि वह कतर में



भारतीय प्रशंसकों से और अधिक उत्साही समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। नीरज ने कहा, मैं कतर में भारतीय लोगों से मिलने वाले समर्थन से हमेशा अभिभूत रहता हूं। उनका धन्यवाद करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं। चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी अब 27 वर्षीय नीरज को कोचिंग देते हैं जो विश्व भाला फेंक रिकॉर्ड धारक (98.48 मीटर) और कई ओलंपिक और विश्व चैंपियन हैं। नीरज ओलंपिक स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। साथ ही डायमंड लीग प्रतियोगिता और डायमंड लीग खिताब जीतने वाले पहले भारतीय भी हैं। वह पिछले साल ओलंपिक फाइनल में अरशद नदीम और ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रहे थे।

# मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून को लेकर भड़की हिंसा के बाद स्थिति शांतिपूर्ण, इंटरनेट सेवाएं निलंबित



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में भड़की हिंसा अब शांत है। मुस्लिम बाहुल मुर्शिदाबाद जिले में स्थिति बुधवार को शांतिपूर्ण रही। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है। साथ ही निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसके अलावा, 11 अप्रैल तक इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं।

पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में बुधवार को स्थिति शांतिपूर्ण रही। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रघुनाथगंज और सुति पुलिस थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिले के संवेदनशील इलाकों, खासकर जंगीपुर शहर और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा, किसी भी गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए जंगीपुर उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी निलंबित कर दी गई है।

बता दें कि मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई हिंसक घटनाएं हुईं। लोगों ने कानून वापस लिए जाने की मांग करते हुए कई वाहनों को आग लगा दी। जंगीपुर इलाके में एनएच-12 पर लोग कानून वापस लेने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी किया।

पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने विरोध के दौरान कथित तौर पर पुलिस के कुछ वाहनों को आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारियों ने बताया कि पथराव में कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए। घटना के सिलसिले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिंसा के बाद से अब स्थिति शांतिपूर्ण है और नियंत्रण में है। जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जो 10 अप्रैल शाम छह बजे तक जारी रहेगी। इसके अलावा, इंटरनेट कनेक्टिविटी भी निलंबित कर दी गई है, जो 11 अप्रैल शाम छह बजे तक निलंबित रहेगी।

## फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील मंजूर, भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की क्षमता में इजाफा होने जा रहा है। इसके लिए भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान के लिए एक महत्वपूर्ण सौदे को मंजूरी दे दी गई है। भारत-फ्रांस की सरकारों के बीच हुए इस सौदे के तहत करीब 63 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दे दी है। 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। सरकारी सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने यह दावा किया है। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा।

# बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू नहीं होगा, मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के बाद सीएम ममता का बयान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मुझे कहा जाता है कि आप हर धर्म के कार्यक्रम में क्यों जाती हैं? मैं उनको कहती हूं कि मैं हमेशा जाती रहूंगी। अगर तुम गोली भी मार दो फिर भी मेरे मन से एकता नहीं निकाल सकते।%

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बीते दिन हुई वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं होगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए हम कदम उठाएंगी। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा, जिससे कोई समाज में फूट डालकर राज कर सके। आपको राजनीतिक रूप से एकत्र होने के लिए उकसाता है, तो कृपया ऐसा न करें। कृपया याद रखें कि दीदी आपकी और आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। अगर हम साथ




ममता ने कहा, बांग्लादेश की स्थिति देखिए। इसे अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। आपको जियो और जीने दो का संदेश देना चाहिए। बंगाल में रहने वालों को सुरक्षा देना हमारा काम है। मैं आप सभी से अपील करती हूं कि अगर कोई रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं। ममता बनर्जी ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम लोग हर परंपरा को मानते हैं, हमारे यहां जितने भी धर्म हैं, सबके लिए हमने बचपन से प्रेम सीखा है। मुझे कहा जाता है कि आप हर धर्म के कार्यक्रम में क्यों जाती हैं? मैं उनको कहती हूं कि मैं हमेशा जाती रहूंगी। अगर तुम गोली भी मार दो फिर भी मेरे मन से एकता नहीं निकाल सकते। हमारे यहां हर धर्म, परंपरा के त्योहार हैं। सभी धर्म के लोग इंसानियत के लिए प्रार्थना करते हैं।

वक्फ (संशोधन) विधेयक को बीते गुरुवार को लोकसभा ने पारित किया था। इसके बाद शुक्रवार की सुबह राज्यसभा ने भी इस पर मुहर लगा दी थी। संसद के दोनों सदनों में लंबी बहस के बाद इसे पारित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विधेयक को अपनी मंजूरी भी दे दी थी। केंद्र सरकार ने इसे लागू करने के लिए बीते दिन ही अधिसूचना जारी की थी। इससे पहले बीते दिन मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। सड़क जाम करने से रोकने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी।

## एक बार फिर तापमान ने 1.5 डिग्री की अलर्ट लाइन को किया पार

**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ते पारे के साथ ही पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का खतरा और बढता जा रहा है। इसकी बानगी तापमान में हो रही बढ़ोतरी से साफ दिखती है। वहीं, मार्च में एक बार फिर तापमान ने 1.5 डिग्री की चेतावनी रेखा को पार किया। यूरोपीय संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने तो अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि बीता मार्च जलवायु इतिहास का दूसरा सबसे गर्म रहा मार्च रहा। इस दौरान तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। लगातार बढ़ते तापमान के बीच मार्च 2025 ने फिर एक गंभीर संकेत दिया है कि पृथ्वी पर जलवायु संकट गहराता जा रहा है। यूरोपीय संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) की रिपोर्ट में बीता मार्च जलवायु इतिहास का दुनिया का दूसरा सबसे गर्म महीना रहा।

# भारत के हितों को सर्वोपरि रख रही सरकार



**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ के प्रभावों पर बात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय कारोबारियों को विश्वास दिलाया कि सरकार द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि द्विपक्षीय व्यापार समझौता अर्थव्यवस्था को विकसित भारत 2047 की ओर ले जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम कर रही है, जैसा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच तय हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि द्विपक्षीय व्यापार समझौता अर्थव्यवस्था को विकसित भारत 2047 की ओर ले जाएगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ के प्रभावों पर बात की। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फरवरी में तय किए गए द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। कई बैठकें हो चुकी हैं। सभी बैठकें सही दिशा में जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम विषयों और उत्पादों के एक विस्तृत क्षेत्र को कवर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं देशभर के व्यापारियों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम भारत के सर्वोत्तम हितों को आगे रख रहे हैं। हमारा द्विपक्षीय व्यापार समझौता अर्थव्यवस्था को विकसित भारत 2047 की ओर ले जाएगा। इस बीच, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि दोनों साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद भारत अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ के नतीजों से मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व के साथ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, %हम इससे पहले की तुलना में अधिक मजबूत होकर बाहर निकलेंगे। हर चुनौती एक अवसर प्रस्तुत करती है, और भारत इसका लाभ उठाएगा।%इससे पहले, सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टैरिफ पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि चर्चा का उद्देश्य निष्पक्ष और संतुलित व्यापार संबंध की दिशा में आगे बढ़ना था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी आयातों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। उन्होंने भारतीय आयातों पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी में अमेरिका की यात्रा की थी। इस दौरान पीएम मोदी और ट्रंप ने अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया और मिशन 500 नामक नया लक्ष्य तय किया, जिसका उद्देश्य 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक करके 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर करना है।

## गवर्नर अब नहीं रह गए सरकारी विवि के कुलाधिपति



**चेन्नई।** लंबित विधेयकों को अधिनियम घोषित करने के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाईं। पार्टी के वरिष्ठ नेता आरएस भारती ने मीडिया से कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार राज्यपाल आरएन रवि अब सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति नहीं रह गए हैं। भारती ने राज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह राज भवन से चले जाते हैं, तो माना जा सकता है कि वह स्वाभिमानी व्यक्ति हैं, क्योंकि आजादी के बाद से अदालत ने किसी भी राज्यपाल के खिलाफ ऐसा फैसला नहीं सुनाया है। द्रमुक नेता ने आरोप लगाया कि रवि ने विधेयकों को मंजूरी न देकर विपक्षी दल से भी ज्यादा विरोधी भूमिका निभाई और दुश्मन की तरह व्यवहार किया। यह पूछे जाने पर कि क्या फैसले के मद्देनजर मुख्यमंत्री राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होंगे या सरकार कुलपतियों की नियुक्ति करेगी, द्रमुक के राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने कहा कि ये 10 विधेयक राज्यपाल को उन विश्वविद्यालयों से हटाने के लिए थे, जहां के वे कुलाधिपति थे। ये विधेयक इसलिए आवश्यक हो गए थे, क्योंकि राज्यपाल कुलपतियों की नियुक्ति सहित अन्य कार्यों में अड़चन डाल रहे थे।

# चीन से मुकाबले के लिए बौद्ध मठों में पढ़ाया जाएगा देशभक्ति का पाठ

**नई दिल्ली।** अरुणाचल, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत उत्तरी राज्यों में फैले लगभग 600 मठ चार प्रकार की तिब्बती और भारतीय बौद्ध परंपराओं में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। ये बौद्ध मठ आधुनिक विषय और अंग्रेजी भी पढ़ाते हैं, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा प्रयास के बाहर इन पाठ्यक्रमों में एकरूपता का अभाव है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं और धर्मों के मिश्रण से एक व्यापक पहचान बनाना है। हिमालयी मठों को चीन के प्रभाव से बचाने के लिए भारत ने रणनीति के तहत शिक्षा को अपना हथियार बनाया है। भारत पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक के बौद्ध मठों में शिक्षा में अहम बदलाव करने जा रहा है। शिक्षा को सुव्यवस्थित करने और देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। शिक्षा में सुधार भारत सरकार की रणनीतिक योजना का हिस्सा है। अरुणाचल, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत उत्तरी राज्यों में फैले लगभग 600 मठ चार प्रकार की तिब्बती और भारतीय बौद्ध परंपराओं में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। ये बौद्ध मठ आधुनिक विषय और अंग्रेजी भी पढ़ाते हैं, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा प्रयास के बाहर इन पाठ्यक्रमों में एकरूपता का अभाव है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं और धर्मों के मिश्रण से एक व्यापक पहचान बनाना है। अरुणाचल में सत्तारूढ़ भाजपा के बौद्ध कार्यकर्ता मालिंग गोम्बू ने कहा, हम बौद्ध धर्म के साथ शिक्षा के माध्यम से भारतीय पहचान को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चीन कभी भी हिमालय में हमारे मठों पर नियंत्रण न कर सके। मठों में रहने वाले हजारों बच्चे भारतीय शिक्षा के हकदार हैं।

# चीन के एक नर्सिंग होम में लगी भीषण आग, अब तक 20 लोगों की मौत




**बीजिंग।** उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। आग मंगलवार रात करीब 9 बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। बुधवार सुबह तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई। मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) रात करीब 9 बजे चेंग्दे शहर के लोंगहुआ काउंटी में जब आग लगी, तब इमारत में कुल 39 बुजुर्ग रह रहे थे। रात करीब 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका। अब तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 19 को जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने नर्सिंग होम के प्रभारी शख्स को हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि आग लगने के कारणों की अभी भी जांच की जा रही है। सार्वजनिक रिकॉर्ड के आधार पर 300 बिस्तरों वाले गुओन सीनियर होम में आग लगने के समय 260 बुजुर्ग रह रहे थे। इनमें से 98 लोग पूरी तरह से दिव्यांग थे और 84 को आंशिक दिव्यांग बताया गया। रिकॉर्ड के मुताबिक, 78 लोग पूरी तरह से ठीक थे। लाइसेंसिंग रिकॉर्ड के अनुसार, नर्सिंग होम में बुजुर्गों और विकलांगों के लिए आवास, भोजन और डेकेयर मुहैया कराने का किया जाता था। इससे पहले अक्तूबर में 50 से अधिक अधिकारियों को एक मामले में सजा सुनाई गई थी, क्योंकि उन्हें जनवरी 2024 में दक्षिण-पूर्वी प्रांत जियांग्शी के शिनयू शहर में एक इमारत परिसर में लगी आग के लिए जिम्मेदार पाया गया था।

# टैरिफ की मार झेल देश समझौते के लिए कर रहे मिन्नतें, फार्मा सेक्टर पर भी लगेगा टैरिफ



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित दुनिया के तमाम देश उनके साथ बातचीत करने और सौदे करने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने समझौता हासिल करने के लिए कुछ भी करने की पेशकश की। नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी में बोलते हुए, ट्रंप ने कहा कि वे कांग्रेस से बेहतर वार्ताकार हैं। ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता रहा हूं- ये देश हमसे बातचीत करने के लिए बेताब हैं, वे सौदा करने के लिए बेताब हैं, और कह रहे हैं कृपया सर सौदा करें, मैं कुछ भी करूंगा।

ट्रंप ने कहा कि कुछ रिपब्लिकन सांसद (जो उनके ही दल से हैं) यह चाहते हैं कि टैरिफ पर बातचीत की जिम्मेदारी कांग्रेस को दी जाए। लेकिन ट्रंप इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत की कमान कांग्रेस के हाथ में होती, तो चीन पर 104त्र का टैरिफ कभी नहीं लगता। उन्होंने कहा, कुछ बागी रिपब्लिकन नेता कहते हैं कि कांग्रेस को टैरिफ डील करनी चाहिए। लेकिन मैं कहता हूं, वो वैसी डील नहीं कर सकते जैसी मैं कर सकता हूं। अगर ऐसा होता, तो चीन सबसे ज्यादा खुश होता, क्योंकि तब वो 0% टैरिफ देता और उल्टा हम उसे 104% देते!ट्रंप ने फार्मास्यूटिकल क्षेत्र पर महत्वपूर्ण टैरिफ लगाने की योजना की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य कंपनियों को अमेरिका में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ट्रंप ने कहा, फार्मा पर टैरिफ इसलिए लगाया जाएगा क्योंकि हम दवाएं नहीं बनाते हैं; वे दूसरे देश में बनती हैं। अमेरिका में उसी पैकेट की कीमत 10 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। हम फार्मा पर इस तरह से टैरिफ लगाने जा रहे हैं कि कंपनियां बहुत जल्द हमारे पास दौड़ी चली आएंगी। हमारे पास जो फायदा है, वह यह है कि हम बहुत बड़े बाजार हैं। बहुत जल्द, फार्मा पर एक बड़ा टैरिफ घोषित किया जाएगा, और जब ये कंपनियां यह सुनेंगी, तो वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी क्योंकि उनके अधिकांश उत्पाद यहां बेचे जाते हैं। और, वे यहां अपने संयंत्र खोलेंगे। ट्रंप के दो सबसे भरोसेमंद लोग- एलन मस्क और व्यापार सलाहकार पीटर नवारो - अमेरिकी राष्ट्रपति के पारस्परिक टैरिफ को लेकर एक-दूसरे से सहमत नहीं हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर निशाना साधा है। वहीं इसे लेकर पूछे गए सवाल पर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा- लड़के तो लड़के ही रहेंगे।

उनकी यह टिप्पणी मस्क की तरफ से टेस्ला की आलोचना और ट्रंप के व्यापक नए टैरिफ के समर्थन को लेकर नवारो की आलोचना करने के बाद आई है। कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा, ये स्पष्ट रूप से दो व्यक्ति हैं जिनके व्यापार और टैरिफ पर बहुत अलग-अलग विचार हैं। लड़के तो लड़के ही रहेंगे और हम उनकी सार्वजनिक बहस जारी रहने देंगे। और आप सभी को बहुत आभारी होना चाहिए कि हमारे पास इतिहास का सबसे पारदर्शी प्रशासन है।

## बाढ़ के पानी में नहीं बनी मेरी पार्टी; अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की की मांग पर भड़कीं हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना ने अपनी पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की धमकियों के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। साथ ही हसीना ने अंतरिम सरकार और उसके प्रमुख मोहम्मद यूनुस के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने यूनुस पर सरकार हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि वास्तव में वह किसी जनांदोलन के माध्यम से सत्ता में नहीं आए, बल्कि एक चालाकी भरी योजना के माध्यम से आए। उनके आदेशों का क्या मूल्य या वैधता है? संविधान के अनुसार, लोगों के चुने हुए प्रतिनिधि और संसद सदस्यों के चुने हुए उम्मीदवार के रूप में मैं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हूं। उनकी सत्ता की कोई वैधता नहीं है। अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की धमकियों के बीच बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कड़ी चेतावनी दी है।

# कनाडा के चुनावी मैदान में पहली बार उतरे गुजराती, पहले राजनीति में पंजाबियों का था बोलबाला



**टोरंटो।** कनाडा में इस महीने होने वाले 45वें संघीय चुनाव में भारतीय मूल के चार गुजराती उम्मीदवार पहली बार चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले तक कनाडाई राजनीति में पंजाबी समुदाय का ही बोलबाला था, लेकिन अब गुजराती भी राजनीति में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुजराती समुदाय से जयेश ब्रह्मभट्ट, सुंजीव रावल, अशोक पटेल और मिनेश पटेल इस बार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से दो उम्मीदवार पार्टी टिकट पर और दो निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे हैं। कनाडा में भारतीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में है, जिसमें पंजाबी और गुजराती सबसे ज्यादा हैं। जहां पंजाबी समुदाय लंबे समय से राजनीति में सक्रिय है, वहीं गुजराती अब अपने सामाजिक योगदान और व्यापारिक समाज के दम पर राजनीतिक पारी की शुरुआत कर रहे हैं। गुजराती आमतौर पर व्यापार से जुड़े होते हैं और कनाडा में अच्छी आर्थिक स्थिति बनाने के बाद अब समाजसेवा और राजनीति में उतर रहे हैं। वहीं पंजाबी समुदाय की बात करें तो वे पहले से ही संसद, मंत्री पद और बड़े राजनीतिक पदों पर काबिज रहे हैं। जयेश ब्रह्मभट्ट ब्रैम्पटन चिंगुएकौसी पार्क - जयेश साल 2001 में भारत से कनाडा आए थे। पेशे से सिविल इंजीनियर हैं और अब एक सफल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। अब पीपल्स पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कहना है, हम स्वतंत्रता, जिम्मेदारी, और सभी के लिए सम्मान की बात करते हैं। मुझे लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। बदलाव की उम्मीद है।

सुंजीव रावल कैलगरी मिदनापुर - सुंजीव रावल पिछले 20 साल से कनाडा में हैं और खुद का बिजनेस चलाते हैं। वह कई भारतीय संगठनों से जुड़े हुए हैं और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनका कहना है, %हम मध्यम वर्ग के मुद्दों - जैसे महंगाई, मकान, और रोजगार - पर लड़ रहे हैं। इमिग्रेशन को भी संतुलित करने की जरूरत है। अशोक पटेल एडमोंटन शेरवुड - स्वतंत्र उम्मीदवार - अशोक पटेल कारोबारी हैं और पहली बार राजनीति में आए हैं। उनका उद्देश्य है कि वे लोगों की सेवा संसद में जाकर करें।

## डोमिनिकन गणराज्य में नाइटक्लब की छत गिरने से हाहाकार, 100 की मौत



**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य में नाइट क्लब की छत गिरने से हाहाकार मचा हुआ है। हादसे में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है और 160 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में कई नामचीन हस्तियां शामिल हैं। हादसा मेरेंग्यू कॉन्सर्ट के दौरान हुआ, जिसमें राजनेताओं, एथलीटों और अन्य लोगों ने भाग लिया था। हालांकि, बचाव दल मलबे में दबे संभावित जिंदा लोगों की तलाश में जुटा है। डोमिनिकन गणराज्य में मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह एक नाइट क्लब की छत गिरने से हाहाकार मच गया। हादसा मेरेंग्यू कॉन्सर्ट के दौरान हुआ, जिसमें राजनेताओं, एथलीटों और अन्य लोगों ने भाग लिया था। हादसे में करीब 100 लोगों की मौत हुई है, जबकि 160 लोग घायल हुए हैं। मलबे में दबे संभावित जिंदा लोगों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। आपातकालीन संचालन केंद्र के निदेशक जुआन मैनुअल मेंडेज के अनुसार, हादसा सैंटो डोमिंगो में एक मंजिला जेट सेट नाइट क्लब में हुआ। उन्होंने कहा कि बचाव दल मलबे में दबे संभावित जिंदा लोगों की तलाश कर रहा है। लोगों की तलाश में अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाइट क्लब की छत गिरने के करीब 12 घंटे बाद भी बचाव दल मलबे में दबे जिंदा लोगों को निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कर्मी कंक्रीट के ब्लॉक हटाने का काम कर रहे हैं।

# म्यांमार-थाईलैंड में मची तबाही के बीच ताइवान में कांपी धरती, भूकंप के तेज झटकों से दहशत में लोग

**ताइपे।** ताइवान में भूकंप से पहले नेपाल में 4 अप्रैल को भूकंप के दो झटके लगे थे। इसका असर उत्तर भारत में भी महसूस हुआ था। पहला झटका 5.2 और दूसरा 5.5 तीव्रता का बताया गया। इससे पहले म्यांमार मं 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने जमकर तबाही मचाई थी।




ताइवान में बुधवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इससे राजधानी में अलार्म बजने लगे। केंद्रीय मौसम विभाग ने भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी। गनीमत रहे कि ताइपे में भूकंप के झटके कुछ सेकंड तक ही रहे। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, 5.0 तीव्रता का भूकंप यिलान के दक्षिण-दक्षिणपूर्व में पूर्वोत्तर तट पर लगभग 21 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर आया। इसका केंद्र जमीन की सतह से 69 किलोमीटर (43 मील) गहराई में था। इससे पहले थाईलैंड और म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप ने खूब तबाही मचाई थी। त्रासदी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 3,600 हो गई है। 7.7 तीव्रता के भूकंप ने देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया था। इससे छह राज्यों को काफी नुकसान पहुंचा था। भूकंप के कारण कई इलाकों में बिजली, टेलीफोन या सेल कनेक्शन ध्वस्त हो गए थे। सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन ने सोमवार देर रात बताया था कि कि भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,600 तक पहुंच गई है, जिसमें 5,017 लोग घायल हैं। 160 अब भी लापता हैं। बचाव अभियान में 20 देशों के 1,738 कर्मचारी हमारी मदद कर रहे थे। उन्होंने 653 जीवित बचे लोगों को खोजने और निकालने में मदद की। हालांकि, अब सभी को वापस भेज दिया गया है। भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिश्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।

# कैबिनेट मंत्री डॉ संजय ने त्रिपुरारी मिश्रा व सुमित्रा देवी का मुर्ति स्थापना के लिए किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**त्रिपुरारी मिश्रा शिक्षा के माध्यम से अंधकार से प्रकाश की ओर ले गए डॉ संतोष**

**जौनपुर।** बालपुर ख़रैला में एम एस डी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन एवं ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सन्तोष कुमार मिश्रा के पिता महाराज पंडित त्रिपुरारी मिश्रा के प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर महाराज एवं राजमाता सुमित्रा देवी के मूर्ति स्थापना हेतु शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ संजय निषाद ने महाराज एवं राजमाता के तेल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित किए। मूर्ति स्थापना हेतु शिलान्यास के लिए लगे हुए शिलापट्ट का फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ संतोष मिश्रा ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया। डॉ संजय ने अपने सम्बोधन में कहा आज समाज में ऐसे भी लोग है जो अपने वृद्ध माता पिता को अनाथालयो में छोड़ दे रहे है वही दूसरी ओर डॉ संतोष मिश्रा जैसे लोग भी है जो माता पिता को अमर करने के लिए प्रतिमा बनाने के लिए शिलान्यास करा रहे हैं ऐसे लोग अपने समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है, लोगो को अनुशरण करना चाहिए।



राजा साहब ने अपनी पिता की पुण्यतिथि पर मां पिता के लिए अच्छी सोच है जिसके लिए बधाई के पात्र है। गरीबों, असहयो की मदद करते रहते हैं साथ ही मेडिकल कॉलेज जैसे उच्च संस्थानों की स्थापना कर राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहे हैं। ये गरीब विघार्थियों के लिए अपने विघालय में विशेष सहयोग देते रहते हैं जिसकी चर्चा प्रदेश स्तर तक है। डॉ. संतोष कुमार मिश्रा राजा साहब ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे पिता ने समाज के सेवा में निरंतर कार्य किए और 22 साल तक ग्राम प्रधान थे। आज के 40 साल पहले उन्होंने कलंदपुर गांव में श्री जायसवाल जूनियर हाई स्कूल की स्थापना करके समाज को शिक्षा के माध्यम से अंधकार से प्रकाश की ओर ले गए। वे अपने जीवन में गरीबों को पेंशन, राशन और जरूरतमंद को हर संभव मदद करने का काम करते थे।

मैं उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करूंगा। मेरी माता बहुत निडर और साहसी थी, कभी संकट में विचलित नहीं हुई। मैने उनके मूर्ति के स्थापना कर स्वयं को कृतज्ञ समझता हूं।इसी क्रम में चंद्रजीत राजभर , पंडित गिरिजा शंकर तिवारी, नागेंद्र दूबे मिर्जापुर आदि ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालान अवधेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पंडित गिरिजा शंकर तिवारी महराज, कुलगुरू मुन्ना गिरी, डॉ. राजेशउपाध्याय (ज्योतिषाचार्य), राकेश कुमार तिवारी (व्यास जी) रविन्द्र मिश्रा, प्रिन्स मिश्रा, उत्कर्ष, विंध्यवासनि तिवारी आदि सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र मिश्रा ने दिया।

## भारत विकास परिषद शौर्य ने किया शाखा संयोजकों का चयन

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक और लगातार तीसरी बार चयनित अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में शहर के प्रतिष्ठित सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें काशी प्रांत के पदाधिकारियों के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से शाखा संयोजकों का चयन किया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम में भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्जवलित किया गया तथा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा वंदे मातरम गीत गाया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि काशी प्रांत की नई कार्यकारिणी द्वारा शाखा संयोजकों का पद सृजन एक सराहनीय निर्णय है और इसके द्वारा निश्चित रूप से शाखा के कार्यक्रमों को बल मिलेगा। संस्था सचिव अवधेश गिरी ने शाखा संयोजकों के दायित्व के विषय में लोगों को बताया। वर्तमान कोषाध्यक्ष जनार्दन पाण्डेय और संगठन सचिव जयशंकर सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अध्यक्ष की अनुमति से शाखा संयोजकों की चयन प्रक्रिया का आरंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम शाखा संयोजक सम्पर्क के रूप में अतुल जायसवाल, शाखा संयोजक सेवा के लिए दया निगम, शाखा संयोजक संस्कार के लिए नीरज श्रीवास्तव, शाखा संयोजक पर्यावरण के लिए पंकज सिंह का चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों का जोरदार तालियों से स्वागत किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सलोनी महिमापुर, वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 10-04-2025 से 19-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**धर्मेन्द्र यादव**
**ग्राम प्रधान सलोनी महिमापुर**
**वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

**अश्वनी सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**सलोनी महिमापुर वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**



## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहड़ा सुल्तानपुर, वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 10-04-2025 से 18-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।



| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।



**जगदीश प्रसाद**
**ग्राम प्रधान कोहड़ा सुल्तानपुर**
**वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

**अश्वनी सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**कोहड़ा सुल्तानपुर वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दक्षिण पट्टी, वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 10-04-2025 से 18-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।



| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।



**भारती यादव**
**ग्राम प्रधान दक्षिण पट्टी**
**वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

**प्रमोद कुमार यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**दक्षिण पट्टी वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 10-04-2025 से 18-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 19-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।



| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।



**रमेश चन्द जायसवाल**
**ग्राम प्रधान कल्याणपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अभिषेक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**कल्याणपुर वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# दिल्ली में मांग घटने से सोना 91000 रुपये के स्तर से नीचे फिसला, चांदी उछली

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर खरीदारी के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,050 रुपए की गिरावट के साथ 89,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। मंगलवार को यह 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में सोना हाजिर 61.98 डॉलर यानी 2.08 प्रतिशत बढ़कर 3,044.14 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**कीमत**

**चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, वैश्विक व्यापार युद्ध के कारण विश्व अर्थव्यवस्था के मंदी में चले जाने की आशंकाओं के कारण सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की मांग फिर से बढ़ गई, जिससे सोना 3,030 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।



जानकारों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन पर अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है, जिस पर अब 104 प्रतिशत का शुल्क लग गया है। बीजिंग ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाने का एलान किया है। इससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार संघर्ष बढ़ गया है।

चीन की ओर से उठाए गए जवाबी कदम 10 अप्रैल से प्रभावी होंगे। इस नवीनतम घटनाक्रम से अमेरिका के साथ पूर्ण व्यापार युद्ध की संभावना के बारे में चिंताएं पैदा हो गई हैं। गांधी ने कहा कि इसके अलावा, ट्रम्प की टैरिफ नीति से अमेरिकी डॉलर पर दबाव बना। लगातार दूसरे दिन इसमें गिरावट आई, जिससे सोने की कीमतों को फायदा हुआ। एशियाई बाजार में हाजिर चांदी करीब 2 प्रतिशत बढ़कर 30.41 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता के अनुसार, निवेशकों की नजर ट्रम्प की विकसित होती टैरिफ रणनीति और इसके व्यापक आर्थिक प्रभावों पर रहेगी।

मेहता ने कहा कि बाजार सहभागी अमेरिकी फेड की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के विवरण और आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी बारीकी से नजर रखेंगे। इससे यह पता चल सकता है कि केंद्रीय बैंक बढ़ते व्यापार जोखिमों पर कैसी प्रतिक्रिया देगा।

## द अरविंद स्टोर लाया मेड फॉर यू स्टिच्ड फॉर फ्री ऑफर

**लखनऊ।** द अरविंद स्टोर, एक सम्पूर्ण लाइफस्टाइल फैशन डेस्टिनेशन, देशभर में मुफ्त सिलाई सेवाएं प्रदान करते हुए मेड फॉर यू, स्टिच्ड फॉर फ्री की अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए बेहद उत्साहित है। यह पहल एक निर्बाध, व्यक्तिगत शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित करेगी और सिलाई से जुड़ी की परेशानियों को दूर करते हुए एक आदर्श फिट प्रदान करेगी। द अरविंद स्टोर अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट कस्टम टेलरिंग प्रदान करता है, जो बेदाग शिल्प कौशल और परिधानों की बारीकियों पर विशेष ध्यान सुनिश्चित करता है। केवल द अरविंद स्टोर आउटलेट्स में उपलब्ध यह मुफ्त सूट्स और शेरवानियों की सिलाई का ऑफर, प्रीमियम टेलरिंग को पहले से अधिक सुलभ बनाएगा।

श्री प्रणव दवे, चीफ बिज़नेस ऑफिसर निट्स एंड रिटेल, अरविंद लिमिटेड ने कहा, द अरविंद स्टोर में, हम अपने ग्राहकों को कस्टम टेलरिंग में बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी मेड फॉर यू, स्टिच्ड फॉर फ्री पहल कस्टम टेलरिंग को सभी के लिए आसानी से उपलब्ध होने के साथ-साथ उत्कृष्ट शिल्प कौशल और



गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए डिज़ाइन की गई है।÷

कस्टम टेलरिंग को अब व्यक्ति के व्यक्तित्व का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है और व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक साधन होता है, जिससे द अरविंद स्टोर का नवीनतम मुफ़्त सूट्स और शेरवानियों की सिलाई का ऑफर हर इंसान के लिए बेहद सामयिक और प्रासंगिक पेशकश बन जाता है।

इस अभियान के साथ ही, द अरविंद स्टोर 300 से अधिक शैलियों वाले एक नए लिनेन कलेक्शन को भी सबके सामने पेश कर रहा है, जिसमें रिंकल रेसिस्टेंट और बेहतरीन प्रदर्शन वाले वस्त्र एवं परिधान शामिल हैं। ग्राहक नवीनतम प्रिंटेड और एथनिक कलेक्शंस भी देख सकते हैं, जिन्हें परिष्कृत बनावट और लक्जरी के लिए ही निर्मित किया गया है। एथनिक कलेक्शन में प्राकृतिक फैब्रिक्स शामिल हैं जो मुलायम, हल्के और ब्रिदेबल हैं, जो बेजोड़ आराम प्रदान करते हैं। इस बीच, प्रिंटेड कलेक्शन में प्रीमियम फैब्रिक्स जैसे कि इजिप्शियन गीजा कॉटन, सुपरफाइन यूरोपियन लिनन, और ऑस्ट्रेलियन मेरिनो वूल को भी शामिल किया गया है। अरविंद इटालियन स्टूडियो में निर्मित, यह कलेक्शन औपचारिक और व्यापारिक दोनों प्रकार की जरूरतों के लिए आदर्श है। गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, द अरविंद स्टोर फैशन रिटेल को लगातार पुनर्परिभाषित कर रहा है। आज ही अपने निकटतम द अरविंद स्टोर पर आएं और बेहतरीन कस्टम टेलरिंग फैशन का अनुभव प्राप्त करें।

# ब्रिक्स सीसीआई डब्लू ई ने'लिंग समानता वाली दुनिया के लिए त्वरित कार्य' पर श्वेतपत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ने 'समान लिंग वाली दुनिया के लिए त्वरित कार्य' शीर्षक से श्वेतपत्र जारी किया है जिसमें महिला उद्यमियों के लिए सार्थक वैश्विक एक्सिलरेशन प्रोग्राम्स शुरू करते हुए इसे मुख्यधारा की मीडिया में चर्चा में लाने और महिलाओं के लिए चाहे वह कंपनी का बोर्ड हो, न्यायपालिका हो या सांस्कृतिक क्षेत्र हो, 33 प्रतिशत कोटा अनिवार्य करने की सिफारिश की गई है। साथ ही चुनावों में महिला उम्मीदवारों और महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों के लिए आईएसओ मानक प्रमाणन के लिए कोष की स्थापना करने, विवाद निस्तारण के लिए परिषद, मातृत्व लाभों के लिए राज्य का सहयोग, लिंग के आधार पर अलग अलग डेटा संग्रह एवं निगरानी, महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास की पहल की भी सिफारिश की गई है। इस श्वेतपत्र में विश्व में बदलाव लाने वाली महिलाओं, उद्यमियों, कॉरपोरेट अधिकारियों और नीति विशेषज्ञों के दृष्टिकोण को शामिल किया गया है जो वर्तमान प्रक्षेप पथ, विश्व आर्थिक मंच के मुताबिक, 2158 तक पूर्ण लिंग समानता हासिल नहीं की जा सकती जैसे विषयों पर चर्चा के लिए में एकत्रित हुईं। भारतीय संसद की पूर्व अपर सचिव (लोक सभा), ब्रिक्स सीसीआई की वरिष्ठ सलाहकार,की संस्थापक प्रधान सलाहकार और इस गोलमेज बैठक की अध्यक्ष सुश्री कल्पना शर्मा ने कहा, ÷महिलाओं को नवप्रवर्तक और निर्णयकर्ता के तौर पर उभरती प्रौद्योगिकियों विशेषकर एआई को आकार देने में एक केंद्रीय भूमिका निभानी होगी। व्यवस्थागत बदलाव के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व एक महत्वपूर्ण कारक होता है। बातचीत और श्वेतपत्र में की गई सिफारिशें यह मजबूती से याद दिलाती हैं कि गठबंधन, मार्गदर्शन और नेतृत्व एक ऐसे भविष्य को तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण हैं जहां महिलाएं ना केवल भागीदारी करें, बल्कि नेतृत्व भी करें।

ब्रिक्स सीसीआई डब्लू ई की अध्यक्ष रूबी सिन्हा के मुताबिक, दुनियाभर में करीब 3.8 अरब की महिलाओं की आबादी में से 2 अरब से अधिक महिलाएं ब्रिक्स देशों में रहती हैं जिससे वैश्विक स्तर पर लिंग समानता के लिए उनका सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है। एक्सिलरेट एक्शन महज एक थीम नहीं है, बल्कि व्यवस्थागत बदलाव के लिए यह एक आपात आह्वान है। महिलाओं को साझीदारी, सक्रिय नेटवर्क और वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता है जिससे वे एक प्रतिस्पर्धी बाजार स्थल में सफलता हासिल कर सकें।

हमें महिला उद्यमियों की जरूरतों के हिसाब से परिवर्तनकारी समाधान की जरूरत है और वैश्विक स्तर पर महिलाओं की आवाज को बुलंद करना होगा ताकि अंतरराष्ट्रीय परिचर्चाओं में उनकी चुनौतियों को नजरअंदाज ना किया जाए। इस श्वेतपत्र में प्रमुख महिला नेताओं और परिवर्तन की अगुवाई करने वाली महिलाओं के विचार भी शामिल किए गए। इनमें ब्रिक्स वुमेन्स बिजनेस एलायंस दक्षिण अफ्रीका की चेयरपर्सन लेबोगैंग जुलु, नई दिल्ली की पूर्व पार्षद डाक्टर नंदिनी शर्मा, हिंदुस्तान टाइम्स की सलाहकार संपादक ललिता पानिकर, बायोफूडलैब्स की सीईओ एवं संस्थापक एलेना शिफ्रिना, भारत के उच्चतम न्यायालय में अधिवक्ता अमृता ग्रोवर, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजिस्ट एवं परोपकारी डाक्टर वल्ली अरुणाचलम, जीरोटु3 कलेक्टिव की संस्थापक एवं सीईओ अनुराधा चौधरी, ब्रिक्स बिजनेस इनक्यूबेटर और एससीओ बिजनेस इनक्यूबेटर के इंटरनेशनल एक्सिलरेशन प्रोग्राम की निदेशक तातियाना सेलिवरस्तोवा, ब्रिक्स सीसीआई की कार्यकारी निदेशक और BRICS CCI WE की मुख्य संरक्षक सुश्री शबाना नसीम, थिंकस्टार्टअप की सह संस्थापक शिवानी सिंह कपूर, शर्मिष्ठा घोष और ब्रिक्स सीसीआई की संयुक्त निदेशक अंकिता सचदेव शामिल थीं।

## सूर्यकॉन लखनऊ 2025 का आयोजन 11 अप्रैल को

**लखनऊ।** सोलर मीडिया इंडस्ट्री में अग्रणी नाम EQ इंटरनेशनल मैगज़ीन गर्व के साथ आगामी ÷सूर्यकॉन लखनऊ 2025 इवेंट की घोषणा करता है, जो शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 को होटल हयात, गोमतीनगर, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम कई प्रभावशाली सत्रों की मेजबानी करेगा, जिनमें शामिल हैं - सूर्यकॉन + सोलर बायर-सेलर मीट, सीएंडआई ग्रीन एनर्जी मीट, और उत्तर प्रदेश सोलर, रिन्यूएबल एनर्जी एवं सस्टेनेबिलिटी वार्षिक पुरस्कार समारोह। यूटिलिटी-स्केल सोलर, सौर ऊर्जा उत्पादन, स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी), और डीकार्बोनाइजेशन पर। यह एक दिवसीय उच्च स्तरीय सम्मेलन सौर एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारकों की भागीदारी का साक्षी बनेगा। कार्यक्रम का समापन एक प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के साथ होगा, जिसमें सौर ऊर्जा क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा। इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य सौर उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर लाना है। इसमें शामिल होंगे - डेवलपर्स, इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स, ईपीसी कंपनियाँ, सरकारी प्रतिनिधि, नीतिनिर्माता, रेगुलेटर्स, प्रोक्योरमेंट हेड्स, पीवी प्लांट डिज़ाइनर्स, इंजीनियरिंग एक्सपर्ट्स, एसेट मैनेजमेंट लीडर्स, एचआर हेड्स, फाइनेंशियल कंसल्टेंट्स, डिस्कॉम्स, और अन्य संबंधित विशेषज्ञ। EQ इंटरनेशनल, सोलर एवं नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर की सबसे विश्वसनीय प्रकाशनों में से एक है, जिसकी प्रिंट रन 20,000 और पाठकों की संख्या 75,000 से अधिक है। डिजिटल रूप से EQ 4,00,000 से अधिक पाठकों तक पहुँचता है, जो विभिन्न डिवाइसेज़ जैसे पीसी, लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टफोन से जुड़ते हैं। इसकी दैनिक ई-न्यूज़लेटर और आधिकारिक वेबसाइट www.EQMagPro.com को लाखों दर्शक व पाठक नियमित रूप से एक्सेस करते हैं।

## अमेठी जिले का जवाहर नवोदय विद्यालय बना देश का पहला ढ्ढस्ह्र प्रमाणित नवोदय विद्यालय

**अमेठी।** गौरीगंज में स्थित अमेठी जिले का एकमात्र पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अब देश का पहला ढ्ढस्ह्र प्रमाणित जवाहर नवोदय विद्यालय बन गया है। यह प्रमाण पत्र विद्यालय को गुणवत्ता प्रबंधन के लिए मिला है। ढ्ढस्ह्र प्रमाणीकरण संस्था की ओर से मुख्य आडिटर श्री रमेश चंद्र राय एवं वरिष्ठ परामर्शदाता श्री रामधन ने विद्यालय के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के पुरा-छात्र एवं सत्या माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विवेक तिवारी की उपस्थिति में ढ्ढस्ह्र 9001¬2015 प्रमाण पत्र विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार सिंह एवं उप-प्राचार्य श्री नित्यानंदेश नारायण त्रिपाठी को प्रदान किया। इस अवसर श्री विवेक तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कि यह मेरा सौभाग्य है कि जिस विद्यालय ने मुझे ढाला, सँवारा, उसे इस तरह की उपलब्धि मिलने का साक्षी बना। प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है। यह उपलब्धि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षणेतर कर्मचारियों आदि सभी के सम्मिलित प्रयास से संभव हुआ है। इस अवसर पर श्री वी सी श्रीवास्तव, डॉ दयाराम यादव, एन के मिश्रा, डॉ मानसिंह पटेल, श्री संदीप कुमार गुप्त, श्रीमती निधि तिवारी, श्रीमती रेखा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## निसान मोटर इंडिया ने लॉन्च किया 'हैट्रिक कार्निवल'

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने हैट्रिक कार्निवल लॉन्च करने का एलान किया है। देशभर में 1 से 30 अप्रैल, 2025 तक चलने वाले इस कार्निवल के तहत लिमिटेड टाइम ऑफर्स प्रदान किए जाएंगे। इससे देशभर में मौजूदा क्रिकेट सीजन और नवरात्रि के उत्सव का उत्साह बढ़ेगा। इस अनूठे कैंपेन के तहत बेनिफिट्स की हैट्रिक का मौका मिलेगा। इस ऑफर के साथ यह निसान की गाड़ियों को घर लाने का सबसे शानदार मौका है।

हैट्रिक कार्निवल के दौरान निसान की खरीद पर ग्राहकों को निम्नलिखित लाभ मिल सकते हैं-

10,000 रुपये तक के कार्निवल बेनिफिट के साथ कुल 55,000 रुपये तक का लाभ हर खरीद के साथ एक सोने का सिक्का मिलेगा, जिससे यह अपने आप में एक शानदार फेस्टिव एवं क्रिकेट सीजन ऑफर बन गया है।

इस घोषणा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए निसान मोटर इंडिया डिजिटल, प्रिंट, इन्फ्लूएंसर आउटरीच और ओओएच के माध्यम से 360 डिग्री मीडिया कैंपेन भी चला रही है। इससे अधिकतम विजिबिलिटी एवं एंगेजमेंट सुनिश्चित होगा।

हैट्रिक कार्निवल के साथ निसान क्रिकेट सीजन के उत्साह को अपने कस्टमर टचपॉइंट्स तक लेकर आई है। ग्राहकों को ज्यादा रिवार्डिंग एवं यादगार ऑनरशिप एक्सपीरियंस दिया जा रहा है, जिससे वे नए उत्साह के साथ देश को एक धागे में जोड़ने वाले खेल का आनंद उठा सकेंगे। इसके तहत पूरे भारत में निसान के सभी डीलरशिप पर क्रिकेट थीम वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे इस खेल का रोमांच हर टचपॉइंट पर महसूस किया जा सकेगा।

नवरात्रि के त्योहारी उत्साह और क्रिकेट के जुनून के साथ निसान इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ फेस्टिव बेनिफिट दे रही है। इससे यह ग्राहकों के लिए निसान डीलरशिप पर आने और अपनी पसंदीदा कार को घर ले जाने का सबसे शानदार मौका है।

वित्त वर्ष 2024-25 में 99,000 से ज्यादा यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ निसान मोटर इंडिया भारत में लगातार एवं सतत विकास के रास्ते पर बढ़ रही है। पिछले सात साल में प्रदर्शन की दृष्टि से यह निसान के लिए सबसे शानदार साल रहा है। इस साल एक बार फिर नई निसान मैग्नाइट की सफलता देखने को मिली। यह घरेलू कारोबार में निसान का महत्वपूर्ण मॉडल बना हुई है। सालभर में 28,000 से ज्यादा यून्टिस की बिक्री और 20 नए बाजारों के साथ कुल 65 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के साथ निर्यात का कुल आंकड़ा 71,000 यूनिट्स के पार पहुंच गया। इससे निसान के लिए भारत एक्सपोर्ट हब बनकर सामने आया है।

## डीएस ग्रुप ने लॉन्च किया 'पल्स गोलमोल'




**लखनऊ।** धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप ने अपनी नवीनतम उत्पाद शृंखला - 'पल्स गोलमोल - इमली फ़्लेवर गोली' की घोषणा की है, जो एक ऐसी सौगात है जो किसी को भी पुरानी यादों की सफ़र पर ले जाती है। पीढ़ियों से चली आ रही इमली के स्वाद से प्रेरित, पल्स गोलमोल इमली एक नरम, खट्टे-मीठे ज़ायके वाली गोली है, जिसके एक पाउच की कीमत सिर्फ़ 1 रुपया है।लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, श्री ज्योतिरूप बरुआ, बिज़नेस हेड, कन्फेक्शनरी, डीएस ग्रुप ने कहा, ÷डीएस ग्रुप पल्स उत्पाद शृंखला में अपनी नई पेशकश, पल्स गोलमोल को लॉन्च करने के लिए उत्साहित है। यह सिर्फ़ एक गोली नहीं है, बल्कि यह पुरानी यादों की एक सुखद यात्रा है, जो बेफ़िक्र खुशी और उत्साह को फिर से जगाती है। हर इमली का खट्टा-मीठा स्वाद पल्स के स्वाद से भरपूर है। एचबीसी श्रेणी में पल्स मार्केट लीडर है और हमारे मुख्य पल्स उत्पादों की तरह, हमें विश्वास है कि यह नई पेशकश हमारे ग्राहकों को पसंद आएगी और बाज़ार में हमारी स्थिति को और मज़बूत करेगी।÷उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से बनी, 'पल्स गोलमोल इमली गोली' प्राकृतिक इमली से भरपूर है, जो पाचन में सहायता करने वाले आयुर्वेदिक गुणों के लिए जानी जाती है। यह खट्टे-मीठे स्वाद का एक खास संयोजन है, जो मज़ेदार मसाला स्वाद का अनोखा अनुभव प्रदान करती है।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस एक यूनिट लिंक्ड इंडिविजुअल सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (÷केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस÷) ने प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस प्लान लॉन्च किया है। यह एक यूनिट लिंक्ड इंडिविजुअल सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है, जो ग्राहकों को पैसा बनाने और लाइफ कवरेज देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्लान को उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो लंबे समय में संपत्ति बनाते हुए अपने परिवार के भविष्य की रक्षा करना चाहते हैं। प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस सुरक्षा और तरक्की के अवसरों दोनों पर फोकस करता है। यह ग्राहकों को उनके अनूठे वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने प्लान को कस्टमाइज करने का अधिकार एवं लचीलापन देता है।

प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस प्लान में तीन अलग विकल्प दिए गए हैं, इन सभी को जिंदगी के अलग-अलग चरणों और वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इन विकल्पों में कॉम्प्रीहेंसिव लाइफ कवर और कई तरह के लाभ शामिल हैं जैसे कि प्रीमियम आवंटन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, किसी भी तरह का पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देना होगा। ग्राहक को प्रीमियम फंडिंग के लाभ मिलेंगे और अधिक तरलता के लिए निकासी के कई विकल्प भी होंगे। इस प्लान में ग्राहकों 12 फंड्स और कई पोर्टफोलियो प्रबंधन विकल्पों में से चुन सकते हैं, जिससे उनकी निवेश प्राथमिकताओं के अनुसार ज्यादा से ज्यादा रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है।

चाहे आपको बचत पर ध्यान देना हो, या फिर अपने बच्चे का भविष्य सुरक्षित करना हो या एक विरासत खड़ी करनी हो, प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस सीमित और नियमित दोनों प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करता है। यह प्लान हर व्यक्ति की जरूरतों से मेल खाता है। पॉलिसीधारक भुगतान किए गए प्रीमियम पर टैक्स बेनेफिट का आनंद ले सकते हैं। निश्चित रूप से यह प्लान लंबे समय के लिए आपके आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने का एक बहुपयोगी समाधान है।

**प्लान के विकल्प**

**प्रॉमिस4वेल्थ प्लस** परिपक्वता पर संचित फंड मूल्य और लाइफ कवर प्रदान करता है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में, लाभ सम एश्योर्ड (निकासी घटाकर), मृत्यु के दावे के समय फंड मूल्य, या भुगतान किए गए प्रीमियम का 105त्न में से जो भी अधिक हो, वह होता है।

प्रॉमिस4केयर प्लस¬ %प्रीमियम फंडिंग बेनिफिट% के माध्यम से निरंतर बचत सुनिश्चित करता है और आश्रितों के भविष्य को सुरक्षित करता है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में, पॉलिसी अवधि के अंत तक एकमुश्त लाभ के साथ-साथ मासिक आय का भुगतान किया जाता है, जो अधिकतम 120 महीनों तक मासिक आय प्रदान की जाती है।

प्रॉमिस4लाइफ प्लस¬ 100 वर्ष की आयु तक लाइफ कवर प्रदान करता है, जिससे प्रियजनों के लिए एक विरासत बनती है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में, लाभ पेड-अप सम एश्योर्ड (निकासी घटाकर), मृत्यु के दावे के समय फंड मूल्य, या भुगतान किए गए प्रीमियम का 105त्न में से जो भी अधिक हो, वह होता है।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफीसर, ऑल्टरनेट चैनल्स और चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, ऋषि माथुर ने घोषणा के बारे में कहा, ÷हम समझते हैं कि आज के उपभोक्ताओं की वित्तीय ज़रूरतें अलग-अलग होती हैं और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी रहती है। %प्रॉमिस4ग्रोथ प्लस% के माध्यम से हमने एक ऐसा समाधान तैयार किया है, जो जीवन सुरक्षा के साथ-साथ दीर्घकालिक मूल्य निर्माण को जोड़ता है। यह योजना संपत्ति निर्माण और जीवन कवरेज का एक सहज संतुलन प्रदान करती है।

# अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने खासियतों में उन्नत बेहतरी के साथ गतिशीलता अनुभव को और शानदार बनाया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर (फीचर अपग्रेड) की हैं। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है। भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकार्ड छू लिया है। यह अपनी अभिनव तकनीक, ईंधन की असाधारण किफायत, गतिशील प्रदर्शन और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ दिल जीतना जारी रखता है।

अर्बन क्रूजर हाइराइडर के प्रमुख परिवर्तन में निम्नलिखित शामिल हैं-

**सुरक्षा**

बेहतर सुरक्षा के लिए सभी रूपांतर (वेरिएंट) में संरचनात्मक सुधार किए गए हैं।

सभी वेरिएंट में अब 6 एयरबैग मानक हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ जाती है।

अतिरिक्त सुविधा और सुरक्षा के लिए कुछ वेरिएंट में इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक (ईपीबी) को स्वचालित ट्रांसमिशन में जोड़ा गया है।

**प्रदर्शन**

नया 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (6एटी) एडब्ल्यूडी रूपांतर में पिछले 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स की जगह लेता है।

**आराम और सुविधा**

व्यैक्तिक ड्राइविंग स्थिति के लिए अब उच्चतर वेरिएंट में 8-तरह से एडजस्ट किया जा सकने वाला पावर ड्राइवर सीट उपलब्ध है।

बेहतर यात्री सुविधा के लिए उच्चतर संस्करणों में रियर डोर सनशेड की सुविधा पेश की गई है।

बेहतर रीयल टाइम टायर प्रेशर मॉनिटरिंग के लिए और अधिक वेरिएंट में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) पेश किया गया है।

प्रीमियम केबिन अनुभव को बेहतर करने के लिए उच्चतर वेरिएंट में एम्बिएंट लाइटिंग की शुरुआत की गई है।

बेहतर आराम के लिए उच्चतर वेरिएंट में चालक और सह-चालक के लिए वेंटिलेटेड सीटें शामिल की गई हैं।

बेहतर डिवाइस कनेक्टिविटी के लिए टाइप-सी यूएसबी फास्ट-चार्जिंग पोर्ट (15वाट) पेश किए गए हैं।

एलईडी स्पॉट और रीडिंग लैंप अब सभी वेरिएंट में मानक हैं, इससे केबिन में रोशनी बेहतर हुई है।

चुनिंदा वेरिएंट में एयर क्वालिटी इंडेक्स डिस्प्ले जोड़ा गया है, जिससे केबिन के अंदर बेहतर वायु गुणवत्ता निगरानी सुनिश्चित होगी।

## फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल ने अपने स्मोक-फ्री विज़न की प्रगति को नई इंटीग्रेटेड रिपोर्ट में दर्शाय

**लखनऊ।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक. ने अपनी छठी वार्षिक इंटीग्रेटेड रिपोर्ट जारी की है, जो कंपनी के बिज़नेस ट्रांसफॉर्मेशन और सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) पर काम के 10 साल पूरे होने का लेखाजोखा प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट बताती है कि कैसे कंपनी ने शेयरहोल्डर्स और अन्य हितधारकों के लिए लॉन्च टर्म वैल्यू का निर्माण किया है और साथ ही ये भी कि वह कैसे अपने मिशन की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसका मकसद है कि इसके स्मोक-फ्री विकल्प सिगरेट की जगह ले सकें और सिगरेट को पूरी तरह से बंद किया जा सके।पीएमआई के सीईओ, यासिक ओल्ज़ाक ने कहा, हमारी 2024 की इंटीग्रेटेड रिपोर्ट हमारे लिए बेहद खास है। इस साल आईक्यूओएस, वीईईवी, और जेडवाईएन जैसे स्मोक-फ्री प्रोडक्ट्स के 10 साल भी पूरे हुए। हमने इन प्रोडक्ट्स के जरिए दुनिया भर में लोगों तक पहुंच बनाई है और स्मोक-फ्री दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। 2024 के आखिर तक हमारे इन प्रयासों की बदौलत दुनिया भर में लगभग 38.6 मिलियन (3.86 करोड़) वयस्क यूज़र्स इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रहे थे, और ये 95 मार्केट्स में उपलब्ध थे।

ये उपलब्धियां हमें आगे बढ़ते रहने का हौसला देती हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ बिजनेस को बेहतर बनाना नहीं है, बल्कि हम समाज और पर्यावरण पर अपने प्रभाव को भी कम करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम जो कुछ भी कर रहे हैं, उससे हमें यकीन है कि हम सिर्फ अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं कर रहे, बल्कि उन्हें और तेजी से हासिल कर रहे हैं, ऐसे लक्ष्य जो कुछ साल पहले असंभव लगते थे। छह देशों में 75% से ज्यादा कमाई स्मोक-फ्री प्रोडक्ट्स से हो रही है, जबकि 2023 में ऐसे सिर्फ 3 देश थे। 2008 से अब तक स्मोक-फ्री प्रोडक्ट्स में कंपनी ने कुल मिलाकर 14 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है (2023 में यह आंकड़ा 12.5 अरब डॉलर था)।

# ज्यादा स्क्रीन के उपयोग से होने वाले नुक़सान

## विशेषज्ञों ने स्क्रीन से बच्चों के स्वास्थ्य और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चेताया

**लखनऊ।** आज के डिजिटल जमाने में स्क्रीन का उपयोग बच्चों के लिए भी एक जरूरी हिस्सा बन गया है। हालाँकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि स्क्रीन के बहुत ज्यादा संपर्क में रहने से बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक विकास पर बुरा असर पड़ रहा है। नींद के पैटर्न में रुकावट से लेकर सामाजिक कौशल में देरी तक आदि चीजें लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण प्रभावित हो रही हैं।

रीजेंसी हेल्थ लखनऊ के पीडियाट्रिशियन × नियॉनाटोलॉजिस्ट कंसल्टेंट डॉ अम्मार जावेद ने स्क्रीन संपर्क पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, वैसे तो टेक्नोलॉजी से बहुत ज्यादा लाभ होता है लेकिन, अत्यधिक स्क्रीन समय बच्चों में नींद, शारीरिक गतिविधि और यहां तक कि भावनात्मक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकता है। स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से



डिजिटल आंखों पर भी तनाव हो सकता है, जिससे सिरदर्द, सूखी आंखें और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है। देखभाल करने वालों के रूप में हमें स्वस्थ पालन-पोषण सुनिश्चित करने के लिए आउटडोर खेल, संरचित रूटीन और सार्थक स्क्रीन-मुक्त बातचीत को शामिल करके संतुलन बनाना चाहिए।

हाल ही में मरीजों के डेटा से पता चलता है कि स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो बचपन में मोटापे का कारण बन सकती है। संज्ञानात्मक चुनौतियाँ एक और बढ़ती चिंता का विषय है। संज्ञानात्मक चुनौतियों में अत्यधिक स्क्रीन समय के संपर्क में रहने वाले बच्चों का ध्यान कम समय तक रहता है और भाषा और सामाजिक विकास में देरी होती है। भावनात्मक रूप से स्क्रीन के बहुत ज्यादा संपर्क से चिंता, तनाव और मूड डिसऑर्डर बढ़ जाते हैं, जबकि सामाजिक रूप से, यह आमने-सामने मजबूत संबंध बनाने की क्षमता में बाधा डाल सकता है। पढ़ाई के क्षेत्र में मनोरंजन स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग ध्यान केंद्रित करने में बाधा डाल सकता है, जिससे सीखने में बाधा आ सकती है।

एक स्वस्थ संतुलन बनाने के लिए विशेषज्ञ स्क्रीन के उपयोग पर लिमिट निर्धारित करने का सुझाव देते हैं। जैसे 2 वर्ष तक के बच्चों को किसी भी स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए (परिवार/दोस्तों के साथ कुछ मिनटों के वीडियो कॉलिंग की अनुमति दी जा सकती है)।

# क्रॉप कटिंग कराकर डीएम ने आकलन की रबी फसल की उत्पादकता



*अवधनामा संवाददाता*

ग्राम पंचायत पुरैनी विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, भस्मक, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बेंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट, ओपेन जीम सामग्री, झूला, पंचायत सचिवालय स्थापना सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री (सी0सी0कैमरा), चेयर, डिजीटल कैमरा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28-04-2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत पुरैनी कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जीएसटी, कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जीएसटी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप, एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत/एफडीआर एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत पुरैनी के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत पुरैनी कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पुरैनी कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत पुरैनी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**पूनम देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- पुरैनी
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

**राज किशोर**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- पुरैनी
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

# छात्र संगठनः एनएसयूआई ने मनाया 55 वां स्थापना दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** एनएसयूआई ने मनाया 55वां स्थापना दिवस मनाते एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं अन्य छात्र। भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सोनभद्र के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता के नेतृत्व छात्र संगठन का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि आज के ही दिन 9 अप्रैल 1971 ई में छात्र संगठन एनएसयूआई का इंदिरा गांधी के द्वारा छात्रों को एकता में बांधने के लिए स्थापना किया था। तब से छात्र संगठन विद्यार्थियों की हर समस्या में साथ खड़ा होकर काम करते आ रहा है। मौजूदा समय में जिला एनएसयूआई मजबूती के साथ एक एक विद्यार्थियों कि हर समस्याओं नामांकन, पंजीयन, स्कॉलरशिप तथा परीक्षा फॉर्म सहित स्कूल व कॉलेजों के बढ़े शुल्क बढ़ोतरी



के सभी तरह के मुसीबत में हर संभव विद्यार्थियों के साथ खड़ा होकर मदद कर रही हैं। तथा आगे भी विद्यार्थियों की हर समस्या में छात्र संगठन एनएसयूआई हमेशा से मदद के लिए खड़ी रहेगी एडमिशन के नाम पर पैसा लिया जाता है वह दूसरी ओर फीस के नाम पर पर भी मनमाना वसूली की की जा रही है आए दिन कापी किताबों के दाम बढ़ोतरी के कारण भाजपा शासन में शिक्षा भी ग्रहण करना मुश्किल होता जा रहा है ,उपस्थित रहने वाले में ..रोहित कुमार,शनि गुप्ता,युराज गोस्वामी, प्रियांशु मदेशिया,आलोक कुमार आदि रहे।

# शराब दुकान खोले जाने के मामले ने पकड़ा तूल

**अवधनामा संवाददाता**



- **एनएसयुआई सचिव ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार स्टेट हाईवे के 500 मीटर परिधि मे शराब दुकान खोले जाने के विरुद्ध जिलाधिकारी को भेजा पत्र**
- **स्टेट हाईवे के किनारे सघन आबादी क्षेत्र मे शराब दुकान खोले जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध**

**सोनभद्र/अनपरा।** अनपरा परिक्षेत्र मे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये अनन्तिम आवंटी रीना गुप्ता को आवंटित कम्पोजिट शराब दुकान रेहटा(39142) को ककरी मे औडी-शक्तिनगर राज्य मार्ग के किनारे 10 से 20 मीटर की दुरी पर सघन आबादी क्षेत्र मे खोले जाने के मामले ने तुल पकड लिया है। इस मामले पर एनएसयुआई पुर्वी के सचिव अंकुश दुबे ने जिलाधिकारी-सोनभद्र व जिला आबकारी अधिकारी-सोनभद्र को दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को आईजीआरएस के द्वारा शिकायत भेजा है जो आयुक्त-आबकारी के पास लम्बित है। उन्होने अपने पत्र मे बताया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्याः- 12164-12166/ 2016, तमिलनाडु राज्य व अन्य बनाम के. बालु एवं अन्य मे दिनांकः-06 अप्रैल, 2017 को पारित आदेश के क्रम मे सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा अपने पत्र दिनांकः-01 जून, 2017 मे स्पष्ट निर्देश दिया है कि शराब बिक्री की कोई भी दुकान राष्ट्रीय या राज्यमार्ग से दिखाई नही देनी चाहिये, राष्ट्रीय या राज्यमार्ग से सीधे पहुंचयोग्य नही होनी चाहिये, राष्ट्रीय या राज्यमार्ग के बाहरी किनारे मय सर्विसलेन के 500 मीटर के अन्दर नही होनी चाहिये तथा 20000 या उससे कम आबादी वाले स्थानीय निकायो वाले क्षेत्र मे राष्ट्रीय तथा राज्यमार्ग से 500 मीटर की दुरी घटाकर 220 मीटर कर दी जायेगी परन्तु ककरी जो कि नगर पंचायत अनपरा का वार्ड 5 है तथा नगर पंचायत अनपरा की कुल आबादी 20000 से अधिक है मे औडी-शक्तिनगर राज्यमार्ग से महज 10-20 मीटर की दुरी पर कम्पोजिट शराब दुकान खोली जा रही है जो कि गलत है तथा यदि शराब दुकान हटाई नही गयी तो सोनभद्र मे नियम विरुध्द शराब दुकाने खोले जाने के प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका योजित की जायेगी।

वही आज सुबह ककरी के महिला एवं पुरुष ग्रामीणो ने शराब दुकान के सामने प्रदर्शन कर विरोध जताया तथा कहा कि रेहटा के नाम से आवंटित दुकान ककरी मे खोली जा रही है जो कि गलत है तथा शराब दुकान हटाई नही गयी तो हम सभी आन्दोलन करेंगे इस दरम्यान सभासद रामविशाल दुबे एवं शैलेश भारती विक्की के साथ सैकडो महिला पुरुष ग्रामीण मौजुद रहे।

# 10 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगीः जिलाधिकारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में नगर पंचायत इकदिल के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि 10 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी जो कि उप जिलाधिकारी कोर्ट से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इकदिल में कल से आदर्श आचार संहिता चालू रहेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपें गए दायित्व को गंभीर एवं निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन को संपन्न कराए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट में आज से ही बैरिकेडिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने कार्य के प्रति सभी संबंधित अधिकारी सतर्क रहें कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने कार्यों को आज से ही मौके पर जाकर देख लें। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र लेने के लिए अंबेडकर चौराहा से रास्ता खुली रहेगी एवं और सभी को आने जाने के लिए डीएम चौराहे से। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सी0ओ0 सिटी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, डी0डी0कृषि आर0एन0सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा प्रमुख पर दिल्ली की सीएम की टिप्पणी पर महिला सभा में रोष



**प्रयागराज।** गत दिनों एक टी वी चैनल पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज सपा महिला सभा ने आज जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से महामहिम राज्य पाल को सम्बोधित ज्ञापन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सपा महिला सभा की नगर अध्यक्ष श्रीमती मंजू यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिल्ली की मुख्यमंत्री के प्रति रोष जताया। नारे बाजी की तथा ज्ञापन देकर अभद्र टिप्पणी किये जाने के मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से श्रीमती मंजू यादव, उर्मिला यादव, इन्दु यादव, सुषमा पासी, आस्था सिंह, आरती पाल, मो अरशद, मो रोशन अंसारी, उपेंद्र कुमार, मुनाल, सावित्री सिंह, रीता मौर्य, सुषमा यादव, अंकिता श्रीवास्तव आदि रहे।

# जलाएं गए दस्तावेज मामले में युवा राष्ट्रीय लोकदल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** बीते मंगलवार दिन ढलने के साथ ही रात्रि के शुरूआत में अचानक से तहसील रावर्ट्सगंज के तीसरी मंजिल पर धुंआ उठना शुरू हुआ, जिससे तहसील परिसर में अफरातफरी मच गई तथा धुआं तेजी से बढ़ने लगा, जहां से 2-3 कर्मचारी कूद कर भागते दिखे। तहसील परिसर के पास से गुजरते हुए युवा राष्ट्रीय लोकदल सोनभद्र जिलाध्यक्ष प्रशान्त विष्णु प्रताप सिंह ने धुंए को देखते ही मौके पर पहुंच कर चौकी इंचार्ज सहित दमकल विभाग को फोन कर सूचना दी, दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। साथ ही जिलाधिकारी महोदय को फोन किया गया तो उन्होंने छुट्टी पर होने की बात कही तथा सीडीओ, एसडीएम, तहसीलदार को फोन किया गया तो कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला। कुछ देर बाद सदर तहसीलदार अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तो शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कह कर बात को टाल दिया गया। किन्तु जब आग लगी तो चैनल अन्दर से बंद था। प्रायः उस समय प्रतिदिन बंद नहीं होता था, तो यह मामला सुनियोजित ढंग से किया गया प्रतीत होता है। इस पर जब युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव अभय सिंह पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक डेढ़ माह पूर्व इसी तरह की घटना विकास भवन में हुई थी, कुछ आवश्यक कागजात को जलाने का विडियो वायरल हुआ था, जिसपर जिला प्रशासन की तरह से न तो जांच की गई और न तो कोई कार्रवाई हुई, इसी तरह कल नया मामला तहसील परिसर में देखने को मिला। जिस पर श्री पटेल ने मुख्यमंत्री से ट्वीट के माध्यम से तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को देकर दोनों मामलों में सीबीआई जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। जिससे पुनः भविष्य में इस तरह की घटनाओं को होने से रोका जा सके। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष रामसेवक पटेल, युवा रालोद जिलाध्यक्ष प्रशान्त विष्णु प्रताप सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह, पूर्वांचल नव निर्माण छात्र मंच के प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह, रालोद घोरावल विधानसभा प्रभारी रोहित सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकांत द्विवेदी, संतोष यादव, सुरेंद्र जायसवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्रह्म नगर सीसी रोड का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित वार्ड 19 ब्रह्म नगर गली नंबर एक में सड़क सीसी रोड, पटरी व नाली का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा लोकार्पण करते हुए किया निरीक्षण दिए सुंदरीकरण को आवश्यक दिशा निर्देश। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी गति दी गई है जिसके क्रम में गुरुवार को वार्ड 19 ब्रह्म नगर के पहली गली में सीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदार के को दिशा निर्देशित किया गया की गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया गया जिस पर बताया कि आम जनमानस की शिकायत उपलब्ध न हो जिसके बाद लोकार्पण करते हुए कार्य शुभारंभ कराया। वहीं आपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 19 पहली गली में भरत के घर से डॉ उस्मान के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना मद से निर्माण कार्य कराया गया वहीं अध्यक्ष ने बताया कि नगर



पालिका क्षेत्र के विस्तार कार्यक्रम क्षेत्र के भी विकास कार्यों को बजट मिलकर कार्य करने को लेकर संबंधित को अवगत करा दिया गया है जल्द से जल्द सभी विकसित कार्यों को कराया जाए दिशा निर्देशित किया गया है नगर पालिका क्षेत्र के आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए विशेष तौर पर सरकार से बजट मांगा कर विशेष पैकेज के तहत विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव, जेई मनीष कुमार, सभासद सुनीता चौरसिया , चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू दुबे , अनवर अली, , मनोज चौबे, अमित दुबे, अजीत सिंह , विमलेश कुमार, आशीष, अमन, संजय, आकाश रावत शाहित आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चकबंदी कार्यों में लाएं तेजी, गुणवत्ता से हो निस्तारण : जिलाधिकारी



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और नक्शा व चक निर्धारण करते समय सभी किसानों के हितों का ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन गांवों में चकबंदी कार्य प्रगति पर है, वहां भूमि विवादों का चिन्हांकन कर चकबंदी विभाग और पुलिस टीम संयुक्त रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त समाधान दिवस, जनसुनवाई, आइजीआरएस जैसे माध्यमों से प्राप्त होने वाली भूमि विवाद संबंधी शिकायतों का त्वरित और मौके पर जाकर निस्तारण करने पर बल दिया। साथ ही अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने चकबंदी से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण की आवश्यकता जताई। बैठक में एडीएम (न्यायिक) डॉ. नागेन्द्रनाथ यादव, उपनिदेशक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी अधिकारी/सहायक अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### समय परिवर्तन के लिए विनोद कुमार ने साथियों के साथ बीएसए को दिया ज्ञापन



**इटावा।** विद्यालय समय परिवर्तन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुधवार को प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव, जिला मंत्री अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार वर्मा व देवेंद्र सोलंकी ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए व नौनिहालों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय समय सुबह 07 बजे से 12 बजे करने की माँग की।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में मंगलवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक वृद्ध समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना मौदहा के मकराव गांव के पास हुई, जहां 65 वर्षीय मूलचंद पुत्र गयादीन सड़क पार कर रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना छिरका गांव के रहने वाले 24 वर्षीय ओमी पुत्र विजयपाल के साथ हुई, जो नेशनल हाईवे पर हादसे का शिकार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

# शेखनपुरवा में मनाया गया वार्षिक उत्सव

- **बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, छात्रों एवं अभिभावकों को किया सम्मानित**

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के परिषदीय स्कूलों में वार्षिक उत्सव नामांकन अभियान बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसके क्रम में शिक्षा क्षेत्र चित्तौरा के प्राथमिक विद्यालय शेखनपुरवा प्रथम में आज वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों,और अभिभावकों ने मिलकर विद्यालय परिसर को उत्सव स्थल में तब्दील कर दिया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मखदूम अली और सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ,



जिसे कक्षा तीन, चार की छात्राओं ने प्रस्तुत किया इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की। स्वागत गीत प्रस्तुत किया कक्षा 5के विद्यार्थी अयान के द्वारा योग की प्रस्तुति से पहले श्लोक सुनाया सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया ।सर्वे भद्रेंराणि पश्चयन्तु मां कश्चिंत दुःखभागभवेत तथा तरह- तरह की मुद्राओं का छात्र छात्राओं द्वारा बखूबी से योग प्रदर्शन किया गया इस दौरान सभी ने योग की माया को समझा ,कि कैसे योग से निरोग बन सकते हैं।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी शिक्षिका मोनिका चौहान ने सभी अभिभावकों से निवेदन किया की सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और स्कूल चले अभियान को सार्थक बनाएं ज़रफिशां दयावती ने कार्यक्रम की तैयारी में अहम भूमिका निभाई। विद्यालय में सीमित संसाधनों के बावजूद, पूरे स्टाफ ने मिलकर बच्चों को मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम में उन अभिभावकों को 'सहयोगी अभिभावक सम्मान' से पुरस्कार के साथ नवाज़ा गया, जिन्होंने वर्ष भर विद्यालय के कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।इस अवसर पर शिक्षक बालक बालिकाएं तथा अभिभावक मौजूद रहे।

# रितिक का राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में चयन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** प्राथमिक विद्यालय छिरियाहार ताखा के क्लास 5 के छात्र रितिक पुत्र सोनू निवासी नगला बड़े, कौआ का चयन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, नगला हीरालाल, बसरेहर में होने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार वर्मा एवम् सहायक अध्यापक शिवानी ने माला पहनाकर बच्चे का स्वागत किया तथा उसको बधाई दी। छात्र रितिक विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष ज्योति देवी का पुत्र है। छात्र की इस उपलब्धि विद्यालय परिवार व अभिभावकों में अत्यंत हर्ष है। छात्र के चयन पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने छात्र का स्वागत सम्मान किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा की रितिक



के राजकीय आश्रम पद्धति में चयन से छात्र एवम् उसके परिवार के साथ ही साथ ग्रामवासियों का भी नाम ऊँचा हुआ है। हमारे लिए यह अत्यंत खुशी का क्षण है। इससे आगे आने वाले छात्र भी प्रेरणा लेंगे और इसी प्रकार गाँव के अन्य बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सदस्य रामवीरेंद्र, रंजन देवी, संतोष कुमारी, इच्छा देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, सरोज यादव, अनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

## हीट वेव के चलते स्कूल समय परिवर्तन की जिलाधिकारी से की माँग



**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश राय से मुलाकात कर अवगत कराया कि अत्यधिक गर्मी व हीट वेव के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ग्रामीण अभिभावक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अत्यधिक गर्मी के कारण प्रश्नों के घेरे में लेते है जिला अधिकारी ने बड़ी गम्भीरतापूर्वक बातों को सुना और आश्वासन दिया कि आज ही विद्यालयों के समय मे परिवर्तन का आदेश कर दिया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक जिला महामंत्री अहसान अहमद(मुन्ना)राजेश जादौन ब्लाक अध्यक्ष जसवंतनगर प्रभाकर सिंह प्रमुख रहे।

# ई-रिक्शा चालकों के लिए यातायात जागरूकता अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल करते हुए आज क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों और यातायात संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत ई-रिक्शा चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, वाहन बीमा, वर्दीधारी संकेतों का पालन, ओवरस्पीडिंग से बचाव जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों से भी उन्हें अवगत कराया गया। विशेष बात यह रही कि क्षेत्राधिकारी यातायात ने स्वयं जनसंवाद स्थापित करते हुए चालकों और आमजन को यातायात सुरक्षा के महत्व को सरल और प्रभावशाली भाषा में समझाया। अभियान का उद्देश्य यातायात अनुशासन को बढ़ावा देना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर एआरटीओ प्रभारी अमिताभ राय, प्रभारी यातायात सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। जनसहभागिता से जुड़े इस अभियान को स्थानीय लोगों ने भी सराहा और इसे नियमित रूप से चलाए जाने की मांग की।

# ट्रक ने पिता और 3 बच्चों को कुचला, मौके पर मौत

**अवधनामा संवाददाता**

- **बालू लदा ट्रक बैक कर रहा था ड्राइवर; रौंदते हुए पलट गया**

**प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में ट्रक से कुचलकर पिता समेत 3 बच्चों की मौत हो गई। बुधवार तड़के एक ट्रक निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस पर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार हादसे में सागर (14), शबनम (13) और संगम (10) की मौत हो गई है। परिजनों को सूचना दे दी है। ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी में यमुना पुल के पास रेलवे का निर्माणाधीन पावर हाउस है। मजदूर छोटेलाल का परिवार इसी पावर हाउस में काम करता था। बुधवार तड़के करीब 3 बजे पूरा परिवार झोपड़ी के बाहर सो रहा था। तभी बालू से लदा ट्रक वहां से गुजरा। परिवार के लोगों को रौंदता हुआ निकल गया।

नैनी के लेप्रोसी चौराहे के पास रेलवे का नया पावर हाउस बन रहा है। बुधवार सुबह हादसे की सूचना मिली। हादसे में 45 साल छोटेलाल और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। इसमें सागर (14), शबनम (13) और संगम (10) हैं। सभी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के खान सेमरी गांव का रहने वाले थे। नैनी थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया- जिस समय घटना हुई, ड्राइवर ट्रक को बैक कर रहा था। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है। ट्रक मालिक से संपर्क कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त वरुन कुमार का कहना है कि रात में डेढ़ बजे पुलिस को हादसे में 4 लोगों के मरने की सूचना मिली थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसमें ट्रक चालक को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# किसान यूनियन ने तहसील प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा, हमीरपुर।** बढ़ती गर्मी और ग्रामीण समस्याओं को लेकर बुधवार को किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील मौदहा में चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। यह ज्ञापन उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के नाम संबोधित था, जिसमें ग्रामीणों की जल संकट से लेकर सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार तक की समस्याओं को उठाया गया। ज्ञापन में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत मौदहा तहसील के गांवों में पेयजल व्यवस्था की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की गई। यूनियन ने बताया कि कई गांवों में पाइपलाइन अधूरी है, कहीं टोंटी लगी ही नहीं है, और पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए शीघ्र पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। साथ ही, नदी से दूर बसे गांवों में तालाबों को भरवाने और खराब पड़े सरकारी नलकूपों को शीघ्र दुरुस्त कर चालू कराने की बात भी प्रमुखता से रखी गई। गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों के साथ किसी भी प्रकार



के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रशासनिक निगरानी की मांग की गई है। मनरेगा योजना में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए यूनियन ने कहा कि मजदूरों के नाम पर मशीनों और ट्रैक्टरों से काम कराकर खातों में धनराशि भेजी जा रही है, जिसमें से मजदूरों को मात्र 5 प्रतिशत देकर बाकी धन की बंदरबांट हो रही है। इस गंभीर मामले की जांच की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद, राममिलन, रघुवंश निषाद, रामप्रकाश, रज्जू प्रसाद कुशवाहा, सुनील त्रिपाठी डंडा गुरु, श्याम सुंदर तिवारी सहित अन्य किसान और ग्रामीण शामिल रहे। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलनात्मक रुख अपनाया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| निविदा सं० | निविदा खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96245570B | 30.04.2025 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एंड टेस्टिंग ऑफ आटोमेटिक एंड कंप्यूटराइज्ड SCADA | 11 नग | www.ireps.gov.in |

पत्रांक– Sr.DMM/NR/TENDER/LKO/2024-25 दिनांकः-08.04.2025 1062/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **कार्य का नाम** : ओवरहालिंग ऑफ एस्कॉर्ट्स मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल. एच. बी. कोचेस। | |
| 02 | **कार्य स्थल** : सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | |
| 03 | **अनुमानित लागत** : रु. 4,30,58,560.00 मात्र। | |
| 04 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। | |
| 05 | **बिड सिक्युरिटी** : रु. 3,65,300/- मात्र। | |
| 06 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 02 वर्ष। | |
| 07 | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : दिनाँक– 15.04.2025 से 29.04.2025 समय 15:00 बजे तक। | |
| 08 | **प्रमाणपत्र** : फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure- A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | **खुलने का समय** : निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | **वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | |

सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-21 दिनाँक: 07.04.2025 1068/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में किया इजाफा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य कर्मचारियों के व्यापक हित के दृष्टिगत उन्हें प्राप्त होने वाले महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 53 प्रतिशत को 01 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत किए जाने का निर्णय लिया है।

यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि इस निर्णय से सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में वेतन आहरित करने वाले राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारी, कार्यप्रभारित कर्मचारी एवं यू0जी0सी0 वेतनमानों में कार्यरत लगभग 16 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

महंगाई भत्ते का माह अप्रैल, 2025 के वेतन के साथ (माह मई में भुगतान) किये जाने की स्थिति में माह मई, 2025 में 107 करोड़ रुपये तथा एरियर के भुगतान पर माह मई, 2025 में 193 करोड़ रुपये का अतिरिक्त नगद व्यय भार आएगा। ओ0पी0एस0 से आच्छादित कार्मिकों के जी0पी0एफ0 में 129 करोड़ रुपये जमा होंगे, तत्पश्चात माह जून, 2025 से प्रत्येक माह 107 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा।

ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में वेतन आहरित करने वाले कार्मिकों को 01 जनवरी, 2025 से मूल वेतन का 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा अनुमन्य दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान उसी तिथि से किया जाता है, जिस तिथि से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को अनुमन्य किया जाता है। तद्नुसार राज्य सरकार के कार्मिकों को वर्तमान में प्राप्त हो रहे महंगाई भत्ते की दर 53 प्रतिशत को 01 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# महाकुंभ से मिली सीख कि सृष्टि को चलाने वाला एक ही है: शर्मा

- महाकुंभ में 67 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने पर भी कहीं से भी कोई अप्रिय दुर्घटना नहीं हुई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 का आयोजन दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था, डिजिटली इम्पावर्ड इंडिया तथा सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था में हुआ है, जिसमें विकसित भारत की झलक दिखी। इसके पहले प्रयागराज व कुंभ मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर कोई कार्य नहीं हुआ। महाकुंभ की तकनीकी व्यवस्था, स्वच्छता की महक और बिजली की चमक से देश और प्रदेश की पूरी दुनिया में पहचान बनी। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व प्रेरणा और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाकुंभ का सफल आयोजन किया गया जो कि पूरी दुनिया के लिए नजीर बन गया। तीर्थराज प्रयाग को हम सबने मिल कर अद्भूत तीर्थराज बना दिया। उ0प्र0 के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने बुधवार को लखनऊ के रेनेसा होटल, गोमती नगर में इंडिया न्यूज चैनल और आई टी वी नेटवर्क के सहयोग से 'रियल हीरोज आफ महाकुंभ-2025' विषयक आयोजित कॉन्क्लेव में उपस्थित होकर यह बात कही। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में जाम से मुक्ति के लिए दर्जनों क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर बनाए गए।

सड़कों का चौड़ीकरण किया गया। संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पक्के घाटों का निर्माण किया गया। इसी प्रकार भरद्वाज ऋषि आश्रम, लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर, अक्षयवट कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर में निषादराजधाम, नागवासुकीधाम आदि स्थलों का विकास किया गया।

# धर्मपाल सिंह ने 30 अप्रैल तक भूसा और साइलेज टेण्डर प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने भूसा टेण्डर प्रक्रिया में देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 25 से 30 अप्रैल के बीच भूसा और साइलेज टेण्डर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कहीं से भूसे के अभाव में गोवंश के भूखे या बीमार होने की सूचना मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्रवाई होगी। सिंह बुधवार को पशुपालन निदेशालय में गोवंश संरक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने भूसा भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गोवंश के भरण-पोषण में कोई कमी न हो। गौ आश्रय स्थलों पर गोवंश को धूप और लू से बचाया जाए और शेड, साफ पानी, बिजली, हरा चारा और पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से गोवंशों व अन्य पशुओं को बचाने के लिए प्रदेश के सभी राजमार्गों के पास स्थित गांवों में पशुपालकों के पशुओं-गोवंशों के गले में रेडियम पट्टी पहनाने के लिए 20 अप्रैल से 20 मई तक एक महीने का विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने अमेठी, आगरा, कानपुर देहात, ललितपुर, सीतापुर, गोण्डा, हरदोई, मथुरा, झांसी, वाराणसी, चंदौली, प्रयागराज, गाजीपुर और देवरिया सहित अन्य जिलों में गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण में देरी और लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्रों व बन चुके केन्द्रों में अपेक्षित काम न करने पर सख्त निर्देश दिये। उन्होंने गौशालाओं के निर्माण, ईयर टैगिंग, संचारी रोगों से बचाव के लिए वैक्सीन और दवाइयों, भूसा भण्डारण के लिए दानदाताओं और स्वयंसेवी संगठनों की मदद लेने, नस्ल सुधार कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाने, वैक्सीनेशन की फीडिंग पशुधन ऐप पर करने के निर्देश सभी सीवीओ दिये। उन्होंने कहा कि लघु पशु पालन की योजनाओं का लाभ छोटे किसानों और पशुपालकों तक जरूर पहुंचाया जाए। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को तमाम कामों की समीक्षा करते हुए मंत्री को स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को मंत्री के निर्देशों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित करने और बैठक में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिये।

# स्थलीय भ्रमण और गोशालाओं की स्थिति और बेहतर करने पर जोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग की कोर समिति की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 8 अप्रैल 2025 को आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्षगण महेश शुक्ल और अतुल सिंह, सहित सभी माननीय सदस्यों रमाकांत उपाध्याय, राजेश सिंह सेंगर एवं दीपक गोयल की सक्रिय भागीदारी रही।बैठक में सभी सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि सिर्फ भ्रमण से गोशालाओं की स्थिति नहीं सुधरेगी। मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी सदस्यों को भ्रमण कर सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया है। ÷भ्रमण से कार्यवाही की संभावना बनती है और प्रबंधन पर एक अनुशासनात्मक दबाव पैदा होता है।÷ उपाध्यक्ष महेश शुक्ल जी ने कहा कि वर्तमान में बीडीओ के पास पूर्ण वित्तीय नियंत्रण होता है और नोडल पशुचिकित्साधिकारी होता है जिसे संशोधित किया जाना समीचीन होगा।

इससे पारदर्शिता व जवाबदेही दोनो सुनिश्चित होगी। किसी भी गोशाला को खोलने से पहले हरे चारे के लिए भूमि चिन्हित करना अनिवार्य होना चाहिए। केवल भूसा, चुन्नी और चोकर गोवंश के लिए पर्याप्त नहीं। बैठक में सुझाव दिया गया कि प्राकृतिक कृषि व गो आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, गोमूत्र व गोबर के संग्रहण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था की जाए। पंचगव्य उत्पाद, जैविक कीटनाशक एवं खाद का निर्माण आरंभ हो। प्राकृतिक कृषि बोर्ड में आयोग के सदस्य को मनोनीत किया गया है। 100 प्राकृतिक किसानों को ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाए। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत रूपये 50/गाय/दिन दिया जाता है।

# खरीफ-2025 की तैयारी पर कृषि मंत्री ने ली बैठक

- योजना अधिकारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश
- दो वर्ष तथा पांच वर्ष की रणनीति बनाकर कार्य करें अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा खरीफ सीजन-2025 की तैयारियों को लेकर बुधवार को कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि निदेशालय के सभागार में बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने खरीफ सीजन में उत्पादन, उत्पादकता तथा कृषि तकनीक के प्रभावी उपयोग, रबी सीजन की तैयारी की अग्रिम रणनीति बनाने के साथ-साथ कृषि विभाग के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।

खरीफ सीजन की तैयारी बैठक के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी किसानों को समय पर उचित मात्रा में बीज, खाद तथा कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निदेशालय के सभी उच्चाधिकारी जिलों में जाकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें, जिससे किसानों की वास्तविक समस्या को समझा जा सके। उन्होंने कहा कि हमें किसानों को क्रॉप शिफ्टिंग के लिए प्रेरित करते हुए प्रदेश में दलहन और उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ढैंचा के बीज तथा उचित मात्रा में जिप्सम किसानों को समय पर उपलब्ध कराया जाए।

रबी सीजन की तैयारियों को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दो वर्ष तथा पांच वर्ष के लिए व्यापक रणनीति बनाकर अभी से कार्य करना प्रारम्भ करें। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किये जाने वाली कार्यक्रमों में क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर, महिला किसानों के विशेष प्रोत्साहन, एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित कार्यक्रम विशेष रूप से शामिल किये जाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव रवीन्द्र ने कहा कि किसानों को लाइन सोइंग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। साथ ही समय-समय पर मृदा स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया जाना चाहिए। जिससे किसान अपने खेतों पर उपयुक्त फसल, उचित मात्रा में सिंचाई तथा उर्वरकों को प्रयोग कर सकें।

इस अवसर पर निदेशक मंडी इंद्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव कृषि ओपी वर्मा तथा टीके शिबू, कृषि निदेशक, निदेशक सांख्यिकी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उर्स हज़रत शेख़ उम्मेद अली वारसी आज से

**लखनऊ।** बरोज़ जुमेरात, शाम 7:00 बजे से 11:00 बजे तक, रजौली, लखनऊ में हज़रत शेख़ उम्मेद अली वारसी रहमतुल्लाह अलैह का यौमे उर्स और जश्न-ए-वारिस-ए-पाक का एहतमाम वारसी पैलेस के नज़दीक, वारसी रोड पर मौजूद दरगाह हज़रत शेख़ उम्मेद अली वारसी पर हर साल की तरह इस साल भी मनाया जाएगा।और मुल्क की गंगा-जमुनी तहज़ीब को एक नया चिराग़ देगा और वतन की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। इस मुबारक मौके पर ज़ायरीन और अकीदतमंदों की एक बड़ी तादाद शिरकत फरमाएगी। हज़रत शेख उम्मेद अली वारसी वारिस ए पाक के खास मुरीदों में से हैं। उनका विसाल वारिस ए पाक के साथ साथ हुआ था जिसे वारिस ए पाक ने सुना सुना साथ चलेंगे कह कर कुछ इस अंदाज में पहले ही तय फरमा दिया था।

### मुख्यमंत्री ने महावीर जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महावीर जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जारी एक बधाई संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान महावीर का सत्य एवं अहिंसा का सन्देश वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही हम सब मानवता की सेवा कर सकते हैं।

### मनरेगा के अन्तर्गत 4 लोकपालों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अनुमोदन के उपरांत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत कार्यालय ज्ञाप दिनांक 6 दिसम्बर 2021 द्वारा नियुक्त लोकपालों के सापेक्ष चार लोकपाल अतुल निगम (उन्नाव), उमेश कुमार तिवारी (बहराइच), राज बहादुर यादव (फतेहपुर) व नन्द लाल शुक्ल (बांदा) का कार्यकाल 01वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित लोकपाल द्वारा लोकपाल तथा अपीलीय अधिकरण सम्बन्धी भारत सरकार की गाइडलाइन दिनांक 20 मार्च 2023 के अनुसार प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जायेगा एवं राज्य सरकार को त्रैमासिक रिपोर्ट एवं वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। असन्तोष प्रदर्शन पर राज्य सरकार द्वारा लोकपाल कभी भी हटाये जा सकते हैं। लोकपाल के क्रियाकलापों के निष्पादन के लिए आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

### जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही: सरकार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तर, पूर्व और पश्चिम विधानसभाओं में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलनों में राज्यसभा सांसद प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा , वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, ओ.पी श्रीवास्तव , आनंद द्विवेदी ने अलग-अलग जगह सक्रिय सदस्य सम्मेलनों को संबोधित किया। पूर्व विधानसभा के इन्दिरानगर स्थित ब्लाक ए सरस्वती शिशु मन्दिर में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्या ने कहा कि गांवों के विकास, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही हैं।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन संघर्ष प्रेरणा का स्रोत: जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश के समस्त जनपदों में आयोजित किए जाने वाले राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत्त पर आधारित कार्यशाला का पोस्टर जारी किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय इतिहास में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का अहम योगदान है। वह मालवा क्षेत्र की शासक थी। उनका शासन दूरदृष्टि और न्यायप्रियता के लिए विख्यात था। उनका राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक तथा धार्मिक योगदान अविस्मरणीय है। उनकी दृष्टि व्यापक थी। उन्होंने निष्पक्ष रूप से देवालयों, सांस्कृतिक प्रतीकों का जीर्णोद्धार तथा नवनिर्माण कराया। उन्होंने पूरे भारत में सैकड़ों मंदिरों, धर्मशालाओं को पुनर्जीवन दिया। इसके अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर का भी पुनर्निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। पर्यटन मंत्री अपने शासकीय आवास 02 एम0एन0आर विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा प्रदेश के 75 जनपदों में आयोजित किए जाने वाले राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत्त पर आधारित कार्यशाला का पोस्टर जारी करने के अवसर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता तथा धर्म की रक्षा एवं लोक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जाना जाता है। जयवीर सिंह ने कहा कि उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 2025-26 के बजट में उनके नाम पर श्रमजीवी महिला हॉस्टल योजना संचालित करने की घोषणा की। श्रमजीवी महिलाओं के लिए वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर और झांसी में महिला हॉस्टल स्थापित किए जाएंगें। तत्कालीन राजनीति में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का महत्वपूर्ण का योगदान था। उन्होंने मंदिरों एवं धार्मिक प्रतीकों की रक्षा करने का साहस दिखाया। उन्हें महिला शक्ति का प्रतीक माना जाता है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का भारतीय इतिहास में दिये गए योगदान को हर समय स्मरण किया जाएगा। भारतीय परंपरा में नारी सशक्तिकरण के लिए उठाए गए उनके कदम साहसिक थे।

## गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान प्रारम्भ करेगी भाजपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के अन्तर्गत गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान प्रारम्भ करेगी। अभियान आगामी 10 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बाराबंकी सदर विधानसभा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कानपुर दक्षिण विधानसभा, ब्रजेश पाठक लखनऊ कैंट विधानसभा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह बाराबंकी सदर विधानसभा में अभियान के तहत जनसंपर्क करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, महापौर, आयोग-बोर्ड-निगम के अध्यक्ष व सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता हर दहलीज पर पहुंचकर दस्तक देगें। भाजपा पार्टी की विचारधारा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार का लेखा-जोखा लेकर लोकदरबार में पहुंचेगी।

# यात्रियों को मुहैया होगी बेहतर परिवहन सुविधा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि आज उ0प्र0 परिवहन निगम एवं मेसर्स आर0जी0 मोबिलिटी के मध्य वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। उन्होंने बताया कि अनुबंध के अनुसार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन रिवेन्यू शेयरिंग के आधार पर किया जायेगा। परिवहन निगम मेसर्स आर0जी0 मोबिलिटी से 2.5 से 2.7 प्रतिकिमी0 की दर से एडमिनिस्ट्रेटिब चार्ज लेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि कुल 50 नग वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा। लखनऊ-अयोध्या मार्ग, कानपुर-प्रयागराज मार्ग, अयोध्या-वाराणसी मार्ग, कानपुर-रायबरेली मार्ग एवं कानपुर-लखनऊ मार्ग पर क्रमशः 05 बसे, 10 बसे, 05 बसे, 15 बसे, 15 बसे संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को आरामदायक सफर का अनुभव प्राप्त होगा एवं पर्यावरण हितैषी होने के वजह से वातावरण को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा मुहैया होगी।

प्रबंध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर की उपस्थिति में परिवहन निगम की तरफ से मुख्य प्रधान प्रबंधक (टेक्निकल) एवं मेसर्स आर0जी0 मोबिलिटी की ओर से सर्गेई अलेक्जेंडरोविच के मध्य हस्ताक्षर किया गया।

# आईटीआई अलीगंज में टाटा मोटर्स का कैम्पस ड्राइव संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

- 92 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में आज मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ द्वारा कैम्पस ड्राइव /शिशिक्षु मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को मेहनत व लगन के साथ कार्य कर संस्थान का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि अनुज वर्मा से आग्रह किया कि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।

ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस कैम्पस ड्राइव में कुल 183 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 125 अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया हेतु अर्ह पाए गए। साक्षात्कार के उपरांत 92 अभ्यर्थियों को नौकरी का प्रस्ताव दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को शिशिक्षु के रूप में ?13,060 प्रतिमाह स्टाइपेंड तथा अस्थायी कामगार के रूप में ?14,827 प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जो अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में चयनित नहीं हो सके, वे 15 अप्रैल, 2025 को आयोजित होने वाले आगामी कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं।

रोजगार मेले की सफलता में अनुदेशक जिल्लुर रहमान, एचसीएल फाउंडेशन समर्थित ग्रे-सिम लर्निंग फाउंडेशन के विपिन विश्वकर्मा, रवि गौतम सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# मुसलमानों की हितैषी होने का नाटक कर रही भाजपा: शाहनवाज

- मोदी जी ने पहली बार सही बोला है कि आम मुसलमानों ने बंटवारे का समर्थन नहीं किया था

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्फ कानून को मुस्लिमों का हितैषी बताने के बयान की कड़ी निंदा की है। आलम ने कहा कि यह बेशर्मी की हद है कि जिस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं दिया वह जबरदस्ती मुसलमानों की हितैषी होने का नाटक कर रही है। आलम ने एक बयान में कहा कि हमेशा झूठ बोलने के आदी मोदी जी ने पहली बार सही तथ्य बोला है कि आम मुसलमानों ने बंटवारे का समर्थन नहीं किया था। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि बंटवारे के समर्थन में मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा एक साथ थे। सावरकर ने जिन्ना से पहले ही द्विराष्ट्रवाद का सिद्धांत देते हुए हिन्दुओं और मुसलमानों को अलग-अलग राष्ट्र बताया था। जो साबित करता है कि जिन्ना के साथ मोदी जी के आदर्श वी.डी. सावरकर ही असली टुकड़े-टुकड़े गैंग थे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इस अपराध के लिए देश से माफी मांगने की मांग की। आलम ने कहा कि मोदी जी ने यह सच्चाई भी नहीं बताई कि जब 1937 में पूरा देश कांग्रेस के नेतृत्व में अंग्रेजों से लड़ रहा था उस वक्त सिंध और नार्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस में मोदी जी के आदर्श और अंग्रेजों से माफी मांग कर जेल से बाहर आए सावरकर की पार्टी हिन्दू महासभा मुस्लिम लीग के साथ सरकार चला रही थी।

## अजय राय ने बिजली कर्मचारियों के निजीकरण विरोधी आंदोलन का किया समर्थन

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बिजली कर्मचारियों के निजीकरण विरोधी आंदोलन का समर्थन किया है। राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार का ध्यान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के बजाए बिजली निजी कम्पनियों को देने और विभाग के निजीकरण में अधिक है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंप सरकार पावर कारपोरेशन का निजीकरण करा रही है, जिससे महंगी बिजली का बोझ भी किसानों और गरीबों पर पड़ता है। राय ने कहा कि निजीकरण के बाद बिजली की दरें कई गुना बढ़ जाएंगी। किसानों को फ्री बिजली मिलना बंद हो जाएगी और आम आदमी को इस महंगाई के दौर में और अधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। उद्योगों और व्यापारों को महंगी बिजली मिलने से आखिर कार हर चीज महंगी होगी, जिसका बोझ आम आदमी को उठाना पड़ेगा। राय ने कहा कि सरकार का यह कदम जनविरोधी है और इसका विरोध होना ही चाहिए।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कैम्पेन शुरू किया

RELIANCE GENERAL INSURANCE

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस अपने लैटेस्ट अभियान, हेल्थ इंश्योरेंस मतलब रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को लॉन्च करने के लिए उत्साहित है, जिसमें कस्टमाइज करने योग्य हेल्थ प्लान, बीमा राशि का अनलिमिटेड रिफिल, महिलाओं और बच्चियों को छूट समेत कई अन्य सुविधाएँ शामिल हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस है आपके कवरेज का राइट च्वाइस- क्योंकि आपका हेल्थ सर्वश्रेष्ठ हासिल करने का हकदार है।

हेल्थ इंश्योरेंस सिर्फ़ सुरक्षा कवच से कहीं बढ़कर होता है; यह ऐसी जरूरी वित्तीय सुरक्षा है जो आपको चिकित्सा की आपात स्थितियों में भारी खर्चों से बचाती है। हेल्थकेयर के खर्च में लगातार वृद्धि होने के चलते, कोई अनुकूलित करने योग्य हेल्थ प्लान और अन्य सुविधाएँ देने वाले हेल्थ इंश्योरेंस प्लान मौजूद होने से, यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा और भलाई होगी।

रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश जैन ने इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में, हमारी प्रतिबद्धता होती है कि हम हमेशा अपने ग्राहकों को नए-नए और अनुकूलित करने योग्य स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करते हुए, उनकी सेवा को सर्वोपरि रखें। अपने लैटेस्ट कैम्पेन के बल पर, हम ऐसा व्यापक कवरेज प्रदान करने के अपने वादे को पुख्ता बना रहे हैं, जो वाकई हर व्यक्ति और परिवार के कल्याण को प्राथमिकता देता है।

एटम नेटवर्क द्वारा परिकल्पित इस फिल्म का लक्ष्य दर्शकों के मन में ऐसा कनेक्शन स्थापित करना है: कि जब वे हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में सोचें, तो केवल रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के बारे में ही सोचें। यह फिल्म बहुत ही अनोखे तरीके से रिलायंस जनरल का हेल्थ इंश्योरेंस न खरीदने और कोई ऐसा पाप करने के बीच तुलना करती है, जो सजा भुगतने के बराबर है।